सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 98, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## प्रेरणा पुञ्ज



# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता

**सुपुत्र स्व. बाबू बनारसी दास जी (पूर्व मुख्यमंत्री, उ.प्र.)**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मेयर लखनऊ, भारतीय बैडमिंटन संघ के पूर्व अध्यक्ष,
पूर्व उपाध्यक्ष, बैडमिंटन एशिया कंफैडरेशन, पूर्व उपाध्यक्ष, भारतीय ओलम्पिक संघ
संस्थापक चेयरमैन, बी.बी.डी. ग्रुप, हिन्दी दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ एवं उर्दू दैनिक कौमी खबरें

## पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि

(31 मार्च 1961–12 अप्रैल 2017)

गुणानेतानतीत्य त्रीन्देही देहसमुद्भवान्।
जन्ममृत्युजरादुः खैर्विमुक्तोऽमृतमश्नुते ॥

यह पुरुष शरीर की उत्पत्ति के कारणरूप तीनों गुणों से परे होकर जन्म, मृत्यु, जरा और दुःखों से विमुक्त हुआ अमृतत्व को प्राप्त होता है।

(गीता अध्याय 14 श्लोक 20)

BBD GROUP



## स्मृति शेष



# नहीं भुलाया जा सकता अखिलेश दास का विशाल व्यक्तित्व

...मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चला गया...! गीत शाहिर लुधियानवी का भले ही हो परन्तु इस गीत को अगर किसी ने जीवन में पिरोया था तो वह थे पूर्व केंद्रीय मंत्री व लखनऊ के पूर्व मेयर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश-प्रदेश को समर्पित कर दिया था। सामाजिक जीवन में सक्रिय योगदान देने वाले डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने आठ वर्ष पूर्व 12 अप्रैल 2017 दिन बुधवार को इस सांसारिक दुनिया से विदा ले ली। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का अकस्मात और असामयिक प्रयाण लोगों को असीम पीड़ा दे गया। पीएम से लेकर सीएम तक, राजनीतिक दलों के प्रमुखों से लेकर आईएएस और आईपीएस अफसरों तक, समर्थक से लेकर कार्यकर्ता तक उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सत्ता के शीर्ष नेताओं से लेकर अफसरशाही तक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के अंतिम दर्शन के लिये उमड़ पड़े, आवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। दलों की दूरियां मिटा कर हर दल के राजनेताओं ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को श्रद्धांजलि दी। सात वर्ष गुजर चुके हैं, डॉ. अखिलेश दास गुप्ता अब सशरीर भले ही इस सांसारिक दुनिया में न हो पर उनके चाहने वालों की कमी नहीं है। उनकी यादें एक टीस की तरह चुभती है...क्योंकि वह रिश्तों को निभाने की कूवत रखते थे, पुत्री की शादी हो तो पिता बन जाते थे, भाई के इलाज की बात हो तो वह बड़े भाई बन जाते थे, शिक्षा की बात होती थी तो वह एक अच्छे अभिभावक बन जाते थे। गरीब बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेना, तपती दोपहरी में लोगों की प्यास का ध्यान रखना, कड़कड़ाती ठंड में अलाव जलवाना, एम्बुलेंस की व्यवस्था करना, सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना उनका शौक था। शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में किये गए उनके उल्लेखनीय योगदान की जिम्मेदारी अब डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के पुत्र बीबीडी के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने बखूबी संभाल ली। स्मृतियों और संस्मरण को लेकर जब वॉयस ऑफ लखनऊ की टीम ने राजनेताओं, प्रशासनिक और पुलिस के अफसरों के साथ शिक्षाविदों और संस्कृति प्रेमियों से बात की तो लोगों ने कहा कि अखिलेश दास गुप्ता के जैसे महान, विशाल व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

प्रस्तुत है वॉयस ऑफ लखनऊ की टीम संजय धीमान, रूपक सान्याल, आशीष मौर्य, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल द्विवेदी, अनिल कुमार सिंह व समरेश पति त्रिपाठी की खास लोगों से बातचीत।



बतौर केंद्रीय राज्यमंत्री शपथग्रहण करते डॉ. अखिलेश दास गुप्ता। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने शपथ ग्रहण कराया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय मुलाकात करते डॉ. अखिलेश दास गुप्ता



केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डॉ. अखिलेश दास गुप्ता

## लखनऊ के विकास में डॉ. अखिलेश दास की रही अहम भूमिका

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास 12 मई 1993 से 30 नवंबर 1995 तक लखनऊ नगर निगम में मेयर भी रहे। अखिलेश दास का कार्यकाल बतौर नगर प्रमुख अंतिम कार्यकाल था। उनका लखनऊ और लखनऊ वालों से इस कदर लगाव था कि उन्होंने अपने मेयर के कार्यकाल में लखनऊ के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। यही वजह थी कि मेयर का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी वह लखनऊ को विकसित करने के लिए ही काम करते रहे। अपने कार्यकाल में और उसके बाद शिक्षा जगत और खेल क्षेत्र में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। यूनिवर्सिटी, कॉलेज और अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन अकादमी का निर्माण भी करवाया। पार्षदों को पहला पेजर देने वाले डॉ अखिलेश दास ही थे।

**पार्षद दल के नेताओं को दिया था पेजर**

डॉ. दास को ही नहीं उनके मेयर के कार्यकाल को उस समय के पार्षद आज भी भूले नहीं हैं। उस समय आज की तरह आपस में बातचीत करने के लिए मोबाइल की सुविधा नहीं थी। मेयर और पार्षदों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए उन्होंने निगम के पार्षद दल के नेताओं को पेजर उपलब्ध कराया था। उन्होंने तत्कालीन पार्षद विरोधी दल भाजपा से पार्षद रमेश कपूर बाबा को सबसे पहले पेजर दिया था। बाबा जब भी मिलते थे तो इस वाकये को याद



जरूर करते थे। हालांकि वह भी अब इस दुनिया में नहीं हैं।

**बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया**

डॉ. अखिलेश दास हर दिल अजीज व नेक इंसान थे। पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे होने के बाद भी हर किसी का दुख-दर्द बखूबी समझते थे। उन्होंने अपने मेयर के कार्यकाल में व्यापार के क्षेत्र में काफी काम किया। दारुलशफा के सामने लालबाग स्थित नगर निगम कार्यालय के पास अतिक्रमण को हटाकर गरीबों के लिए दुकानें बनवाई। उनका मानना था कि अतिक्रमण को हटाकर वहां पर दुकानों को बनाकर बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सकता है। अपने कार्यकाल में और उसके बाद शिक्षा जगत और खेल क्षेत्र में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। पार्किंग और ट्रैफिक सुधार की दिशा में भी काम किया। उनके ही कार्यकाल में अमीनाबाद में पहली भूमिगत पार्किंग का निर्माण हुआ था। तब से अभी तक यहां कोई पार्किंग नहीं बन सकी है। इस पार्किंग से यहां के कारोबारियों व ग्राहकों को ट्रैफिक जाम से राहत है।

**गोमती नगर में डा. अखिलेश दास गुप्ता मार्ग**

गोमतीनगर में अम्बेडकर चौराहे से हुसड़िया चौराहे तक का मार्ग डा. अखिलेश दास गुप्ता मार्ग के नाम से जाना जाता है। नगर निगम के प्रस्ताव पर सरकार से मंजूरी मिलने के बाद तत्तकालीन उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने मार्ग का लोकार्पण किया था। इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में लोगों ने डा. गुप्ता के योगदान को याद किया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. शर्मा ने कहा था कि उन्होंने राजनीतिक मतभेदों को अपने मधुर संबधों में कभी बाधक नहीं बनने दिया।

## कूट-कूट कर भरी थी जनसेवा : राजनाथ

केन्द्रीय रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री व पूर्व मेयर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों से उन्होंने कभी मुंह नहीं मोड़ा। जब किसी को भी जरूरत महसूस हुई वे आगे बढ़कर आये और उसकी मदद की। अखिलेश दास में जनसेवा, सामाजिकता कूट-कूट कर भरी थी। शिक्षा व खेल के विषय में उनकी जबर्दस्त दिलचस्पी थी। उन्होंने बताया कि वह एक विजनरी थे। देश-प्रदेश के विकास विशेषकर लखनऊ के लिए हमेशा अच्छा सोचना, देश का पहला निजी सेक्टर का इंजीनियरिंग कालेज स्थापित करना, बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी के साथ बैडमिंटन एसोसिएशन में उनकी प्रबंधकीय योग्यता ने बैडमिंटन खेल



को सशक्त बनाने के साथ उसके खाते में अनेक उपलब्धियां जोड़ी। वह अपने आइडियाज व क्रिएटिविटी पर हमसे खुलकर चर्चा करते थे। उन्होंने शिक्षण संस्थान की स्थापना धन अर्जन के लिए नही बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिये किया था। यह यूपी के लिए गौरव की बात है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गत वर्ष डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की भव्य आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे थे। बीबीडी ग्रुप के संस्थापक अखिलेश दास गुप्ता के साथ अपने सम्बन्धों व स्मृतियों का उल्लेख करते हुए कहा था कि बीबीडी विश्वविद्यालय को रिसर्च के लिए आगे बढ़ना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह अखिलेश दास का सपना भी था। शिक्षा के क्षेत्र में बीबीडी जैसा कैम्पस देकर उन्होंने प्रदेश के युवाओं को विभिन्न प्रकार की टेक्निकल शिक्षा के द्वार खोल दिए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के छात्रों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज विश्वसनीयता व चरित्र के संकट का युग है इस पर ध्यान देना होगा। यह कोई कठिन काम नही है।

## सभी वर्गों के कल्याण के लिए रहे तत्पर

यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि डॉ. अखिलेश दास सच्चे समाजसेवी व बेहद लोकप्रिय जननेता थे। वे सामाजिक जीवन के अजातशत्रु और राजनीति में दलों की सीमा से ऊपर के राजनेता थे। उनके द्वारा शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में किये गए योगदान को सदैव याद किया जायेगा। मेरे साथ उनका व्यक्तिगत स्नेह था। उन्होंने मेरे राजनीतिक सफर के दौरान समय-समय पर अनेक बार मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने न जाने कितने लोगों की मदद की। अखिलेश दास के जैसे महान विशाल व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लखनऊ के विकास के लिए उन्होंने नये आयाम स्थापित किये। वे जब केन्द्रीय मंत्री थे।



तो पूरे देश में ऐसी लोकप्रियता बनायी, जहां तक पहुंच पाना बहुत मुश्किल काम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खेल जगत में उनका बहुत बड़ा नाम था। बैडमिंटन को पूरे प्रदेश और देश में स्थापित करने वाले डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ही है। जिन्होंने गोमतीनगर जैसे इलाके में बड़ी अकादमी की नींव रखी। ऐसी शख्सियत को देश व प्रदेश कभी भूल नहीं सकता। डॉ. दास ने धर्म, जाति से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए भूमिका निभाई है। पाठक ने कहा कि लखनऊ उनका घर था, उन्हें चिंता थी की कोई गर्मी में प्यासा न रहे, ठंड से किसी की मौत न हो, बीमारी में एंबुलेंस मिले, किसी पुत्री की धनाभाव में शादी न रुके, वह ऐसे अभिभावक थे जिन्हें हर एक की चिंता थी। जीवन भर उन्होंने गरीबों, असहायों, वंचितों की सेवा की। उन्होने शिक्षा के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय योगदान दिया है वह सदैव याद किया जायेगा।

## डॉ. दास ने यूपी के हितों को संसद में किया बुलंद

**विशेष संवाददाता**

संसद के उच्च सदन में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता द्वारा 11 जुलाई 2014 को प्रस्तुत एक निजी विधेयक काफी चर्चा का विषय बना था। यह था संकटग्रस्त वरिष्ठ खिलाड़ी कल्याण विधेयक 2013। इसके तहत वे चाहते थे कि सरकार संकटग्रस्त वरिष्ठ खिलाड़ियों के जीवन निर्वाह के लिए वृद्धावस्था पेंशन, निःशक्तता सहायता, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और आवासीय व्यवस्थाओं के साथ कल्याणकारी उपाय के लिए संकटग्रस्त वरिष्ठ खिलाड़ी निधि की स्थापना करे। इस विधेयक में अखिलेशजी ने कहा था कि क्रिकेट, लान टेनिस और कुछ हद तक बैडमिंटन में खिलाड़ियों की अच्छी आय है लेकिन ऐसे भी खेल हैं जिनमें खिलाड़ियों को खास धन नहीं मिलता। कई बार मीडिया में ऐसी खबरें आती हैं



कि वरिष्ठ खिलाड़ी जीवन यापन के लिए रिक्शा चला रहे हैं। अथवा मजदूर या बैरे के रूप में काम कर रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि इस तरफ ध्यान दिया जाये। वे चाहते थे कि इसके लिए एक प्रारंभिक निधि 10 हजार करोड़ रुपए की स्थापित हो, जिसके लिए अंशदान का उपबंध भी हो। उन्होने इसका विस्तृत वित्तीय आकलन भी किया था। यह विधेयक तब खेल जगत और सांसदों के साथ मीडिया में काफी चर्चा में रहा।

एक वरिष्ठ सांसद जो इस समय दुनिया में नहीं हैं उन्होंने मुझसे कहा था कि डॉक्टर साहब खेल प्रशासक और खिलाड़ी होने के नाते यह विधेयक ला रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि संसद के सदस्य के तौर पर ऐसे विषयों को रखना उनकी आदत रही है। बहुत से ज्वलंत मसलो के साथ गरीबो और वंचित तबकों की आवाज के संसद के भीतर उपलब्ध तमाम नियमों और प्रक्रियाओं के तहत उठाते रहे हैं। इसमें निजी सदस्यो के विधेयक और संकल्प के तहत उन्होने जिस तरह के मुद्दों को उठाया वह खुद में एक अध्ययन का विषय है।

## डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार कर रहे विराज सागर दास

अखिलेश दास को राजनीति विरासत में मिली थी और अपने पिता बाबू बनारसी दास के सपनों को पूरा करने के लिए वे राजनीति में आये थे। ढाई दशक के राजनीतिक जीवन में वे लखनऊ के मेयर बने, 18 साल तक राज्यसभा के सांसद रहे और केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी बतौर मंत्री उन्होंने काम किया, लेकिन डा. अखिलेश दास दिल से एक खिलाड़ी थे और खेल में भारत को सुपर पावर बनते देखना चाहते थे। वे स्वयं बैडमिंटन के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शटलर थे और बैडमिंटन के विकास में उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया। उनके प्रयासों का ही प्रतिफल है कि आज बैडमिंटन क्रिकेट की तरह लोकप्रिय हो रहा है और बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक और विश्वकप जैसी प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर तिरंगे की शान को और चमका रहे हैं।

उन्होंने बैडमिंटन के विकास और इस खेल को भारत में लोकप्रिय बनाने के लिए अथक प्रयास किया और उनका प्रयास रंग भी लाया। बैडमिंटन



एसोसिएशन ऑफ इंडिया बाई के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश में नये बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया, पहले से बने कोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विकसित किया, खिलाड़ियों को विदेशों में प्रशिक्षण दिलावाया, उनके लिए नकद पुरस्कार के साथ प्रीमियर बैडमिंटन लीग शुरू किया ताकि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक खेलने का मौका मिले और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। राजधानी लखनऊ में भी उन्होंने बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी का निर्माण कराया जो विश्वस्तरीय अकादमी है और इसमें ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट से लेकर सभी प्रमुख राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खेल चुके हैं। बैडमिंटन के साथ उन्होंने क्रिकेट व अन्य खेलों को



भी बढ़ावा दिया। राजधानी में क्रिकेट प्रतियोगिताओं में मदद की, बीबीडी यूनिवर्सिटी में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कराया और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सभी खेलों के विकास के लिए अपने स्तर से भरसक प्रयास किया ताकि भारत वर्ष खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े। बैडमिंटन जिसके वे स्वयं अंतर्राष्ट्रीय शटलर थे, इसके प्रति उनका प्रेम जग जाहिर था। वे हमेशा बैडमिंटन के विकास, गांव-कस्बों तक बैडमिंटन को लोकप्रिय बनाने, स्कूल स्तर पर बैडमिंटन को बढ़वा देकर शटलरों की नयी पौध तैयार करने के लिए सरकार के स्तर पर, बैडमिंटन ऐसोसिएशन की तरफ से और निजी तौर पर भी हमेशा प्रयासरत रहे और अपने समय में ही बैडमिंटन में भारत को दुनिया का सुपर पावर बना दिया था। देश में जब भी खेलों का इतिहास लिखा जायेगा, तो भारतीय बैडमिंटन को दुनिया में सिरमौर बनाने के लिए डा. अखिलेश दास गुप्ता के अथक प्रयास स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होंगे। खेल में भारत को सुपर पावर बनाने के डा. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार करने के लिए उनके युवा पुत्र विराज सागर दास भी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं। विराज सागर दास बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया में उपाध्यक्ष, इंडियन ओलंपिक संघ के यूथ कमीशन के अध्यक्ष, यूपी ओलंपिक संघ एवं यूपी बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष के रूप में खेलों के विकास के लिए समर्पित हैं। युवा खेल प्रशासक के रूप में उनके प्रयासों से प्रदेश के कई नवोदित खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिला है। विराज सागर दास बैडमिंटन के साथ अन्य खेलों में के विकास के लिए भी समर्पित हैं।

सच, सिर्फ सच ** 
# वॉयस ऑफ लखनऊ
शनिवार, 12 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 98, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**सेंसेक्स में 1310 अंकों की उछाल**

अमेरिकी सरकार के फैसले से सेंसेक्स 1,310 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 429 अंकों की छलांग लगाई। } 14

**अमेरिका ने दुनिया के साथ जुड़ने के दृष्टिकोण को बदला**

जयशंकर ने वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने दुनिया के साथ जुड़ने के अपने दृष्टिकोण को मौलिक रूप से बदल दिया है। } 16

# पिछले 10 वर्षों में विकास को मिली नयी गति : मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में 3,880 करोड़ रुपये लागत की 44 परियोजनाओं की रखी आधारशिला

जिला संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता के लिए लालायित लोग केवल अपने परिवार को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि उनकी सरकार समावेशी विकास के विषय पर काम करती है।

अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 3,880 करोड़ रुपये की लागत की 44 परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, राष्ट्र की सेवा में हमारा मार्गदर्शक मंत्र हमेशा सबका साथ, सबका विकास रहा है। इसी भावना के साथ हम हर नागरिक के कल्याण के लिए आगे बढ़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, जो लोग सत्ता के भूखे हैं, वे दिन-रात राजनीतिक खेल खेलते हैं और वे लोग परिवार-केंद्रित विकास पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय क्षेत्र में कहा, सत्ता पाने के लिए खेल खेलने वाले लोग केवल अपने परिवार की






उन्नति में रुचि रखते हैं। उनका सिद्धांत परिवार का साथ, परिवार का विकास है। भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यह 50 वां काशी दौरा है। मोदी ने भोजपुरी में लोगों का अभिवादन करके अपने भाषण की शुरुआत की और दलित सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी तथा सामाजिक समानता और महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा आज सामाजिक चेतना के प्रतीक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी है। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले जी ने जीवन भर नारीशक्ति के हित, उनके आत्मविश्वास और समाज कल्याण के लिए काम किया। मोदी ने कहा कि आज हम उनके विचारों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि उनकी सरकार सर्वांगीण विकास पर ध्यान केन्द्रित करती है। उन्होंने कहा महात्मा ज्योतिबा फुले जी जैसे त्यागी, तपस्वी, महापुरुषों की प्रेरणा से ही देशसेवा का हमारा मंत्र सबका साथ-सबका विकास है। हम देश के लिए उस विचार को लेकर चलते हैं, जिसका समर्पित भाव है, सबका साथ-सबका ...शेष पृष्ठ 14 पर

### बदला काशी का कलेवर : मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता

वाराणसी। महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहली बार शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुए विकास से काशी का कलेवर बदल गया है और अब नई काशी और उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

#### सोना 6,250 उछलकर 96 हजार रुपये के पार

नयी दिल्ली। स्थानीय आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की भारी मांग के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 6,250 रुपये उछलकर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने के बीच मजबूत सुरक्षित निवेश विकल्प के तौर पर मांग बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमत अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। इससे घरेलू कीमतों को बढ़ावा मिला। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

#### ग्लाइड बम गौरव का सफल परीक्षण

नयी दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने सुखोई विमान के माध्यम से लंबी दूरी के ग्लाइड बम गौरव का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। गौरव 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है जिसे डीआरडीओ ने स्वदेशी तौर पर डिजाइन और विकसित किया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि आठ से 10 अप्रैल तक किए गए परीक्षणों में लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तक सटीक निशाना लगाने में सफलता मिली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गौरव के सफल विकास परीक्षणों के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और संबंधित उद्योग भागीदारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के ग्लाइड बम के विकास से सशस्त्र बलों की क्षमताओं में काफी वृद्धि होगी।

## 18 दिन की एनआईए हिरासत में तहव्वुर राणा

### राणा ने 26/11 की तरह अन्य भारतीय शहरों को निशाना बनाने की रची थी साजिश

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2008 के भीषण आतंकवादी हमलों के पीछे की बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए शुक्रवार को मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा से पूछताछ शुरू की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कहा है कि आरोपी तहव्वुर राणा ने 26।11 के मुंबई हमलों की तरह ही कई अन्य भारतीय शहरों को भी निशाना बनाने के लिए साजिश रची थी। एक सूत्र के अनुसार, माना जा रहा है कि एनआईए ने विशेष न्यायाधीश से कहा, उसकी (राणा की) लंबी हिरासत व्यापक पूछताछ के लिहाज से आवश्यक है, जिसका उद्देश्य साजिश की गहरी परतों को उजागर करना है। हमें संदेह है कि मुंबई हमलों में इस्तेमाल की गई चालों को अन्य शहरों में भी अंजाम देने की साजिश थी, जिसके बाद जांचकर्ताओं ने यह जांच की कि क्या इसी तरह की




साजिश कहीं और भी रची गई थी। दिल्ली की एक अदालत ने अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद राणा को 18 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद उसे शुक्रवार सुबह इस संघीय जांच एजेंसी के मुख्यालय लाया गया। सूत्रों ने बताया कि राणा को यहां सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## किश्तवाड़ में मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

### तीन आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना, तलाशी अभियान जारी

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में शुक्रवार को सुरक्षा बलों से हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि उधमपुर जिले में तीन आतंकवादियों के एक समूह का पता लगाने के लिए अलग से एक अभियान जारी है। सेना के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सुरक्षा एजेंसियों ने जम्मू क्षेत्र के पहाड़ी जिलों में विभिन्न स्थानों के बीच संभावित रूप से आवाजाही करने वाले आतंकवादियों की टोह के लिए निगरानी का दायरा डोडा जिले के भद्रवाह क्षेत्र तक बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने कहा कि जिले के चतरू वन क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना द्वारा संयुक्त रूप से खुफिया



जानकारी पर शुरू किये गये तलाश और नष्ट करने के अभियान के दौरान किश्तवाड़ में यह मुठभेड़ हुई। अभियान के दौरान जवान आतंकियों का पता चलाने में कामयाब रहे। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आतंकवादियों का प्रभावी ढंग से सामना किया गया और इस बीच गोलीबारी शुरू हो गई। अब तक एक आतंकवादी ढेर हो चुका है। उन्होंने कहा दुर्गम इलाके और प्रतिकूल मौसम के बावजूद, हमारे बहादुर सैनिकों का अभियान जारी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## चीन का अमेरिका को जवाब, 125 प्रतिशत बढ़ाया आयात शुल्क

एजेंसी

बीजिंग। चीन ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से सीमा शुल्क में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के बीच शुक्रवार को अपना पलटवार जारी रखते हुए अमेरिकी उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया।

इसके पहले अमेरिका ने चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर शुल्क को बढ़ाकर 145 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। हालांकि चीन ने सीमा शुल्क को लेकर छिड़े व्यापार गतिरोध को दूर करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत करने में भी दिलचस्पी दिखाई। चीन के सीमा शुल्क आयोग ने अमेरिकी आयात पर अतिरिक्त 125 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा अगर अमेरिका इससे भी अधिक शुल्क लगाता है तो उसका आर्थिक रूप से कोई मतलब नहीं होगा और आखिरकार वह विश्व आर्थिक इतिहास में एक मजाक के रूप में दर्ज होगा। आयोग ने कहा चीनी बाजार के लिए मौजूदा शुल्क स्तर पर अमेरिकी आयात को स्वीकार करना पहले से ही असंभव है। ऐसे में अगर अमेरिका हमारे उत्पादों पर और शुल्क लगाता है तो फिर चीन इसे अनदेखा कर देगा। इसके साथ ही सीमा शुल्क आयोग ने कहा कि अगर अमेरिका चीन के हितों को कमज़ोर करने में लगा रहता है तो चीन सख्त जवाबी कार्वाई करेगा और आखिर तक लड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क शनिवार से प्रभावी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नंदा राजजात यात्रा उत्तराखंड की धरोहर

### लोक उत्सव के रूप में मनायेगी उत्तराखंड सरकार : धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड सरकार वर्ष 2026 में प्रस्तावित नंदा राजजात यात्रा को लोक उत्सव के रूप में मनाएगी। इसके लिए नंदा देवी राजजात यात्रा का देश विदेश में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। भारतीय दूतावासों के माध्यम से भी संपूर्ण विश्व में नंदा देवी राजजात यात्रा को पहुंचाया जाएगा। यह विचार मुख्यमंत्री



राजजात यात्रा में उत्तराखंड की संस्कृति, परम्परा, वेशभूषा, वाद्य यंत्रों की छाप दिखनी चाहिए। इसके लिए संस्कृति विभाग को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्थानीय लोगों की यात्रा में अधिकतम सहभागिता हो और सरकार सहयोगी की भूमिका में रहे। नंदा देवी राजजात यात्रा से संबंधित अभिलेखों को संरक्षित किया जाएगा। यात्रा के अभिलेखों

पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में नंदा राजजात यात्रा की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए दिये। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उत्तराखंड की धरोहर है। अतः इस यात्रा के माध्यम से विदेशों से भी उत्तराखंड को जोड़ते हुए इसे ऐतिहासिक रूप देना है। उन्होंने कहा कि को लिखने एवं उनका संरक्षण गढ़वाल एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय की मदद से किया जाएगा। लोक कलाकारों के लिए इस प्रकार की व्यवस्था बनाई जाए, जिससे उनको लगातार भुगतान हो। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को यात्रा से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छत्तीसगढ़ में पहली सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई का भूमिपूजन

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में 1,143 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली पहली सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाई का शुक्रवार को भूमिपूजन किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने आज नवा रायपुर में देश की प्रसिद्ध सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनी पोलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के संयंत्र की आधारशिला रखी। यह कंपनी सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक है, जो छत्तीसगढ़ में।,143 करोड़ रुपये की लागत से एक बड़ा कारखाना स्थापित करेगी। उन्होंने बताया कि डेढ़ लाख वर्ग फुट में बनने वाले इस संयंत्र से 2030 तक सालाना 10 अरब चिप उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिनका उपयोग टेलीकॉम, 6जी, 7जी, लैपटॉप और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में किया जाएगा। इस संयंत्र की स्थापना से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा, यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है कि छत्तीसगढ़ में पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र की स्थापना का भूमिपूजन हुआ है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की नयी औद्योगिक नीति में सेमीकंडक्टर उद्योग को विशेष प्रोत्साहन दिए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से कंपनी को यहां निवेश में सफलता ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 39.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 24.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- धर्मपाल सिंह ने लांच किया डॉ. अंबेडकर मैराथन पोस्टर (पृष्ठ-02)
- ऐतिहासिक धरोहरों का होगा संरक्षण (पृष्ठ-02)
- मध्यप्रदेश में अमेरिका से भी अच्छी होंगी सड़कें (पृष्ठ-14)
- छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर कारखाना लगेगा (पृष्ठ-14)
- बैंक ऑफ बड़ौदा ने कर्ज पर ब्याज दर घटाई (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** बीबीडी यूनिवर्सिटी में 'अखिल ज्योत' के तहत डिजिटल विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर होगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी की पुण्य तिथि आज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व पूर्व मेयर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्य तिथि शनिवार को बीबीडी यूनिवर्सिटी में मनायी जायेगी। इस मौके पर बीबीडी यूनिवर्सिटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी की स्मृति में सुबह 10.30 बजे अखिल ज्योत-2025 के तहत डिजिटल विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुबह साढ़े दस बजे से ऑडीटोरियम में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया जायेगा। 12 बजे होटल सागर सोना और फॉक्सवैगन की टीम द्वारा होटल सागर सोना गोमतीनगर में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 8 वीं पुण्य तिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। 12.30 बजे कॉरपोरेट ऑफिस व सेन्ट्रल स्टोर, बीबीडी ग्रीन सिटी में मौन रखकर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। इसके बाद विराज कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड टीम द्वारा बीबीडी टाइम्स स्क्वायर में भंडारे का कार्यक्रम होगा। 3 बजे संत मदर टेरेसा आश्रम, सप्रू मार्ग हजरतगंज में सुश्री जयश्री प्रिया गुप्ता एवं अजयदीप द्वारा फल वितरित किया जायेगा। सायं 5.30 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौराहे के निकट विपिन खंड गोमतीनगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के बाद विशाल भंडारे का कार्यक्रम होगा। इसके बाद स्पर्श दरबारी व महेश चन्द्र राठौर द्वारा अलीगंज

> पहली बार हरिश्चन्द्र इंटर कालेज सदर बाजार खेल के मैदान में होगा विशाल इनामी कुश्ती दंगल



हनुमान मंदिर में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड होगा। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा। खेलों को लेकर उत्साहित रहने वाले डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर इस बार उनकी स्मृति में पहली बार हरिश्चन्द्र इंटर कॉलेज सदर बाजार के खेल के मैदान में विशाल इनामी कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है। जिसका संचालन पहलवान विवेक यादव (यूपी चैम्पियन) अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ, भारतीय पद्धति लखनऊ संचालक गुरुजी का अखाड़ा द्वारा किया जा रहा है। शहर में सुबह से ही पूजा-अर्चन के कार्यक्रमों के अलावा, फल वितरण, अन्य सामाजिक हितार्थ कार्यक्रम भी किए जायेंगे। शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का जन्म 31 मार्च 1961 में हुआ था। उन्होंने डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एलएलबी, एमबीए और पीएचडी (प्रबंधन) में स्कूली शिक्षा प्राप्त की थी। वह राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी थे और उन्होंने 1977 से 1983 तक उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। वे एक प्रसिद्ध शिक्षाविद और समाजिक कार्यकर्ता भी थे। उन्होंने वर्ष 1998 में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ के संस्थापक कुलपति के रूप में कार्य किया था। वे लखनऊ और दिल्ली में प्रबंधन, इंजीनियरिंग, दंत चिकित्सा विज्ञान, फार्मेसी, कानून, वास्तुकला ...शेष पृष्ठ 14 पर

> डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी की स्मृति में आयोजित होंगे कार्यक्रम लगेंगे भंडारे, वितरित होंगे फल

# माध्यमिक शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगे छात्र

## प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना विभाग की प्राथमिकता : माध्यमिक शिक्षा मंत्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य की दिशा में माध्यमिक शिक्षा विभाग प्रदेश गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, विद्यालयों के भौतिक एवं शैक्षिक स्तर पर सुधार और विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा से जोड़ने हेतु ठोस कदम उठा रहा है।

इसी क्रम में शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, लखनऊ में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक छात्र-छात्रा तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा केवल शैक्षिक दायित्व नहीं, बल्कि प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक समृद्धि की नींव है। 01 अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र आरंभ हो चुका है। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शैक्षिक सत्र के निर्धारित किए गए लक्ष्यो को समयबद्ध पूरा करने की रूपरेखा तैयार की गई हैं।

- नये शैक्षिक सत्र में नामांकन अभियान चलाया जायेगा

माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने मंडलीय और जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय निरीक्षण और अनुश्रवण की प्रक्रिया गंभीरता से अपनाई जाए। मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक स्तर से साप्ताहिक व मासिक समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाए, जिससे योजनाओं की प्रगति पर निरंतर नजर रखी जा सके। विद्यालयों में विशेष नामांकन अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्कूल से जोड़ा जा सके। मंत्री ने यह भी निर्देशित किया कि कक्षा-08 उत्तीर्ण कर चुके किसी भी विद्यार्थी को माध्यमिक शिक्षा से वंचित न रहने दिया जाए, इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग से समन्वय सुनिश्चित किया जाए।

गुलाब देवी ने कहा कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों की अप्रयुक्त भूमि का उपयोग खेल के मैदान, मिनी स्टेडियम, बागवानी केंद्र, डिजिटल पुस्तकालय, कौशल विकास केंद्र, ऑडिटोरियम तथा वेधशाला जैसे नवाचारयुक्त ढांचों के निर्माण के लिए किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को समग्र विकास के अवसर मिलेंगे। नवाचार को बढ़ावा देने हेतु प्रदेश के 101 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जा चुकी है। शेष विद्यालयों में चरणबद्ध कार्य जारी है। साथ ही 578 विद्यालयों में आईसीटी लैब स्थापित कर विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता से जोड़ा गया है।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को रोजगार के अनुकूल शिक्षा देने हेतु 635 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है। प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत 315 विद्यालयों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि राजकीय आईटीआई को स्किल हब के रूप में विकसित कर निकटवर्ती माध्यमिक विद्यालयों को जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। गोरखपुर जिले में कौशल प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण किया जा चुका है। तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु प्रदेश के 1236 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना का कार्य जारी है। विज्ञान शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए प्रथम चरण में 303 विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं और द्वितीय चरण में 18 विद्यालयों में प्रयोगशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। 488 विद्यालयों में पुस्तकालय कक्षों के निर्माण की योजना पर कार्य प्रगति पर है। विद्यार्थियों की सीखने की दक्षता का मूल्यांकन यूनिट टेस्ट के माध्यम से किया जा रहा है। साथ ही, प्रदेश के निजी विद्यालयों से प्राप्त प्रत्यावेदनों के परीक्षण व मान्यता की प्रक्रिया भी संचालित है।

अंत में मंत्री ने कहा कि शिक्षा से ही समृद्ध और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का निर्माण संभव है। इस दिशा में माध्यमिक शिक्षा विभाग की भूमिका निर्णायक है और अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करें।

इस अवसर पर विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा केके गुप्ता, उमेश चंद्र महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ महेंद्र देव, अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी, श्अजय कुमार द्विवेदी, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद भगवती सिंह सहित समस्त मंडलों के संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं उप शिक्षा निदेशक उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले ने स्त्री शिक्षा के लिए देश में खोला पहला स्कूल



विशेष संवाददाता (vol)

- सपा कार्यालय में महात्मा ज्योतिबा फुले की सादगी से मनायी गयी जयंती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में शुक्रवार को महान समाज सुधारक और क्रांतिकारी विचारक महात्मा ज्योतिराव गोविंद राव फुले (ज्योतिबा फुले) की 198वीं जयंती सादगी से मनायी गयी। महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने माल्यार्पण कर नमन किया।

अखिलेश यादव का कहना है कि 19वीं शताब्दी में भारत में जातिगत भेदभाव को चुनौती देने और महिला शिक्षा की वकालत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। दलितों, वंचितों को न्याय दिलाने के लिए सत्य शोधक समाज की स्थापना की थी। उनके अनुसार महात्मा ज्योतिबा फुले समाज में फैली कुप्रथा बाल विवाह और विधवा विवाह और अंध श्रद्धा के जाल से समाज को मुक्त करना चाहते थे। स्त्री शिक्षा के लिए उन्होंने देश में पहला स्कूल खोला। जिसमें उनकी पत्नी सावित्री बाई शिक्षण कार्य कर रही थी। उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों से हम सबको प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर अरविंद सिंह पूर्व सांसद, किरन पाल कश्यप एमएलसी, रामवृक्ष सिंह यादव पूर्व एमएलसी ने भी महात्मा ज्योतिबा फुले को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

इस कार्यक्रम में डॉ. राजवर्धन सिंह जाटव, डॉ. जयवीर पासी, मनीष सिंह प्रवक्ता, अभय सैनी, अकरम उर्फ बबलू, शिवशंकर लोधी आदि नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समृद्धि के लिए आधुनिक तकनीक अपनायें किसान

## उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चेतावनी
- एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के विस्तार और सामुदायिक खेती को बढ़ावा देने पर चर्चा

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को उद्यान निदेशालय के सभागार में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार गहन समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यान विभाग द्वारा किसानों की उत्तरोत्तर समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि उद्यान विभाग राज्य के किसानों को आधुनिक और लाभकारीकृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में योजनाओं के तहत हुए क्षेत्रफल विस्तार और प्रगति की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्यों को निर्धारित करने पर जोर दिया। प्रदेश में फूल, मसाला और औषधीय खेती की फसलों के क्षेत्रफल को जलवायु क्षेत्र के अनुरूप बढ़ाया जाए, जिसके लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि औद्यानिक खेती से कम क्षेत्रफल में अधिक उपज प्राप्त की जा सकती है, जो किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

श्री सिंह ने निर्देश दिया कि प्रचार-प्रसार और जागरूकता अभियान चलाकर योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने निदेशालय स्तर पर अनुभागवार समीक्षा करते हुए सभी योजना प्रभारियों को किसान हित में सकारात्मक और प्रभावी तरीके से योजनाओं को लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही, जनपदों से नियमित रिपोर्ट तैयार करने और सुधारात्मक कदम उठाने पर भी बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरणों का पक्ष ठीक से प्रस्तुत कर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, प्रदेश के सार्वजनिक और अलंकृत उद्यानों को और अधिक सुंदर बनाकर विभाग की छवि को मजबूत करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि कार्मिक बिना अवकाश स्वीकृति के मुख्यालय से बाहर नहीं रहें, ताकि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कम प्रगति वाले जनपदों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसान हित में लापरवाही बरतने वालों को किसी भी सूरत में माफ नहीं किया जाएगा।

# महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक न्याय के अग्रदूत : असीम अरुण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा भागीदारी भवन स्थित सभागार में महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 198वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, रामचंद्र कनौजिया, प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, डॉ. संजय गोंड, प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, कुमार प्रशान्त, निदेशक, समाज कल्याण विभाग के साथ विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में अरुण द्वारा भागीदारी भवन रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज से लगभग 200 वर्षों पूर्व सामाजिक, आर्थिक समानता एवं नारी शिक्षा के संबंध में जो योगदान एवं प्रेरणा महात्मा ज्योतिबा फुले जी ने दी वहीं हमें डॉ. आंबेडकर जी के माध्यम से भारतीय संविधान में दिखाई देती है। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने उनकी पत्नी माता सावित्री बाई फुले का भी स्मरण किया, जिन्होंने नारी शिक्षा एवं उनके कल्याण के लिए नई राह दिखाई। उन्होंने कहा कि हम सभी को उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए, जिससे सामाजिक न्याय को पूरा करने के महात्मा ज्योतिबा फुले जी के प्रयासों को आगे ले जा सकें।

# ठेकेदार निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पालन करें

## प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में ठेकेदारों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** यूपी सिडको द्वारा ठेकेदारों का एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश के अनुसार हुआ, जिसकी अध्यक्षता यूपी सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह ने की। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव, वेंकटेश्वर लू, प्रबंध निदेशक कुमार प्रशांत एवं स्वामी असंग देव इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे और प्रदेश भर में सैकड़ो की संख्या में कार्य कर रहे ठेकेदारों ने सहभागिता की। इस अवसर पर सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह ने कहा कि किसी व्यक्ति अथवा प्रतिष्ठान की सबसे बड़ी पूंजी उसकी साख होती है, जो भी प्रतिष्ठान उसको ध्यान में रखकर कार्य करते हैं वह उच्च शिखर पर पहुंचते हैं।

यूपी सिडको की पंच लाइन है गुणवत्तापूर्ण कार्य, समय सीमा के अंदर पारदर्शिता के साथ करना, यह यूपी सिडको की आत्मा है। इसको ध्यान में रखते हुए सभी ठेकेदारों को अपने कार्य पूर्ण करने होंगे। क्या कारण है कि ठेकेदार जब अपना घर बनाता है, तो अच्छी गुणवत्ता एवं सुंदरता का ध्यान रखते हुए बनाता है, जब वही ठेकेदार सरकारी भवन तैयार करता है तो वह इन सभी चीजों को दर किनार करते हुए निम्न कोटि का भवन तैयार करता है।

उन्होंने कहा मुखमंत्री ने अपेक्षा की है कि हाई राइज बिल्डिंग तथा बिल्डिंग जल्दी बनें इसके लिए आईआईटी जैसे प्रतिष्ठानों से कोलाबोरेशन किया जाए। ठेकेदारों को अपने दायित्व के प्रति सजग होकर यूपी सिडको द्वारा दिए गए कार्यों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करना होगा। प्रमुख सचिव वेंकटेश्वर लू ने कहा कि मनुष्य को आध्यात्मिक जीवन से प्रेरणा लेकर अपने इस क्षेत्र में कार्य करना होगा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों अथवा ठेकेदारों से अपेक्षा की है कि वह गुणवत्तापूर्ण कार्य करके देश एवं प्रदेश को मजबूत करने का कार्य करें।

प्रबंध निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा तकनीकी का प्रयोग कर उच्च कोटि का भवन समय को ध्यान रखते हुए निर्माण करना होगा। मुख्य अभियंता एके निर्मल, केजी दुबे एवं नेतराम ने भी ठेकेदारों से तकनीकी का इस्तेमाल करके अच्छी बिल्डिंग बनाने की अपील की।

# मौसम प्रभावित किसानों की मदद करे सरकार : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बेमौसम बारिश ओलावृष्टि, आंधी और आकाशीय बिजली गिरने से प्रदेश के दर्जनों जिलों में लगभग दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत और पशुओं की मौतों के अलावा गेहूं आदि फसलों के भारी नुकसान पर गहरी चिंता जतायी है।

अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेंहू के साथ ही आम और मक्का की फसलों को लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सीतापुर, अमेठी, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती समेत अन्य जिलों में किसानों का काफी नुकसान हुआ है। किसान के गेहूं की कटाई और मड़ाई अभी चल ही रही है ऐसे में ओलावृष्टि के साथ बेमौसम बरसात खेती किसानी के लिए कहर बनकर आ गया।

गेहूं की फसल बर्बाद हो गयी। पैदावार पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार पीड़ित किसानों को फसलों के नुकसान और आकाशीय बिजली से मौतों पर परिजनों को पर्याप्त मुआवजा दे। आकाशीय बिजली गिरने से फिरोजाबाद, मेरठ, गाजीपुर, आजमगढ़, फतेहपुर, कन्नौज, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर में मौते हुई है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में खेती किसानी करना पहले से भी महंगा हो गया है। किसान संकट में है। उन्हें खाद, बीज, पानी महंगा मिल रहा है। फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही है। ऊपर से प्राकृतिक आपदा और दुखदायी है। संकट की इस घड़ी में सपा किसानों और पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। सपा की मांग है कि सरकार किसानों की मदद करें। पहले की तरह सिर्फ खानापूर्ति न करें। किसानों को तत्काल राहत दिलाए।

# फिरोजाबाद के 19 पर्यटन स्थलों का होगा विकास : जयवीर

## सुंदरीकरण की परियोजनाओं के लिए 34.73 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ऐतिहासिक जनपद फिरोजाबाद स्थित विभिन्न मंदिरों, प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के निर्माण के लिए 34 करोड़ 73 लाख रुपए की 19 परियोजनायें वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत की गयी हैं। इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। फिरोजाबाद सुहाग नगरी के नाम से मशहूर है तथा आगरा के समीप होने के कारण देश-विदेश से सैलानी सालभर आते रहते हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए प्राचीन ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों पर पर्यटन विकास की सुविधायें विकसित करने का निर्णय लिया गया है। परियोजनाओं को समय से पूरा कराने की जिम्मेदारी उप्र प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लि. को सौपी गयी है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य सेक्टर के अंतर्गत स्वीकृत इन परियोजनाओं के अंतर्गत फिरोजाबाद के ग्राम हुसैनपुर स्थित शिव वाटिका का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कराया जायेगा। इसके अलावा साभौर बाबा मंदिर क्षेत्र के पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं का विकास सिद्ध बाबा मंदिर भारौल का पर्यटन विकास, नारखी धौकल के प्राचीन देवर्षि नारद मुनि मंदिर का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण, सिरसागंज हैबतपुर रोड स्थित ओमकारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में वेद उपवन का निर्माण कार्य कराया जाना है।

जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार वन खंडेश्वर महादेव मंदिर कोटवा विकासखंड नारखी फिरोजाबाद का पर्यटन विकास, उखरैंड में वन खंडेश्वर मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, ग्राम सीगेमई में प्राचीन माता मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, श्री महाकालेश्वर मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, राम नगर स्थित महराज मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, फिरोजाबाद स्थित छदामी लाल जैन मंदिर का पर्यटन विकास, नारखी स्थित बजरंग आश्रम का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास तथा गौंच स्थित राधाकृष्ण मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कराया जायेगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार जनपद फिरोजाबाद के तहसील सिरसागंज स्थित जरू द्वारा स्थल का पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण, हिम्मतपुर वाली मैया का पर्यटन विकास, विधानसभा क्षेत्र जसराना देखई देखईया मंदिर महराज का पर्यटन विकास, टुण्डला स्थिल रूधउ-पहाड़पुर में स्थित प्राचीन सनातन मंदिर का पर्यटन विकास, विधानसभा क्षेत्र जसराना में पैढ़त स्थित चकलेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास तथा विधानसभा क्षेत्र जसराना में स्थित मां कामाख्या मंदिर का पर्यटन विकास कराया जायेगा।

इन कार्यों के लिए बृजेश सिंह, अभय सिंह पर्यटन मंत्री, हरिश्चन्द्र ब्रहमचारी, डा. गुरूदत्त सिंह, शैलेन्द्र सिंह, वीरू धाकरे, शिव कुमार सिंह, भूरे, गोविन्द भदौरिया, देवसिंह लोधी प्रधान, पर्यटन विभाग, अमरदीप सिंह, अजयवीर सिंह, शिशुपाल सिंह बंगाली तथा विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने प्रस्ताव किया था। इसके अलावा जिला योजना में जिलाधिकारी फिरोजाबाद ने चार परियोजनाओं के लिए प्रस्ताव किया था।

# विभिन्न दलों के नेताओं ने थामा रालोद का दामन




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर शुक्रवार को प्रदेश महासचिव राजीव रंजन के नेतृत्व में फरुर्खाबाद से आये सैकड़ों सपा, बसपा व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रालोद के नव मनोनीत राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे का स्वागत व अभिनंदन करते हुए उनके मनोनयन के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए रालोद में शामिल होने का निर्णय लिया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के समक्ष और राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे की उपस्थिति में प्रदेश महासचिव राजीव रंजन के अथक प्रयासों से फरुर्खाबाद के सपा, बसपा और सामाजिक संगठनों के तमाम लोगों ने रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए रालोद की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से विश्वप्रकाश चतुर्वेदी, अजित पटेल, ललित पटेल, रीता सिंह, जयप्रकाश कठेरिया, अविनेन्द्र सिंह गंगवार, राजेश गंगवार, कन्हैया वर्मा, दीपू राठौर, विनय सिंह, आकाश सिंह सहित सैकड़ों लोग शामिल थे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, तराई क्षेत्र के अध्यक्ष पीके पाठक, रालोद नेता आमिर साबिरी मौजूद रहे।

# फर्जी अनुभव के आधार पर किया करोड़ों का काम, जांच के हुए आदेश

## पीडब्ल्यूडी में फर्जी अनुभव के आधार पर करोड़ों का काम करने वाले की जांच करेंगी दो समितियां

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में फर्जी अनुभव के आधार पर करोड़ों का ठेका लेकर काम की गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों पर मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस की नीति को धताकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मेहरबान दिख रहे है। जिसके कारण विभाग लगातार ऐसे कृत्यों को लेकर चर्चा में बना हुआ है।

इसी सिलसिले में एक और प्रकरण सामने आया है, जिसमें कूटरचित दस्तावेजों के जरिये पहले करोड़ों के काम कराये गये और जांच होने पर दोषी साबित होने पर भी विभाग की ओर से कार्रवाई के नाम पर केवल लीपापोती ही की जा रही है जबकि शिकायत कर्ता की ओर से कार्रवाई की मांग उठायी गयी है। जिस पर विभाग की ओर से दो समिति गठित की गयी है। फिलहाल जांच पूरी होगी या नहीं यह भी विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

- समितियों को आरोपी फर्म की एक सप्ताह में देने होगी रिपोर्ट

मामला लोक निर्माण विभाग मे आलोक कंस्ट्रक्शन, गोंडा प्रोपराइटर राकेश पाण्डेय के विरुद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से व्यक्तिगत मिलकर धनणीधर सिंह की ओर से दिये गये शिकायती पत्र में फर्जी अनुभव के आधार पर कराये गये रजिस्ट्रेशन की जांच कराकर कार्यवाही किये जाने का है। फर्जी अनुभव के आधार पर लोक निर्माण विभाग में आलोक कंस्ट्रक्शन द्वारा निविदा डालकर अपनी फर्म पर करोड़ों के कार्य लिये गये। शिकायत की जांच मुख्यालय परिवाद के पूर्व सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता से मिलीभगत करके मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायत को विलोपित करने का प्रस्ताव भिजवाया गया था लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय से पुनः माह फरवरी, 2025 को दोबारा सघन परीक्षण करने के लिए पत्रावली विभाग को वापस कर दी है।

आलोक कंस्ट्रक्शन द्वारा फर्जी अनुभव के आधार पर कराये गये पंजीकरण से लेकर वर्तमान में गोंडा के उच्चाधिकारियों से मिलकर अपनी फर्म पर करायें गये भुगतान व एस्टिमेट्स बनाने में किए गए खेल आदि अनेकों अनियमितताओं का उजागर करके शिकायतकर्ता कनक पाठक, लीगल एडवाइजर द्वारा जनहित-राजस्व हित के लिए प्रमुख अभियंता (विकास) विभागाध्यक्ष को पत्र दिया गया। इस पर प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष ने मुख्य अभियंता, गोण्डा से आख्या मांगी है। इसके लिए मुख्य अभियंता, देवीपाटन (गोण्डा) अखिलेश कुमार दिवाकर ने दो जांच समितियां बनायी है। दोनों जांच समितियों में अधीक्षण अभियंता नव नियुक्त योगेन्द्र सिंह को रखा गया है। साथ ही इसमें एक-एक अधिशासी अभियंता और एक-एक सहायक अभियंता को शामिल किया गया है। समिति को अपनी जांच रिपोर्ट एक सप्ताह में देनी है। दोनों समिति में एक गोण्डा वृत्त और दूसरी श्रावस्ती वृत्त से बनायी गयी है।

बता दें कि यह विभाग मुख्यमंत्री के पास है, ऐसे में अभी हाल में ही टेंडर्स में अनियमितायें करने को लेकर लगे आरोपों को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा मुख्य अभियंता व अधीक्षण अभियंता को हटा दिया गया था। अब जाचं के दायरे में आलोक कंस्ट्रक्शन है और बताया जा रहा कि जांच नव नियुक्त अधिकारियों को दी गयी है, जिन पर सप्ताह भर में जांच आख्या देने का दायित्व भी है। ऐसे में वर्षो से चले आ रहे खेल का पर्दाफाश होने को लेकर विभाग में चर्चाओं का बाजार गरम है।

### जांच में फर्म ब्लैकलिस्ट फिर भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

केवल यह एक मामला नहीं है यह तो बानगी भर है ऐसा ही मामला लोक निर्माण विभाग मुख्यालय से शालिनी दिक्षित, जालौन का भी है। जिसमें उनके द्वारा फर्जी अभिलेख मुख्यालय में जमाकर पंजीकरण कराया गया था। सूत्र की मानें तो यह पंजीकरण तत्कालीन पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष के कहने पर हुआ था। फिलहाल शालिनी दिक्षित की फर्म जांच के बाद ब्लैकलिस्ट हो चुकी है। शिकायतकर्ता द्वारा फर्जी कूटरचित दस्तावेज सरकारी विभाग में लगाकर कराये गये रजिस्ट्रेशन के लिए मुकदमा दर्ज करके आपराधिक कार्यवाही करने की मांग भी की गयी है। जानकारी के अनुसार विभाग में एक शीर्ष पदस्थ अधिकारी के कहने पर फर्म के खिलाफ कार्यवाही रोकी गयी है।

# रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी समूहों की दीदियां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ते हुए रेशम क्लस्टर विकसित किये जायेंगे। समूहों के मध्य से रेशम सखियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। इस तरह स्वयं सहायता समूहों की दीदियां रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी और रेशम सखी के रूप में काम करके अपनी आमदनी बढ़ायेंगी। इस कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री के निदेशों के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग द्वारा 50,000 स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को आगामी पाँच वर्षों में रेशम उत्पादन से जोड़ने हेतु अनुबंध किया जा चुका है।



इस मसौदे व अनुबंध की अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। शहतूत रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने हेतु 14 सदस्यीय दल जिसमें राज्य, जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय मिशन प्रोफेशनल सम्मिलित हैं, को 24 से 26 मार्च, 2025 के मध्य तीन दिवसीय एक्सपोजर विजिट केंद्रीय रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर, कर्नाटक में आयोजित किया जा चुका है।

टसर रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने हेतु जनपद सोनभद्र से 17 सदस्यीय दल, जिसमें रेशम सखी एवं मिशन स्टाफ सम्मिलित हैं, को 26 से 28 मार्च, 2025 के मध्य तीन दिवसीय एक्सपोजर विजिट केंद्रीय टसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राँची, झारखंड में आयोजित किया जा चुका है।

# हनुमान जन्मोत्सव आज, घरों व मंदिरों में होगी विशेष पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हनुमान जन्मोत्सव हिंदू धर्म में एक पवित्र पर्व है, जो भगवान हनुमान के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार संकट मोचन हनुमान जी आज भी धरती पर विद्यमान हैं और भक्तों के कष्टों को हरने वाले देवता माने जाते हैं। हर साल यह पर्व चैत्र माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस दिन श्री राम और हनुमान जी का सच्चे मन से स्मरण करने से जीवन के सभी संकट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस वर्ष 12 अप्रैल 2025 को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पूर्णिमा तिथि 12 अप्रैल को सुबह 3:21 बजे से शुरू होकर 13 अप्रैल सुबह 5:51 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। अगर हम प्रिय राशि को चढ़ावे या दान के रूप में देखें, तो हनुमान जी को कुछ खास चीजें अत्यंत प्रिय मानी जाती हैं। आप हनुमान जी को चमेली के तेल में मिश्रित सिंदूर से चोला चढ़ा सकते हैं। यही नहीं, साथ में गरमा-गरम बूंदी के लड्डू भी चढ़ा सकते हैं। प्रसाद के रूप में आप गुड़ और चने का भोग लगा सकते हैं और लाल वस्त्र और फूल अर्पित कर सकते हैं। इसके साथ ही आप राम नाम का जाप भी जरूर करें।

**हनुमान जन्मोत्सव का महत्व:** भगवान हनुमान शक्ति, भक्ति और अटूट विश्वास के प्रतीक हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनकी पूजा करने से भय, नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों का नाश होता है। इस दिन हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ करना विशेष लाभकारी माना जाता है।

**साल में दो बार आता है हनुमान जन्मोत्सव:** हनुमान जन्मोत्सव साल में दो बार आता है। उत्तर भारत में चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। कहते हैं कि इस दिन हनुमान जी का अवतरण हुआ था। वहीं, दक्षिण भारत में कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि इस दिन भगवान हनुमान को देवी सीता ने अमर होने का वरदान दिया था।

**पूजा विधि:** सबसे पहले मंदिर में घी की ज्योत प्रज्वलित करें। इसके बाद हनुमान जी का गंगा जल से अभिषेक करें। अभिषेक करने के बाद एक साफ वस्त्र से हनुमान जी की प्रतिमा को पोछें। अब सिंदूर और घी या चमेली के तेल को मिला लें। इसके बाद हनुमान जी को चोला चढ़ाएं। चोला चढ़ाने से पहले हनुमान जी को जनेऊ पहनाएं। सबसे पहले हनुमान जी के बाएं पांव में चोला चढ़ाएं। हनुमान जी को चोला चढ़ाने के बाद चांदी या सोने का वर्क भी चढ़ा दें। चोला चढ़ाने के बाद आप हनुमान जी को नए वस्त्र पहनाएं। इसके बाद हनुमान जी की आरती भी अवश्य करें। हनुमान चालीसा का एक से अधिक बार पाठ करें। हनुमान जी को भोग भी लगाएं।

## राशि अनुसार हनुमान जी को चढ़ाएं ये चीजें

**मेष राशि:** मेष राशि के लोगों को हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी को लाल चोला अर्पित करना चाहिए।

**वृषभ राशि:** वृषभ राशि के जातक को भगवान हनुमान को दूध से बनी चीजें चढ़ानी चाहिए।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि के जातक को बजरंगबली को मीठे पान का भोग लगाना चाहिए।

**कर्क राशि:** कर्क राशि के जातक को तुलसी की माला वीर हनुमान को अर्पित करनी चाहिए।

**सिंह राशि:** सिंह राशि के जातक को नारंगी चोला भगवान हनुमान को चढ़ाना चाहिए।

**कन्या राशि:** कन्या राशि के लोगों को पवन पुत्र को गंगाजल से अभिषेक करना चाहिए।

**तुला राशि:** तुला राशि के लोगों को हनुमान जी को पंचामृत चढ़ाना चाहिए।

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि के जातक को वीर हनुमान को लड्डूओं का भोग लगाना चाहिए।

**धनु राशि:** धनु राशि के जातक को हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी को तुलसी पत्र अर्पित करने चाहिए।

**मकर राशि:** मकर राशि के लोगों को हनुमान जी को शमी पत्र चढ़ाने चाहिए।

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि के जातक को भगवान हनुमान को केले का भोग लगाना चाहिए।

**मीन राशि:** मीन राशि के जातक को वीर बजरंग बली को बेसन के लड्डुओं का भोग लगाना चाहिए।



## बजरंगबली के श्रृंगार संग जगह-जगह होंगे सुंदरकांड पाठ व भंडारे





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के हनुमान मंदिरों में विशेष सजावट की गई है। शनिवार को बजरंगबली के जयकारों के बीच विशेष आरती होगी। हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें सिंदूर अर्पित किया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में सोमवार से ही सुबह नौ बजे से अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ।

हनुमान सेतु मंदिर के आचार्य ने बताया कि आज सुबह दस बजे से हनुमानजी का अभिषेक षोडशोपचार पूजन, हवन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। भोर पांच बजे से ही मंदिर का पट खोल दिया गया है। सुबह छह बजे पवनपुत्र हनुमान की आरती में सैकड़ो भक्त शामिल हुए। आज दोपहर में हनुमान जी की विशेष आरती भी की जाएगी। उसके बाद रात आठ बजे आरती की जाएगी।

पक्का पुल के पास लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में सुंदरकांड का संगीतमय पाठ होगा। हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया है। वहीं भंडारा एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। अलीगंज के नए और पुराने हनुमान मंदिर के अलावा गुलाचिन मंदिर में भी श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए भोर से मंदिरों में जुट गए हैं। बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी विशेष पूजन होगा। हजरतगंज के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, आलमबाग के मौनी बाबा मंदिर के साथ ही शहर भर के हनुमान मंदिरों में भक्तों की कतार लगी हैं।

**इन मंदिरों में होंगे आयोजन:**

बाबा नीब करौरी वेद कर्मकांड शिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि हनुमान सेतु मंदिर में इस उत्सव की शुरूआत शुक्रवार से हो जाएगी। उस दिन सुबह 9 बजे से रामचरितमानस का अखंड पाठ शुरू किया जाएगा। पांच अप्रैल को पाठ के समापन पर भगवान श्रीराम मारुति यज्ञ के साथ भजनों का कार्यक्रम होगा। मुख्य कार्यक्रम 12 अप्रैल को होगा। उसमें हनुमान महाराज का अभिषेक, पूजन, आरती, भोग अर्पित करने के बाद लड्डू का वितरण प्रसाद के रूप में किया जाएगा। दोपहर 11 बजे से भजन कार्यक्रम और शाम चार बजे से सुंदरकाण्ड का पाठ होगा। भीड़ को देखते हुए परिक्रमा पथ से प्रवेश कर गणेश द्वार से निकास की व्यवस्था की गई है।

अलीगंज पुराने हनुमान मंदिर के महंत गोपाल दास की अगुआई में सुबह 6 से दोपहर 12 बजे तक और शाम 4 से 10 बजे तक दर्शन किए जा सकेंगे। वहां हनुमान महाराज का फूलों और चंदन से श्रृंगार पूजन किया जाएगा। भंडारा दोपहर 12 बजे भोग के बाद शुरू हो जाएगा। अलीगंज के नए हनुमान मंदिर में राकेश दीक्षित ने बताया कि मंदिर में हनुमान जी का फूल और फलों से श्रृंगार किया जाएगा। साथ ही हनुमान महाराज को खासतौर से मलयागिरि चंदन का टीका लगाया जाएगा। मंदिर में पूजन के साथ भंडारा भी होगा।

चौक पक्का पुल के पास पातालपुरी लेटे हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी और सचिव पंकज सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में 101 महिलाएं 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ करेंगी। जन्मोत्सव में सुबह 5 से रात 10 बजे तक दर्शन किए जा सकेंगे। सुंदरकांड के पाठ संग मंदिर में भंडारा भी लगाया जाएगा।

**हनुमान जयंती पर होगा 108 बार हनुमान चालीसा पाठ:** सनातन महासभा द्वारा 12 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा पर 137वी आदि गंगा मा गोमती महाआरती व सनातन समागम का आयोजन झूलेलाल घाट पर शाम 6 बजे किया जायेगा। अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि 07 मंचो से भव्य महाआरती हरिद्वार की तर्ज पर संतो के समागम के साथ होगी। अध्यक्ष डा प्रवीण ने बताया कि चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या के साथ भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत परिधान प्रतियोगिता का आयोजन होगा। नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत संकल्प और लाल ब्रिगेड द्वारा जन समस्या समाधान शिविर के साथ दिव्यांगजनो को उपकरण वितरण हेतु रजिस्ट्रेशन शिविर, विधवा/वृद्धा पेंशन शिविर, नशा व मानसिक रोग मुक्त शिविर और महिला समाजसेवियों को सनातन शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। 11 विशेष धर्म विस्तार में संलग्न लोगो को कृपाण धारण कराया जाएगा। कार्यक्रम का आरंभ श्री हनुमान जयंती पर 108 बार श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद अप्रैल में सम्राट अशोक जयंती व संविधान रचयिता भारत रत्न बीआर अंबेडकर जयंती पर माल्यार्पण करके होगा।






## फोक फ्यूजन कला प्रदर्शनी में झलकी भारतीय लोक कलाओं की छटा



लखनऊ। लखनऊ के हजरतगंज मेट्रो स्टेशन में एक भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय लोक कलाओं की जीवंतता और समृद्धता को बखूबी प्रस्तुत किया।

इस कला प्रदर्शनी में बच्चों ने मधुबनी, थंका, गोंड आर्ट, पट्टचित्रा, और पिचवाई जैसी पारंपरिक भारतीय कलाओं पर काम किया। खास बात यह रही कि सभी चित्रों को प्राकृतिक रंगों से तैयार किया गया, जिससे बच्चों में पारंपरिक तकनीकों के साथ-साथ सस्टेनेबिलिटी (स्थायित्व) के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न हुई। सभी चित्रों के फ्रेम भी पर्यावरण के अनुकूल संसाधनों से बनाए गए थे। इस पूरे प्रोजेक्ट पर छात्रों ने एक महीने से अधिक समय तक मेहनत की, जिसके परिणामस्वरूप कला का एक सुंदर संगम प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रशांत मिश्रा (डायरेक्टर ऑपरेशंस) द्वारा किया गया। उनके साथ मंच पर मौजूद रहे त्रदीप खरे, सुदीप सिंह, पंचानन मिश्रा, हितेश चंदना। कार्यक्रम में एक विशेष आकर्षण रहा भारतीय शास्त्रीय संगीत का लाइव प्रदर्शन, जिसने पूरे माहौल को और भी संगीतमय बना दिया। कला प्रदर्शनी न सिर्फ एक रचनात्मक प्रयास था, बल्कि यह विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव का प्रतीक भी बन गई। कुल मिलाकर यह प्रदर्शनी अत्यंत सफल और सराहनीय रही।

## शायरा उपमा आर्य 'सहर' के गजल संग्रह' न जाने कब ' का विमोचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




लखनऊ। मानव एकता साहित्यिक मंच द्वारा आयोजित हिन्दी संस्थान के निगला सभागार में शायरा उपमा आर्य 'सहर' के गजल संग्रह 'न जाने कब' का विमोचन शायर राम प्रकाश 'बेखुद' की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शायर संजय मिश्रा 'शौक थे।

इस अवसर पर मेहमानों ने माँ सरस्वती की मूर्ति पर माल्यापण व दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा सरस्वती वन्दना का दायित्व वरिष्ठ कवियत्री डॉ० शोभा दीक्षित 'भावना' ने निभाया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष शायर राम प्रकाश 'जिखुद ने कहा कि उपमा आर्य 'सहर' गजल के मिजाज को अच्छी तरह समझती हैं और अपनी गजलों में सामाजिक न्याय की बात करती हैं और उन समस्याओं का समाधान भी बताती हैं। मुख्य अतिथि शाचर संजय मिश्रा 'शौक' ने अपने वक्तव्य में कहा कि उपमा आर्य 'सहर' गजल के फन से अच्छी तरह वाकिफ हैं, शिल्प का अच्छा ज्ञान रखती हैं, और अपनी गजलों से समाज में एक नया चेतना जगाने का कार्य करती हैं। इस अवसर पर उपमा आर्य 'सहर' ने काव्य पाठ में सुनाया कि किया ऐलान जारी है सितारों तुम तो सो जाओ, कि हम पर वक्त भारी है, सितारों तुम तो सो जाओ। करूँ मंजर कशी तो खून आँखों से टपकता है लुटी बेटी कुँवारी है, सितारों तुम तो सो जाओ...जैसी कविताएं सुनायी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य ओम नीरव, शिव भजन सिंह 'कमलेश', भूपिन्दर सिंह, मनोज कुमार शुक्ल, श्रीमती मंजू सक्सेना, शिव मंगल सिंह आदि के अलावा शहर के अन्य कवि और शायर मौजूद थे। इस अवसर पर सभी शायरों और कवियों का 'राम किशोर एवं राज कुमारी स्मृति साहित्य गौरव सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि अरविन्द झा ने किया तथा अतिथियों का सम्मान उपमा आर्य 'सहर', संस्था के उपाध्यक्ष दीनबन्धु आर्य तथा संस्था के अध्यक्ष सरवर लखनवी द्वारा किया गया, और धन्यवाद ज्ञापन दीनबन्धु आर्य ने दिया।

## युवा कलाकारों संग ईशा मीशा ने पेश किया सूफी कथक



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रथम अखिल भारतीय हैंडबॉल क्लस्टर के समापन अवसर पर 35वीं वाहिनी पीएसी महानगर मैदान में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई।

सांस्कृतिक संध्या में रतन बहनों ईशा-मीशा और साथियों रिद्धिमा श्रीवास्तव, अंशिका पाठक, शैलेन्द्र और मोहित सोनी ने सूफी कलाम- मेरा मुर्शीद खेले होली... पर भावपूर्ण सूफी कथक की समवेत प्रस्तुति दी। इससे पहले गीत- होली आई रे.. पेश कर दर्शकों को होली के उल्लास से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विजय अग्निहोत्री और ज्योति मिश्रा के संचालन में संजोली पाण्डेय के लोक रंगों में रचे गीत व नृत्य से हुआ। इसके अलावा बारिश बैंड, आईपीएस हरीश कुमार, संदीप शर्मा, सेनानायक बबिता साहू, प्रमोद प्रभाकर टम्टा, मोनिका सिंह, संदीप कुमार, जाह्नवी, निताक्षी, पुलिस माडर्न स्कूल के बच्चों और भातखंडे विश्वविद्यालय के मोहित कपूर के दल ने भी दर्शनीय प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर डीजीपी प्रशांत कुमार और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मनोरंजन के साथ शिक्षा भी दे रहा अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव

- अभिनेत्री सुश्री रेनिता कपूर एवं अभिनेता अतुल श्रीवास्तव व सनी राज कपूर ने बढ़ाई रौनक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव में 102 देशों की बेहतरीन शिक्षात्मक फिल्मों से प्रेरणा लेने पधारे छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों ने आज एक स्वर से कहा कि सी.एम.एस. का यह बाल फिल्मोत्सव अनूठा है जो किशोर व युवा पीढ़ी को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने के साथ ही जीवन मूल्यों व चारित्रिक उत्कृष्टता की शिक्षा भी दे रहा है।

अभिभावकों का कहना था कि हर चीज किताबों से या घर पर नहीं सीखी जा सकती। देश-विदेश की इन बाल फिल्मों में जीवन के विविध आयाम समाये हुए हैं जो छात्रों को सही व गलत का चुनाव करने की योग्यता प्रदान करेंगे। इस सात-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में 102 देशों की 400 से अधिक शिक्षात्मक बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जा रही हैं। बाल फिल्मोत्सव के पाँचवे दिन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन समारोह से हुआ तथापि सी.एम.एस. छात्रों ने शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की अनुपम छटा बिखेरकर नैतिक व चारित्रिक उत्कृष्टता का संदेश दिया। इस अवसर पर फिल्म से जुड़ी प्रख्यात हस्तियों अभिनेत्री सुश्री रेनिता कपूर एवं अभिनेता श्री अतुल श्रीवास्तव व सनी राज कपूर ने अपनी उपस्थिति से समारोह की रौनक में चार-चांद लगा दिये और छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। आई.सी.एफ.एफ.-2025 के अन्तर्गत देश-विदेश की बाल फिल्मोत्सव का प्रदर्शन सी.एम.एस. कानपुर रोड के मेन ऑडिटोरियम के साथ ही सात मिनी आडिटोरियम में चल रहा है। विभिन्न देशों की अलग-अलग भाषाओं में बनी फिल्मों का अंग्रेजी व हिन्दी अनुवाद भी फिल्म के साथ-साथ ही चलता रहता है जिससे बच्चे आसानी से फिल्म के कथानक को समझ सकें। चूँकि इन फिल्मों में कोई शुल्क नहीं है, ऐसे में गरीब-अमीर सभी बच्चे एक साथ एक छत के नीचे बैठकर जीवन मूल्यों की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। बाल फिल्मोत्सव में आज बाल फिल्मों का प्रदर्शन ईमान कादरी द्वारा निर्देशित रूस की बाल फिल्म मारवा एण्ड द मून से हुआ। इसके अलावा, योर लाइफ नाऊ फॉर योर चिल्ड्रेन, बापू के साथ, व्हेअर द व्हाइट क्रेन्स डान्स, व्हिस्पर ऑफ द फारेस्ट, सोप बबल्स, मिरेकल एट क्रिसमस नाइट, समर डायरी, अगर मगर किन्तु लेकिन परन्तु, विरासत, अहसास, देयर इज नो वन हियर, प्योर मैजिक, लाइफ इज ब्यूटीफुल एवं सही राह जैसी अनेकों मनोरंजक व शिक्षात्मक बाल फिल्मों का प्रदर्शन हुआ। बाल फिल्मोत्सव में आज द रेनबो माडल स्कूल, लालबाग गर्ल्स इण्टर कालेज, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आर्मी पब्लिक स्कूल, ईशाबेला थोबर्न कालेज एवं केन्द्रीय विद्यालय समेत 40 विद्यालयों से पधारे लगभग 12000 छात्रों ने शिक्षात्मक बाल फिल्मों से प्रेरणा ग्रहण की। बाल फिल्मोत्सव में आज फिल्म जगत से जुड़ी हस्तियों ने एक प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से मुलाकात की और अपने विचार व्यक्त किये।

## हनुमान जयंती पर बांटे मटके, हनुमत महोत्सव 26 से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हनुमान जयंती के अवसर पर एक दिन पूर्व शुक्रवार 11 अप्रैल को हनुमत सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय द्वारा जरूरतमंदों में मिट्टी के मटकों का वितरण मड़ियांव क्षेत्र किया गया। इसके माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि मटके के शीतल जल से जहां लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहेगा वहीं गर्मियों में मटका दान का अनुसरण करने वाले दाता, के घर में भी सुख-समृद्धि आएगी और लक्ष्मी जी की कृपा हमेशा बनी रहेगी। सेवा भाव को महत्व देते हुए विवेक, न केवल कुष्ठ रोगियों की सेवा अमावस्या पर भोजन और दवा दान करके कर रहे हैं बल्कि निःशुल्क हनुमत पाठशाला का संचालन करके जरूरतमंदों बच्चों का भविष्य भी संवार रहे हैं।

इस क्रम में शुक्रवार को विवेक पाण्डेय ने अपने सदर स्थित समिति के प्रधान कार्यालय में श्री राम हनुमत महोत्सव के निमंत्रण कार्ड का विमोचन भी किया। प्रथम निमंत्रण कार्ड प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हनुमत सेवा समिति की ओर से श्री राम हनुमत महोत्सव का आयोजन 26 और 27 अप्रैल को शाम 04:30 बजे से अशोक मार्ग स्थित बलरामपुर गार्डन में किया जा रहा है।

प्रेमकांत तिवारी के संचालन में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठान होंगे। इस दौरान लिम्का और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कृष्ण कुमार चौरसिया द्वारा विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। शनिवार 26 अप्रैल को महोत्सव का आरंभ शाम 4:30 बजे मंगलाचरण से होगा। इस क्रम में शाम 04:45 बजे नई दिल्ली के विश्वविख्यात स्वर सम्राट, भक्ति भूषण आदरणीय अजय याग्निक द्वारा सुण्दरकाण्ड का सस्वर सामूहिक पाठ किया जाएगा। उसके उपरांत रात्रि 08:00 बजे मनोकामना बैलून प्रार्थना और रात्रि 08:05 बजे हनुमत कृपा सम्मान का वितरण किया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यो के लिए विभिन्न विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। रात्रि 8:30 बजे सुमधुर भजन गायक धर्मेंद्र मधुर और हरिद्वार के समूह द्वारा हनुमत भजनों पर, पुष्पांजली अर्पित की जाएगी।

# धनबाद, चंडीगढ़ और शाहगंज के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है।

इसके तहत गाड़ी संख्या 04219/04220 (शाहगंज-अयोध्याधाम-शाहगंज) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी दोनों दिशाओं में 90-90 फेरे लगाएगी तथा यात्रा के दौरान इस गाड़ी का ठहराव मलिपुर, अकबरपुर, गोसाईंगंज स्टेशनों पर होगा।इस गाड़ी में सिर्फ सामान्य श्रेणी के कोच होंगे।

गाड़ी संख्या 04219 (शाहगंज से अयोध्याधाम के लिए प्रस्थान) 12 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक दिन चलाई जाएगी। यह ट्रेन शाहगंज स्टेशन से रात्रि 22:35 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन प्रातः 01:40 बजे अयोध्याधाम स्टेशन पर पहुंचेगी। इस ट्रेन का मंडल के स्टेशनों पर आगमन एवं प्रस्थान का निर्धारित समय के तहत मालीपुर में रात 23:01 बजे आकर रात 23:03 बजे प्रस्थान करेगी। अकबरपुर में रात 23:24 जबे आकर रात 23:26 बजे प्रस्थान करेगी तथा गोसाईंगंज में रात 23:34 बजे आकर अगले दिन रात 00:11 प्रस्थान करेगी।

वापसी में यही गाड़ी संख्या 04220 अयोध्याधाम से शाहगंज के लिए प्रस्थान 12 अप्रैल से 10 जुलाई तक प्रत्येक दिन चलाई जाएगी। यह ट्रेन अयोध्याधाम स्टेशन से रात्रि 02:10 बजे प्रस्थान कर ग ोसाईंगंज रात 02:44 बजे आकरि 02:46 प्रस्थान कर अकबरपुर में रात 03:10 बजे पहुंचकर रात 03:12, बजे प्रस्थान कर मालीपुर में रात 03:38 आकर 03:40 प्रस्थान कर उसी दिन प्रातः 04:40 बजे शाहगंज स्टेशन पर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 03311/03312 (धनबाद-चंडीगढ़-धनबाद) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी दोनों दिशाओं में 22-22 फेरे लगाएगी। गाड़ी संख्या 03311 धनबाद से चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान 15 अप्रैल से 27जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को चलाई जाएगी। यह ट्रेन धनबाद जंक्शन से रात्रि 23:50 बजे प्रस्थान करेगी और इस ट्रेन का वाराणसी में प्रातः 07:45 बजे आकर 07:50, प्रस्थान कर लखनऊ दोपहर 13:45 बजे आकर 13:55 प्रस्थान कर तीसरे दिन प्रातः 03:30 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी।

वापसी में यही गाड़ी संख्या 03312 चंडीगढ़ से धनबाद के लिए 17 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक गुरुवार एवं रविवार को चलाई जाएगी। यह ट्रेन चंडीगढ़ से प्रातः 06:00 बजे प्रस्थान कर लखनऊ शाम 19:10 बजे आकर 19:20 प्रस्थान कर वाराणसी मध्य रात्रि 00:45 बजे आकर 00:50 प्रस्थान कर और अगले दिन प्रातः 09:00 बजे धनबाद जंक्शन पर पहुंचेगी।

इस ट्रेन का यात्रा के दौरान इस गाड़ी का ठहराव नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जंक्शन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अंबाला कैंट स्टेशनों पर होगा। इस गाड़ी में वातानुकूलित गरिब रथ श्रेणी के कुल 18 कोच होंगे।गाड़ी संख्या 03313/03314 (धनबाद - चंडीगढ़ - धनबाद) गाड़ी संख्या 03313 धनबाद से चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान 12 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शनिवार को चलाई जाएगी। यह ट्रेन धनबाद जंक्शन से रात 23:50 बजे प्रस्थान कर वाराणसी प्रातः 07:45 बजे आकर 07:50 बजे प्रस्थान कर लखनऊ दाहप 13:45 बजे आकर 13:55 प्रस्थान कर तीसरे दिन प्रातः 04:30 बजे चंडीगढ़ पहुंचेगी। वापसी में यही गाड़ी संख्या 03314 (चंडीगढ़ से धनबाद के लिए प्रस्थान) 14 से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को चलाई जाएगी। यह ट्रेन चंडीगढ़ से प्रातः 06:00 बजे प्रस्थान करेगी और लखनऊ शाम 19:10 बज आकर 19:20 पर प्रस्थान कर वाराणसी मध्य रात्रि 00:45 बजे आकर 00:50 रात बजे प्रस्थान कर अगले दिन प्रातः 09:00 बजे धनबाद जंक्शन पहुंचेगी।

ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी दोनों दिशाओं में 12-12 फेरे लगाएगी तथा यात्रा के दौरान इस गाड़ी का ठहराव नेताजी सुभाष चन्द्र बोस गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जं., सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाज़ियाबाद, दिल्ली, पानीपत, अंबाला कैंट स्टेशनों पर होगा। इस गाड़ी में वातानुकूलित एवं पावर कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

**ग्रीष्मकालीन अवकाश पर यात्रियों को विशेष ट्रेनें देंगी राहत:** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा हेतु 04414/04413 दिल्ली-सहरसा-दिल्ली आरक्षित विशेष गाड़ी का संचलन दिल्ली से 11, 12, 14 एवं 18 अप्रैल को तथा सहरसा से 12, 13, 15 एवं 19 अप्रैल को 04 फेरे के लिये किया जायेगा। 04414 दिल्ली-सहरसा आरक्षित विशेष गाड़ी 11, 12, 14 एवं 18 अप्रैल को दिल्ली से 15.20 बजे प्रस्थान कर कानपुर सेंट्रल से 21.35 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज जं. से 00.45 बजे, वाराणसी जं. से 03.20 बजे, गाजीपुर सिटी से 05.25 बजे, बलिया से 06.25 बजे, सुरेमनपुर से 07.25 बजे, छपरा से 08.50 बजे, सोनपुर से 10.00 बजे, हाजीपुर से 10.15 बजे, बरौनी से 12.25 बजे तथा खगड़िया से 13.30 बजे छूटकर सहरसा 16.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04413 सहरसा-दिल्ली आरक्षित विशेष गाड़ी 12, 13, 15 एवं 19 अप्रैल कोसहरसा से 20.00 बजे प्रस्थान कर खगड़िया से 21.45 बजे, बरौनी से 23.00 बजे, दूसरे दिन हाजीपुर से01.10 बजे, सोनपुर से 01.22 बजे, छपरा से 03.40 बजे, सुरेमनपुर से 04.25 बजे, बलिया से 05.10 बजे, गाजीपुर सिटी से 06.20 बजे, वाराणसी जं. से 08.35 बजे, प्रयागराज जं. से 11.05 बजे तथा कानपुर सेंट्रल से 13.20 बजे छूटकर दिल्ली 20.10 बजे पहुँचेगी।इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 10, शयनयान श्रेणी के 07 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे। जबकि 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस-बनारस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट अनारक्षित साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन बांद्रा टर्मिनस से 17, 24 अप्रैल, 01, 08, 18, 22, 29 मई, 05, 12, 19 एवं 26 जून दिन प्रत्येक बृहस्पतिवार को तथा बनारस से 18, 25 अप्रैल, 02, 09, 19, 23, 30 मई, 06, 13, 20 एवं 27 जून दिन प्रत्येक शुक्रवार को 12 फेरों के लिये किये जाने की सूचना पूर्व में जारी की गई थी। कुछ स्टेशनों पर इस विशेष गाड़ी के स्टेशनों एवं आगमन तथा प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है।09029 बांद्रा टर्मिनस-बनारस सुपरफास्ट अनारक्षित साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी बनारस से 17, 24 अप्रैल, 01, 08, 18, 22, 29 मई, 05, 12, 19 एवं 26 जून को बांद्रा टर्मिनस से 04.30 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 05.03 बजे, बोईसर से 05.57 बजे, वापी से 06.37 बजे, भेस्तान से 07.35 बजे, चलथान से 08.02 बजे, नन्दूरबार से 09.45 बजे, भुसावल से 12.15 बजे, खण्डवा से 14.35 बजे, इटारसी से 18.25 बजे, पिपरिया से 19.18 बजे, नरसिंहपुर से 20.24 बजे, मदन महल से 22.00 बजे, कटनी से 23.35 बजे, दूसरे दिन सतना से 00.55 बजे, परिवर्तित समय पर मानिकपुर से 02.18 बजे, प्रयागराज छिवकी से 03.30 बजे तथा मिजार्पुर से 04.50 बजे छूटकर बनारस 07.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 09030 बनारस-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट अनारक्षित साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 18, 25 अप्रैल, 02, 09, 19, 23, 30 मई, 06, 13, 20 एवं 27 जून को परिवर्तित समय बनारस से 09.00 बजे प्रस्थान कर मिजार्पुर से 10.22 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11.50 बजे, मानिकपुर से 13.15 बजे, सतना से 14.35 बजे, कटनी से 16.05 बजे, मदन महल से 17.15 बजे, नरसिंहपुर से 18.42 बजे, पिपरिया से 20.02 बजे, इटारसी से 21.40 बजे, दूसरे दिन खण्डवा से 00.25 बजे, भुसावल से 02.15 बजे, नन्दूरबार से 05.30 बजे, चलथान से 08.04 बजे, भेस्तान से 08.32 बजे, वापी से 09.52 बजे, बोईसर से 10.38 बजे तथा बोरीवली से 11.32 बजे छूटकर बांद्रा टर्मिनस 12.15 बजे पहुंचेगी।

## कई के मार्ग बदले तो कई ट्रेनों के स्टेशन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु आधारभूत संरचना के विस्तार के क्रम में कुसम्ही-गोरखपुर कैंट-गोरखपुर जं. तीसरी लाइन परियोजना के अन्तर्गत गोरखपुर स्टेशन-गोरखपुर कैंट के मध्य तीसरी लाइन के प्रावधान के परिप्रेक्ष्य में नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण पूर्व अधिसूचित मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं पुनर्निर्धारण में परिवर्तन किया गया है।

मार्ग परिवर्तन के तहत छपरा से 16, 18, 21, 23, 25, 28, 30 अप्रैल एवं 02 मई को चलने वाली 15109 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-सीवान-भटनी-औंड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज जं., कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जायेगी। बांद्रा टर्मिनस से 19 एवं 20 अप्रैल को चलने वाली 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन समाप्त कर दिया गया है। यह गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग से चलाई जायेगी।

गोरखपुर से 13, 20, 27 अप्रैल एवं 04 मई को चलने वाली 07076 गोरखपुर-हैदराबाद विशेष गाड़ी को गोमतीनगर से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर शार्ट ओरिजिनेट किया जायेगा।साबरमती से 17, 19, 24, 26 अप्रैल एवं 01 मई को चलने वाली 19409 साबरमती-गोरखपुरएक्सप्रेस का निरस्तीकरण समाप्त कर, संचलन बहाल कर दिया गया है। यह गाड़ी साबरमती से 240 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी तथा 24, 26, एवं 01 मई को साबरमती से चलने वाली 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर बस्ती स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। गोरखपुर से 19, 21, 26, 28 अप्रैल एवं 03 मई को चलने वाली 19410 गोरखपुर-साबरमतीएक्सप्रेस का निरस्तीकरण समाप्त कर, संचलन बहाल कर दिया गया है तथा 26, 28, एवं 03 मई को गोरखपुर से चलने वाली 19410 गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर बस्ती से चलाई जायेगी।

# ट्राला खड़े कंटेनर से टकराया, दो की मौत

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राजधानी के लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर ट्राला खड़े कंटेनर से भिड़ गया। इससे पास में खड़े दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि ट्राला ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया गया कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी।

बीकेटी तहसील के रामपुर बेहडा गांव के पास हादसा हुआ। मृतकों की पहचान खीरी के नैमिष और माल थाना क्षेत्र के विपिन रावत के रूप में हुई है। कंटेनर में बोरिंग मशीन और पाइप लदे हुए थे। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जो घायल हैं उनका एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**टैंकर में ट्रक की टक्कर मजदूर की मौत:** गोसाईंगंज इलाके में टैंकर में ट्रक की टक्कर लगने से टैंकर पर बैठे मजदूर गिरकर घायल हो गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अकबरपुर बाराबंकी का रहने वाला कमल (20) गोसाईंगंज में मजदूरी करता था। भाई धुन्नू ने बताया बताया कि उनका भाई कमल पानी का टैंकर पर बैठकर चालक लवकुश एवं साथी मजदूर बरसाती के साथ उन्नाव जा रहा था, तभी रास्ते में गोसाईंगंज क्षेत्र में ट्रक चालक टैंकर में पीछे से टक्कर मार दी जिससे कि कमल रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रैक्टर चला रहा लवकुश एवं बरसती भी मामूली रूप से घायल हो गए लोगों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया जहां कमल की मौत हो गई वही दोनों घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतक के परिवार में पिता भुलई मां सुरसता है।

**रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ महिला का शव:** राजधानी के बीकेटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना लखनऊ-सीतापुर रोड पर स्थित आदया लान के सामने रेलवे लाइन के पास हुई। स्थानीय लोगों ने बीकेटी थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन अभी तक महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह के अनुसार, मृतका की उम्र लगभग 50 वर्ष है। महिला के पैर ट्रेन की चपेट में आने से कट गए हैं। उसके सिर और पैरों पर चोट के निशान मिले हैं। घटना स्थल के आसपास महिला का सामान बिखरा हुआ मिला है। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

## डीजीपी कार्यालय में शोक सभा, विक्रम श्रीवास्तव को दी गई श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर विस्तार में स्थित सभागार में विक्रम श्रीवास्तव (आईपीएस) सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक का बीती 27 मार्च को हुये निधन को लेकर आज शोक सभा का आयोजन किया गया।इस मौके पर डीजीपी प्रशान्त कुमार सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने दिवंगत पुलिस अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर डीजीपी प्रशांत कुमार नें बताया विक्रम श्रीवास्तव का जन्म 18 मार्च, 1952 को जनपद इलाहाबाद में हुआ था।वह वर्ष 1973 में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए।प्रशिक्षण के उपरान्त वह सहायक पुलिस अधीक्षक कानपुर नगर, सेनानायक 36 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, पुलिस अधीक्षक रेलवे इलाहाबाद, पुलिस अधीक्षक, रामपुर, एटा, पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण एवं सुरक्षा लखनऊ के पदों पर नियुक्त रहे। डीजीपी नें बताया कि वर्ष 1985 में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान कर गये। केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान ही उन्हें पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक के पदों पर प्रोन्नति प्रदान की गयी। वर्ष 1997 में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के फलस्वरूप पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा लखनऊ के पद पर नियुक्त रहे। वर्ष 2001 में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर प्रोन्नत होकर अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा लखनऊ के पद पर नियुक्त हुये तथा यहीं से पुनः केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान कर एसपीजी एवं एसएसबी में सेवायें दीं तथा तीन केंद्रीय पुलिस संगठनों सीआरपीएफ, आईटीबीपी एवं बीपीआर डी के प्रमुख के रूप में कार्य किया। डीजीपी नें बताया कि प्रतिनियुक्ति पर रहते हुये अपनी अधिवर्षता आयु पूर्णकर वह 31 मार्च 2012 को सेवानिवृत्त हुये।

## चोरी हुए चार मोबाइल फोन मालिकों को पुलिस ने सौंपा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस ने उएक्फ्रपोर्टल पर दर्ज चार गुमशुदा मोबाइल बरामद कर लिया है। उन्हें उनके मालिकों को दे दिया है। सुशांत गोल्फ सिटी के प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक दीपांकर गुप्ता ने तकनीकी विश्लेषण के जरिए मोबाइलों को ट्रेस किया। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से इन्हें बरामद किया। पुलिस ने लोगों को मोबाइल खोने की स्थिति में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बताया कि मोबाइल गायब होने पर सबसे पहले वढउडढ पर छडरळ अपछ्ळळछए में रजिस्ट्रेशन करें। पुराने सिम को ब्लॉक करवाएं और नया सिम लें। उएक्फ्रपोर्टल पर जाकर खोए हुए मोबाइल का विवरण दर्ज करें। फॉर्म में पुलिस कंप्लेंट नंबर, व्यक्तिगत जानकारी और पहचान पत्र की डिटेल भरें। फॉर्म जमा करने के बाद मिली शिकायत आईडी को सुरक्षित रखें।

## दुर्घटना कर वाहन किया क्षतिग्रस्त ,मुकदमा

लखनऊ । थाना बिजनौर इलाके में एक तेज व लापरवाही से दुर्घटना कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया ।इस पर पीड़ित ने वाहन चालक के खिलाफ गाड़ी क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा दर्ज कराया है ।पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर आगे की कार्य कर रही है। राजधानी लखनऊ के उतर थिया के डिफेंस कालोनी निवासी हिमांशु बाजपेई पुत्र स्वर्गीय राम शंकर बाजपेई ने पुलिस को बताया कि मै अपने प्रतिष्ठान से अपने निवास की ओर जा रहा था। तभी इसी दौरान रास्ते में बिजनौर में ट्रांसपोर्ट नगर से आ रहे ट्रक संख्या यू पी 37 बी टी 3827 के चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाकर समय करीब साढ़े बजे मेरी कार में ड्राइवर के दाहिने तरफ जोरदार टक्कर मार दी ।इस टक्कर में मेरी पत्नी और एक साल की बच्ची भी थी ।गाड़ी में टक्कर इतनी तेज थी कि पलटते बची ।घटना के बाद तुरंत 112 नंबर पर सूचना दी ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने पता किया तो वह शराब पी रखी थी ।गाड़ी में टक्कर लगने से पीछे की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।

## सदस्य कर्षण और चल स्टॉकरेलवे बोर्ड ने आरडीएसओ का दौरा किया

लखनऊ। आरडीएसओ में ब्रज मोहन अग्रवाल, सदस्य (कर्षण एवं चल स्टॉक), रेलवे बोर्ड की अध्यक्षता में उत्पादन इकाइयों के पी.सी.एम.ई. एवं सी.डी.ई. तथा आरडीएसओ के प्रधान कार्यकारी निदेशकों एवं कार्यकारी निदेशकोंके साथ रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शुक्रवार को कोचिंग स्टॉक की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।इस बैठक में, मदों के मानकीकरण, नई प्रौद्योगिकियों के प्रसार तथा कोचों में यात्री सुविधाओं में और सुधार के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। सदस्यर (कर्षण एवं चल स्टॉऔक), रेलवे बोर्ड ब्रज मोहन अग्रवाल ने आरडीएसओ की सराहनीय भूमिका पर प्रकाश डाला और उचित डिजाइन विनिर्देश तैयार करने और गुणवत्ता ऑडिट करने के महत्व पर जोर दिया। इससे भारतीय रेलवे का चुनौतीपूर्ण समय के दौरान विश्वसनीय और तेज सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित होगा ।

## गर्डर सेट करने वाली मशीन में फंसा दुपट्टा, हालत गंभीर

लखनऊ। बंथरा में निमार्णाधीन कानपुर एलिवेटेड रोड पर गर्डर सेट करने वाली मशीन में दुपट्टा फंसने से छात्रा घायल हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर की है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भल्ला गौतम की बेटी सुप्रिया शुक्रवार दोपहर में कंप्यूटर सेंटर से घर लौट रही थी। रास्ते में लखनऊ हॉस्पिटल के पास सड़क पार करते समय उसका दुपट्टा मशीन में फंस गया। इससे दुपट्टा गले में फंस गया। वह गंभीररूप से घायल हो गई। उसे सरोजनी नगर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## कोर्ट के आदेश पर तीन माह बाद मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** आशियाना थाना इलाके में बीते तीन माह पूर्व ई-रिक्शा सवार महिला का बैग काट उक्त ईरिक्शा पर बैठी टप्पेबाज महिलाओं नेकीमती आभूषण समेत हजारों की नकदी पार कर दिया। वहीं आशियाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर तीन माह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि फौजी कलोनी गीता पल्ली ढलान कृष्णा नगर निवासी विमला देवी पत्नी चेतराम यादव के अनुसार वह बीते 20 दिसम्बर 24 की दोपहर लगभग 12:35 बजे उन्होंने बंगला बाजार पुल, थाना-आशियाना से गुरुनानक तिराहा गीता पल्ली ढलान के लिए ई-रिक्शा पकड़ा जिसमें दो महिलायें पहले से ही बैठी थीं। उक्त ईरिक्शा पर सवार एक महिला गन्दी साड़ी पहन रखी थी व दूसरी महिला सूट पहने हुई थी जिसको गोद में बच्चा था। वहीं पीड़िता का कहना था कि उनके पास पिट्ठू बैग था जिसके अन्दर हैण्ड पर्स में सोने की चैन, झुमकी ,एक टीका ,चांदी की पायल सहित 40 हजार रुपये नकदी थी। जिसे उन्होंने आवश्यक कार्य के लिए एटीएम से निकाला था। जिसे उक्त ईरिक्शा पर सवार महिलाओं ने उनका बैग काट पार कर दिया। जिसकी जानकारी उन्हें गुरु नानक चौराहा से कुछ दूर चलने के बाद हुई। जिसकी शिकायत उन्होंने तत्काल बंगला बाजार पिंक बूथ पर जाकर करने के साथ पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दी। जिस पर उन्हें आरटीएमएस लालबाग बुलाया गया। लेकिन वहां भी पुलिस से कोई मदद नहीं मिली। जिसके बाद उन्होंने आशियाना थाने की बंगला बाजार चौकी जा प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं होता देख पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। पुलिस के अनुसार कोर्ट के आदेश पर पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे में टप्पेबाज महिला गिरोह की तलाश की जा रही है।

# अतीक के गुर्गों और साथियों की ग्यारह गाड़ियां सीज

- अतीक से जुड़े अपराधियों के ठिकानो पर पुलिस नें की ताबड़तोड़ छापेमारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के प्रयागराज जिले की कमिश्नरेट पुलिस माफिया अतीक अहमद के करीबियों और गिरोह के सदस्यों के खिलाफ एक बार फिर एक्शन मोड में आ गई है।बीती रात अतीक से जुड़े अपराधियों के घरों पर पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी की।इस कार्रवाई के दौरान लग्जरी कार सहित कुल ग्यारह गाड़ियों को अपने कब्जे में लेते हुए सीज कर कड़ा सन्देश दिया है।बताते है कि पुलिस द्वारा सीज की गईं गाड़ियों में किसी में नंबर नहीं था तो किसी पर हूटर और काली फिल्म लगी हुई थी।

कई घंटे तक मरियाडीह से लेकर कसारी-मसारी तक हिस्ट्रीशीटर और अपराधियों को लेकर चले सर्च ऑपरेशन में अतीक के गुर्गे और उनके गैंग से जुड़े लोगों में काफी देर खलबली मची रही।बतादे कि प्रयागराज और उसके आस पास के इलाकों में बीते कुछ समय से अलग-अलग तरह के अपराधियों की सक्रियता बढ़ गई थी।यही नही वह वह शहर की कानून और शांति-व्यवस्था में खलल डाल रहे थे।सबसे खाश बात तो यह थी कि यह लोग लग्जरी गाड़ियों से चलते वक्त दूसरे वाहनों को टक्कर मारने देते थे। जब भी कोई विरोध करता तो यह लोग उसे डराते और धमकाते थे।इस प्रकार की लगातार मिल रही शिकायतो के बाद डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने शहर जोन में ऑपरेशन हंटर शुरू किया।इसको लेकर उन्होंने पूरे शहर भर में 10 टीमें बनाई हैं। इसमें एसओजी, सर्विलांस के अलावा दूसरे थानों के तेज-तर्रार पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है। डीसीपी ने विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ के साथ ही हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी और दूसरे अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद एक्टिव हुई पुलिस टीमें गुरुवार रात मरियाडीह, सिलना, नसीरपुर, भीटी, कसारी-मसारी, चकिया, झूंसी, करेली सहित कई अन्य क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई। नियम विरुद्ध होने पर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई।अपराधियों और उनसे जुड़े लोग जिन-जिन होटल, रेस्टोरेंट सहित अन्य स्थान पर जाते हैं। कुछ विशेष स्थान पर देर रात तक बैठकी करते हैं, उन्हें भी चिन्हित किया जा रहा है। इसके लिए सादे कपड़ों वाली पुलिस टीम को सक्रिय किया गया है। जो ऐसे लोगों और स्थान के बारे में जानकारी जुटाकर पूरी फेहरिस्त तैयार कर रही है। जल्द ही उन थानों पर भी पुलिस टीम दस्तक देगी। हालांकि प्रयागराज राज कमिश्नरेट पुलिस इन अपराधियों को तलाश करने में जुटी हुई है।

## बन्द मकान का ताला तोड़कर ज्वेलरी और नकदी चोरी

लखनऊ ।सरोजनी नगर इलाके में बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़ कर अंदर रखी सोने चांदी की ज्वेलरी और नकदी पर हाथ साफ कर दिया ।मकान मालिक जब वापस आए तो उनके होश उड़ गए और घटना की सूचना पुलिस दी ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है ।सरोजनी नगर के हाउसिंग सोसाइटी हाइडिल निवासी रूपा शर्मा पत्नी सच्चिदानंद शर्मा ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल को 24 को बहराइच चली गई ।घर पर मेरा बेटा विशाल रह गया था ।जो गाड़ी चलता है ।9 अप्रैल 25 को रात्रि गाड़ी लेकर नोएडा चल गया ।घर के बाहर गेट पर ताला लगा था ।जिसे अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़ कर अंदर रखी ज्वेलरी और नकदी चुरा ले गए ।

# दो दिनों तक रखा डिजिटल अरेस्ट और 95 लाख की ठगी की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद साइबर ठगों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है।ऐसे में साइबर ठगों ने रिटायर्ड डॉक्टर को दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा।48 घंटे में 95 लाख रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए।25 लाख रुपए और मांगने लगे, तब डॉक्टर को ठगी की आशंका हुई।

मामला गोमती नगर के विराट खंड का है। डॉक्टर का कहना है कि साइबर ठग ने कूरियर कंपनी का कर्मचारी बनकर फोन किया। पार्सल में अवैध सामान होने की बात कहकर दो दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगी की जानकारी होने पर डॉक्टर ने गुरुवार को साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

गोमती नगर के विराट खंड निवासी डॉक्टर बीएन सिंह ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2 बजे मेरे फोन पर दीपक कुमार श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति ने वॉट्सऐप कॉल किया। फोन करने वाले ने खुद को ब्लू डॉट कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि एक अवैध पार्सल पकड़ा गया है जो आपके नाम पर है।इसके लिए पुलिस अधिकारी के मोहनदास से बात कर लीजिए। इसके बाद कॉल को कान्फ्रेंस में लेकर तथाकथित अधिकारी से बात करवाई।इसके बाद उसी अधिकारी की दूसरे नंबर से कॉल किया। तथाकथित अधिकारी ने कहा- आपके आधार नंबर का गलत इस्तेमाल करके ऑनलाइन पार्सल भेजा जा रहा है। जिसमें अवैध सामान है, जिसकी जांच की जा रही है। ये जांच गोपनीय है, इस दौरान किसी से कोई संपर्क नहीं करना होगा। इस दौरान वीडियो कॉल और चैट पर बात करता रहा। बोला कि जांच पूरी होने तक निगरानी में रहना होगा। फोन करने वाले ने जांच के नाम पर अकाउंट का सारा रुपए ट्रांसफर करने के लिए बोला। आरोपी ने कहा- जांच और केस सॉल्व होने के बाद रुपए वापस हो जाएंगे। साइबर जालसाजों ने पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट कर 95 लाख ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद जालसाज 25 लाख की और डिमांड करने लगे। तब डॉक्टर को ठगी की आशंका हुई। साइबर थाने के इंस्पेक्टर बृजेश यादव का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जालसाजों के पास से रुपए होल्ड कराने की कोशिश की जा रही है।

## अध्यापक को बंधक बनाकर लूट करने वाले गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पुलिस ने एक युवक को डेटिंग एप से अपनी बातों में फंसाकर लूटपाट करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा। आरोपी रिश्ते में सगे भाई हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से लूट के 45 हजार रुपए, पर्स, आधार कार्ड और लूट में प्रयोग होने वाली एक्टिवा बरामद हुई है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है।

गाजीपुर इंस्पेक्टर विकास राय के मुताबिक रविंद्र पल्ली निवासी एक शिक्षक ने 9 अप्रैल को लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया- 9 अप्रैल दोपहर करीब दो बजे ग्राइंडर एप के माध्यम से एक लड़के को घर बुलाया था। लड़के ने आने के बाद बातों में फंसाकर हाथ पैर बांध दिए और साथी को बुलाकर लूटपाट की। पीड़ित की शिकायत पर गाजीपुर थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने शुक्रवार को कुकरैल बंधे के पास से जानकीपुरम निवासी निकित शर्मा और उसके भाई अंकित शर्मा को गिरफ्तार किया। निकित ने पूछताछ में बताया कि उनकी ग्राइंडर एप से पीड़ित से दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों वॉट्सऐप और फोन पर बात करने लगे। 9 अप्रैल को उनके घर गया। मेरा भाई बाहर खड़ा रहा। बातचीत में पीड़ित के घर में अकेले और अलमारी में पैसे होने की जानकारी हुई। इस पर भाई को फोन कर अंदर बुलाया और पीड़ित के हाथ पैर बांध कर लूटपाट कर भाग निकले।

**राहगीरों को निशाना बनाने वाले दो लुटेरे गिरफ्तार:** कैंट थाना पुलिस ने मोबाइल लूटने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट का मोबाइल और स्कूटी बरामद हुई। पुलिस ने उन्हें जेल भेज दिया। कैंट थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार दो लुटेरों ने 30 मार्च को नरेंद्र सिंह से मोबाइल लूटा था। उन्होंने पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान घसियारी मंडी, तोपखाना बाजार के जतिन रावत और आदित्य आर्य के रूप में हुई है।

**शातिर बाइक चोर बाइक के साथ गिरफ्तार:** पीजीआई थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरी की हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी की पहचान मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वह रायबरेली जिले के बछरावा थाना क्षेत्र के सहगोंतमपुर का रहने वाला है। 28 वर्षीय आरोपी को मुखबिर की सूचना पर एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के पीछे शहीद पथ अंडरपास से गिरफ्तार किया गया। बरामद मोटरसाइकिल है। बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। उप-निरीक्षक नवरंग तिवारी को जांच सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है। उसके खिलाफ पीजीआई और मोहनलालगंज थानों में पहले से ही चार मुकदमे दर्ज हैं।

## उत्तर प्रदेश की भोजपुरी कला बिहार में होगी प्रदर्शित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की भोजपुरी चित्रकला बिहार की राजधानी पटना में आयोजित लोकचित्रकलाओं की पहली राष्ट्रीय प्रदर्शनी में अपनी शोभा बिखेरेगी। लोक-परंपराओं का उत्सव शीर्षक के तहत फोकाटोर्पीडिया फाउंडेशन, पटना द्वारा कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स में 18 से 20 अप्रैल तक आयोजित राष्ट्रीय प्रदर्शनी में दस राज्यों बिहार, यूपी, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, आंध्रप्रदेशकी करीब बीस लोककला विधाओं से लगभग 35 कलाकारों की 60 कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। इस उत्सव में लखनऊ स्थित फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग की डीन एवं प्रिंसिपल डॉ. वंदना सहगल को बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर आमंत्रित किया गया है। साथ ही फोकाटोर्पीडिया उत्तर प्रदेश के सदस्य लखनऊ से भूपेंद्र कुमार अस्थाना, चित्रकार कुमुद सिंह और वंदना श्रीवास्तव भी तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। भोजपुरी कला की ख्यातिलब्ध कलाकार कुमुद सिंह, मऊ से वंदना श्रीवास्तव की 2- 2 कलाकृतियां प्रदर्शनी में शामिल की गयी हैं। भूपेंद्र अस्थाना ने बताया कि कुमुद सिंह वर्तमान में उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ की सदस्य हैं और पूर्व में साकेत पीजी कॉलेज, अयोध्या के ड्रॉइंग एवं पेंटिंग विभाग में बतौर विभागाध्यक्ष अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। साथ ही दूसरी चित्रकार के रूप में भोजपुरी चित्रकार वंदना श्रीवास्तव को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की वरिष्ठ अध्येता वृत्ति (सीनियर फेलोशिप) प्रदान की गई है। यह सम्मान उन्हें कला और संस्कृति के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, कला व साहित्य के अंतर्संबंधों पर गहन दृष्टि और भोजपुरी संस्कृति को चित्रकला के माध्यम से व्यापक पहचान दिलाने के लिए प्रदान किया गया है।

# मेयर, पार्षद व नगर निगम प्रशासन के बीच त्रिशंकु बना मूल बजट

## पार्षद कोटे के खर्च की बाध्यता से सदन का माहौल होगा गर्म

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2025-2026 शुरू हुए ग्यारह दिन हो चुके हैं। केंद्र व राज्य सरकार का बजट पास हो चुका है मगर नगर निगम लखनऊ का मूल बजट शहर की स्थानीय सरकार पास नहीं कर सकी है। मेयर, पार्षद और नगर निगम प्रशासन के बीच बजट त्रिशंकु बन कर रह गया है। मेयर व पार्षदों के बीच चल रही बजटीय जंग के बीच 24 मार्च को कार्यकारिणी की विशेष बैठक ने 42.36 अरब के मूल बजट को पास कर दिया। मगर अभी तक इसे सहमति नहीं मिल सकी है।

हाल यह है महापौर व नगर निगम प्रशासन तथा लेखा विभाग के बीच रस्साकशी बने बजट के फैसलों पर अब सदन का निर्णय ही अंतिम होगा। कई प्रस्तावित तारीखों से गुजरने के बाद 15 अप्रैल को महापौर सुषमा खर्कवाल ने सदन की बुलाई है। तो सपा, कांग्रेस के साथ ही सत्ता पक्ष भाजपा पार्षद भी सदन का माहौल गरम करने की तैयारी कर रहे हैं।

पूरा प्रकरण कुछ इस तरह है कि बजट पास करने से पहले पार्षदों की ओर से वार्ड विकास प्राथमिकता निधि (पार्षद कोटा) बढ़ाने की मांग रखी गई। मेयर ने सहमति नहीं दी तो कार्यकारिणी की बैठक का सदस्यों ने बहिष्कार कर दिया।

पार्टी संगठन के हस्तक्षेप के बाद 24 मार्च को कार्यकारिणी की बैठक हुई और मूल बजट पास कर दिया गया। मगर पार्षदों ने आरोप लगाए कि बैठक में लिए गए फैसलों को परिवर्तित कर दिया गया है। कार्यकारिणी ने पार्षदों का कोटा 2.10 करोड़ कर दिया साथ ही इस कोटे को खर्च करने के लिए शर्तें व मद भी निर्धारित कर दिया। मेयर व नगर आयुक्त की निधि से 10-10 करोड़ रुपये की कटौती कर दी। इस पर पार्षदों ने आपत्ति जताई। जिसकी आंच सदन तक पहुंच रही है। कार्यकारिणी की कार्यवृत्ति जारी होने से पहले ड्राफ्ट को मेयर की टिप्पणी के साथ सदन में रखे जाने का फैसला नगर निगम प्रशासन ने लिया। कार्यकारिणी की कार्यवाही को निगम प्रशासन की ओर से महापौर को भेज दिया गया।

इस पर मेयर ने मरम्मत एवं नवीनीकरण के बजट, एसटीपी के लिए दी जाने वाली भूमि तथा सीबीजी प्लांट आदि बिंदुओं पर आपत्ति करते हुए नगर आयुक्त से जवाब मांगा गया।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त से पूछा कि मरम्मत व नवीनीकरण के मद 2.28 करोड़, जिसमें पार्षद कोटा शामिल रहता है, में मरम्मत व नवीनीकरण के दायित्व, अवस्थापना निधि से होने वाले कार्य, पार्कों के कार्य, वेंडिंग जोन व पार्किंग के संचालन तथा अनुरक्षण का भी खर्च प्राविधानित किया गया है। जबकि यह कार्य मरम्मत व नवीनीकरण में शामिल नहीं होने चाहिए। इन कार्यों के लिए अलग-अलग मद पहले से निर्धारित हैं।

### कार्यकारिणी में तय नहीं हुई थी पार्षद कोटे के खर्च की बाध्यता

महापौर ने 6 अप्रैल को नगर आयुक्त को पत्र लिखते हुए इसका जवाब मांगा। जवाब में नगर आयुक्त की ओर से कहा गया कि इन कार्यों पर कार्यकारिणी समिति की बैठक में चर्चा के दौरान सहमति दी गई थी। बैठक में यह भी निर्णय हुआ था कि कोटे के 2.10 करोड़ से पार्षद अपनी इच्छानुसार व आवश्यकतानुसार करेंगे, किसी प्रकार की बाध्यता न रखी जाए। इसी आधार पर कार्यकारिणी की कार्यवाही को महापौर को भेजा गया है। इस पर महापौर ने आपत्ति करते हुए नगर निगम अधिनियम में बजट संबंधी प्राविधानों व लेखा नियमों के साथ रिपोर्ट मांगी। नगर निगम प्रशासन की ओर से जवाब में कहा गया कि बजट को अधिनियम 1959 की धारा 146, 147, 149 व 151 तथा लेखा नियमावली के नियम 79 से 85 तक में दिए गए प्राविधानों के अनुरूप तैयार करा कार्यकारिणी में रखा गया था।

### मद परिवर्तन पर उठाया सवाल

9 अप्रैल को महापौर सुषमा खर्कवाल ने एक बार फिर आपत्ति की और जानकारी मांगी कि क्या मरम्मत व नवीनीकरण मद के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं मार्ग प्रकाश व्यवस्था से सम्बंधित कार्य हो सकते हैं। क्या मद को परिवर्ति किया जा सकता है? इस पर नगर निगम प्रशासन की ओर से जवाब दिया गया कि मद का परिवर्तत नहीं किया जा सकता है लेकिन नियमानुसार एक ही मद के भीतर स्थानांतरित किया जा सकता है। इस जवाब भी आपत्ति करते हुए महापौर ने एक बार फिर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि कार्यकारिणी की विशेष बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार मरम्मत व नवीनीकरण के दायित्व, अवस्थापना निधि, पार्कों, वेंडिंग जोन तथा पार्किग सम्बंधी कार्य सम्बंधित विभाग के मद से करवाते हुए स्वीकृत बजट को सदन के पटल पर रखा जाए।

### यूजर चार्ज की दरें होंगी कम, ऑनलाइन भुगतान पर मिलेगी छूट

**लखनऊ।** नगर निगम के भवनों व दुकानों से डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्र करने के सापेक्ष लिये जाने वाले यूजर चार्ज की दरों में बदलाव होगा। प्रस्तावित नई दरों के अनुसार वार्षिक मूल्य 5000 रुपये अथवा 750 रुपये तक गृहकर वाले भवन से 50 रुपये तथा इससे अधिक हाउस टैक्स वाले भवन व प्रति फ्लैट 100 रुपये यूजर चार्ज वसूल किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसे आगामी 15 अप्रैल को होने वाली सदन की बैठक में रखा जाएगा। साथ ही अनावासीय श्रेणी के भवनों के यूजर चार्ज को भी परिवर्तित करने का प्रस्ताव है। इसके लिए अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में समिति नई दरों का प्रस्ताव तैयार करेगी। शत प्रतिशत यूजर चार्ज की वसूली के लिए हाउस टैक्स के बिल यूजर चार्ज को भी जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।



## कमता में खुले देशी ठेके के खिलाफ विरोध, प्रदर्शन

**लखनऊ।** अयोध्या रोड पर कमता स्थित गली में खुले देशी शराब ठेके के खिलाफ स्थानीय लोगों ने पूर्व पार्षद रुद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना है कि 20 फीट से कम चौड़ी गली में जो की लगभग तीन दर्जन मोहल्ले के लोगों के आने-जाने का मुख्य रास्ता है। वहां पर नया देशी ठेका के खुलने के वजह से अराजकता का माहौल बना रहता है, लोग बाहर खड़ा होकर दारु पीते हैं। लोगों के साथ अभद्रता करते हैं जिसके कारण आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इस रास्ते से मुख्य रूप से जगन्नाथ पुरी कॉलोनी, वसंत विहार कॉलोनी, प्रीति विहार कॉलोनी, उर्मिला पूरी, सुरेंद्रनगर, इस्माईलगंज गांव, शिवपुरी कॉलोनी, ऑफीसर्स कॉलोनी, प्रीति नगर, अजय नगर, सनातन नगर, विमल नगर तथा आदर्श नगर, कल्याणी बिहार, नगर निगम डिग्री कॉलेज, रामकृष्ण एकेडमी स्कूल, दिशा सृजन स्कूल की तरफ जाने वाले हजारों लोग गुजरते हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से सीताराम मिश्रा, अशोक मिश्रा, सुरेश श्रीवास्तव, श्याम पचौरी, सुरेंद्र वर्मा, सागर पांडे, करण पाठक, अमर सिंह, एस के सिन्हा, रणविजय, अरविंद तिवारी, प्रेम वर्मा,, विवेक मिश्रा, सुनील विश्वकर्मा, अखंड प्रताप सिंह, के पी शुक्ला, अशोक सिंह, आफताब, राजा, संग्राम सिंह, देशराज कटियार, आलम, शिशिर और उपेंद्र शामिल रहे।

## लविवि के छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लविवि के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 31 छात्रों का चयन प्रतिष्ठित कंपनियों–विप्रो, सेवेंटी फाइव वे टेक्नोलॉजी, जारो एजुकेशन, एकेडेमोर और उम्मीद संस्था में हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे छात्रों की प्रतिभा, मेहनत और संकल्प का प्रमाण है। हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित होकर लखनऊ विश्वविद्यालय की पहचान को और भी गौरवान्वित कर रहे हैं। प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि जारो एजुकेशन कंपनी में बी.टेक की छात्रा नेहा चौधरी का चयन बिजनेस डेवलपर के पद पर 8.58 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

## क्रिएथॉन में दिखाई दी नवाचार की राह

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवाचार की नई संभावनाएं उभर कर आयी। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के नेतृत्व में यह आयोजन इनोवेशन हब, एमआईईटी इनक्यूबेशन फोरम, एसीआईसीएम आईईटी मेरठ फाउंडेशन और इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न संस्थानों से आये छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हैकाथॉन एवं आइडियाथॉन के माध्यम से अपने नवाचारपूर्ण विचार प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता के विजेताओं एवं शॉर्टलिस्टेड प्रतिभागियों को आगामी भारत शिक्षा एक्सपो 2025 में अपने विचार प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। भारत शिक्षा एक्सपो का ग्रैंड फिनाले 24 से 26 अप्रैल को इंडिया एक्सपो मार्ट, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जहां चयनित छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अपने इनोवेटिव आइडियाज को प्रदर्शित करेंगे।

यह पहल छात्रों में नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। डीन इनोवेशन एवं सोशल इंटरप्रेन्योरशिप प्रो. बीएन मिश्रा तथा एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में क्रिएथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल की संरचना हेड इनोवेशन हब महीप सिंह द्वारा की गयी, जिन्होंने इस नवाचारपूर्ण विचार को मूर्त रूप देने में अहम भूमिका निभायी।

साथ ही कार्यक्रम को मूर्तरूप देने में अनुराग त्रिपाठी, असिस्टेंट मैनेजर, कलाम इनक्यूबेशन सेंटर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को मूर्तरूप देने में रेहान खान तथा डॉ. प्रशांत गुप्ता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने शीघ्र ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू करने की उठायी मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश मंत्री के कौशल कुमार सिंह ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि 03 जनवरी 2025 के लिए उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों का मूल विद्यालय में वापसी एवं महिला शिक्षामित्रों को उनके ससुराल के निकट स्थानांतरण का आदेश प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा द्वारा किया जा चुका है लेकिन अभी तक ट्रांसफर की विभागीय प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। 1 अप्रैल 2025 से बच्चों का नवीन सत्र शुरू हो चुका है। ऐसे में महिला शिक्षामित्र जो ससुराल के निकट वापस जाना चाहती हैं। वह असमंजस में हैं कि वह अपने बच्चों का नामांकन वर्तमान स्थान पर करायें अथवा स्थानांतरण के बाद ससुराल के निकट के विद्यालय में करायें। स्थानांतरण प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं होने के कारण शिक्षामित्रों को बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्णय लेने में बेहद परेशानी हो रही है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ द्वारा अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा के लिए पत्र भेज कर मांग की है कि समस्या का शीघ्र निस्तारण कर स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू की जाये।

## बाटी-चोखा व खीर की मिठास से दूर होगी कोटे की कड़वाहट

**लखनऊ।** महापौर सुषमा खर्कवाल शुक्रवार को चिनहट प्रथम वार्ड के पार्षद अरुण राय के घर पहुंची। यहां उन्होंने बाटी-चोखा व खीर खाकर पार्षदों की कड़वाहट के बीच मिठास घोल दिया। इस मौके पर स्थानीय कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। महापौर की कुर्सी मिलने के बाद चिनहट प्रथम वार्ड के पार्षद के यहां उनका यह पहल आगमन था। महापौर ने कहा कि भाजपा सरकार से पहले कमीशनखोरी चरम पर था। एक रुपये में मात्र 15 पैसा का काम होता था। 85 पैसे का नेता और अफसर बंदरबांट कर लिया करते थे। लेकिन भाजपा सरकार ने इन सब पर लगाम लगा दी है। होली मिलन समारोह में गुझिया की मिठास से भी कड़वाहट दूर नहीं हुई थी। अब उम्मीद जताई जा रही है कि बाटी-चोखा व खीर के बहाने इस रार को पाटने में सफलता मिले। चिनहट पार्षद कार्यालय में इस कार्यम्रम में पार्षद संजय सिंह राठौर, सौरभ सिंह मोनू, रंजीत सिंह, पूर्व पार्षद स्नेहलता राय, संगीता तिवारी, निशा सिंह, सौनी निगम, शैलेन्द्र राय डब्बू, प्रवीण श्रीवास्तव, रामचंदर सिंह, कौशल वर्मा, गौरव राय, विजय वर्मा, नरेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदीप विश्वकर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रो. आलोक राय ने छात्रों से की पढ़ाई पर चर्चा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने वाणिज्य विभाग में छात्र-छात्राओं से उनके पढ़ाई के बारे में चर्चा की। इसके बाद वे टैगोर पुस्तकालय पहुंचे और वहां पर उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से पढ़ाई और पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में चर्चा की। इसके बाद कुलपति साइंस कैंटीन पहुंचे और वहां पर उपस्थित छात्र-छात्राओं से उन्होंने सुविधाओं और विभिन्न सामानों के मूल्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। सभी ने संतोष जनक जवाब दिया। इसके बाद कुलपति केमिस्ट्री कैंटीन पहुंचे और वहां उपस्थित छात्राओं से उनके विषय के बारे में पूछा। छात्राओं ने अपने विषय के बारे में बताया। कुलपति ने उनके द्वारा दिए गए जवाब से अपनी संतुष्टि प्रदान की।

## पॉलिटेक्निक चौराहे से इंदिरा नहर तक बनेगी एलिवेटेड रोड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पॉलिटेक्निक चौराहे से इंदिरा नहर तक 8-10 किमी लंबा एलिवेटेड रोड बनेगा, जिससे अयोध्या और गोरखपुर का सफर आसान होगा। साथ ही हाईकोर्ट व शहीद पथ से चिनहट तक ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। निर्माण से पहले अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से फेजिनीलतय सर्वे का काम भी लगभग पूरा कर लिया गया है। प्रस्तावित एलिवेटेड रोड पॉलिटेक्निक चौराहे से इंदिरा नहर तक होगा जा कि 8-10 किमी लम्बा स्ट्रेच है। इस एलिवेटेड रोड के बनने से अयोध्या और गोरखपुर का सफर आसान हो जाएगा।

हालांकि, पॉलिटेक्निक से इंदिरा नहर के बीच सड़क पर कई अवैध कब्जे भी हैं, जिन्हे हटाना होगा। बताया जा रहा है कि निर्माण शुरू होने से पहले एलडीएअवैध कब्जे वाले हिस्सों को चिन्हित करेगा। दरअसल, हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश सरकार को पॉलीटेक्निक से किसान पथ तक एलीवेटेड रोड के साथ-साथ मेट्रो रेल सेवा शुरू करने के संबंध में एकीकृत योजना बनाने के लिए दो माह का समय दिया है। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि एलिवेटेड रोड के लिए कोर्ट ने दो माह का समय और दिया है, तब तक इसका डीपीआर तैयार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह एलिवेटेड रोड करीब 8-10 किमी लंबा होगा। जानकारी के मुताबिक पॉलिटेक्निक से इंदिरा नहर तक का हिस्सा पीडब्लूडी को रखरखाव के लिए सौंप दिया है। लिहाजा अब इस रूट पर बनने वाले एलिवेटेड रोड के निर्माण की जिम्मेदारी सेतु निगम को मिलेगी। इस एलिवेटेड रूट के बनने से शहर के ट्रैफिक से मुक्ति मिलेगी ही साथ ही अयोध्या और गोरखपुर का सफर भी आसान होगा। सीतापुर की तरफ से आने वाले वाहन सीधे इंजीनियरिंग कॉलेज फ्लाईओवर से होते हुए खुर्रमनगर, मुंशीपुलिया फ्लाईओवर होते हुए सीधे अयोध्या रोड पहुंच जाएंगे।

## अटल आवासीय विद्यालय में बच्चों की सुविधा का रखा जाये ख्याल

### बुलन्दशहर में अध्ययनरत मुरादाबाद मंडल के बच्चों को उन्हीं के मंडल में निर्मित विद्यालय में किया जाये शिफ्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों एवं कोविड के कारण अनाथ बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किये जाने के उद्देश्य से 18 मंडलों में नवोदय विद्यालय की तर्ज पर अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया गया है।

यह विद्यालय मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों और नवीन प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं की हर सुविधा का ख्याल रखा जाये।

मुख्य सचिव शुक्रवार को अटल आवासीय विद्यालय की राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाये।

उन्होंने आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ 1 मई से प्रारम्भ कराने के लिये के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की। बैठक में बताया गया कि मुरादाबाद में अटल आवासीय विद्यालय का कार्य पूर्ण हो गया है। अभी तक मुरादाबाद के 360 बच्चे अटल आवासीय विद्यालय बुलन्दशहर में पढ़ाई कर रहे थे। इस पर मुख्य सचिव ने मुरादाबाद मंडल के बच्चों को उन्हीं के मंडल में निर्मित विद्यालय में शिफ्ट करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शिफ्टिंग से पूर्व टीचिंग, नॉन टीचिंग स्टाफ तथा फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्थायें सुनिश्चित करा ली जायें।

## महिला छात्रावासों का निर्माण प्राथमिकता पर हो : मनोज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कामकाजी महिला छात्रावासों का निर्माण योजना के अंतर्गत प्रदेश में स्वीकृत 8 छात्रावासों का निर्माण शीर्ष प्राथमिकता पर कराया जाये। उल्लेखनीय है कि ये छात्रावास लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक छात्रावास की क्षमता 500 होगी।

मुख्य सचिव शुक्रवार को मिशन वात्सल्य व मिशन शक्ति के लिए प्रोजेक्ट एप्रुवल बोर्ड मीटिंग 2025-26 में भाग ले रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर उच्च अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं के तहत महिलाओं एवं बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की वास्तविक जानकारी प्राप्त करनी चाहिये।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये 4729795209 रुपये के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान कर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिये गये। इसमें वैधानिक सेवा वितरण संरचनाएं व संस्थागत देखभाल के लिये 1460540009 रुपये, गैर संस्थागत देखभाल के लिए 2894400000 रुपये तथा स्वच्छता एक्शन प्लान के लिये 7500000 रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई, जिसमें 60 प्रतिशत केन्द्रांश तथा 40 प्रतिशत राज्यांश शामिल है। इसके अलावा केन्द्रांश से चाइल्ड हेल्पलाइन के लिये 292355200 रुपये, पॉक्सो अधिनियम-2012 की धारा 4 और 6 के तहत पीड़िता की देखभाल और सहायता योजना के लिये 75000000 रुपये प्रस्तावित किये गये है।

इसके अतिरिक्त बैठक में मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के तहत 100-100 क्षमता के 10 राज्य वित्तपोषित बाल देखभाल संस्थान (सीसीआई) का निर्माण प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। इनका निर्माण वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, अमेठी, मथुरा, फिरोजाबाद, बस्ती, झांसी और कानपुर देहात में किया जायेगा।

## हाउस टैक्स के समाधान में लापरवाही पर अफसरों को फटकार

**लखनऊ।** नगर निगम में शुक्रवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने खुद सफाई, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत व हाउस टैक्स आदि जनसामान्य से जुड़ी समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई की। मौके पर ही 73 शिकायतों का निस्तारण कराया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सभी शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करें और नागरिकों को समय पर राहत प्रदान करें। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि अगर अगले समाधान दिवस में कोई व्यक्ति टैक्स गड़बड़ी के मुद्दे को लेकर शिकायत करेगा कि उसका टैक्स ज्यादा है और उसके बगल वाले का कम है तो इस पर कार्रवाई होगी। जिसका जितना सही टैक्स लगता है उसे उसी हिसाब से लगायें। कोई भी गड़बड़ी पाए जाने पर कार्रवाई जोनल अधिकारी पर की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 96 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 73 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष 23 शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजा गया है, जिनका समाधान निर्धारित समय सीमा में किया जाएगा। समाधान दिवस में सफाई की 2, जलापूर्ति से संबंधित 8, सड़क मरम्मत से संबंधित 12, स्ट्रीट लाइट की 3 व हाउस टैक्स से संबंधित 71 शिकायतें आईं।

## बीबीएयू के स्थापना दिवस में शिरकत करेंगे योगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय 13-14 अप्रैल को विश्वविद्यालय स्थापना दिवस और भारतरत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। समारोह में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

यह जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने 13-14 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने विश्वविद्यालय की विकास यात्रा और आगामी उद्देश्यों के बारे में बात की। प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि बीबीएयू में पर्यावरण, सांस्कृतिक विविधता, जैव विविधता और सभी राज्यों के छात्रों का बेहतरीन संगम देखने को मिलता है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर स्थापित इस विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग, नैक ए++ और अन्य राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 33वां स्थान प्राप्त किया है और उम्मीद है कि बीबीएयू के छात्र सद्भाव, संप्रभुता, समानता, सामाजिक न्याय, शोध, नवाचार और अन्य गतिविधियों के माध्यम से सफलता के नए मुकाम हासिल करेंगे। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के साथ मानवीय संबंध, प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग, वेस्ट टू वेल्थ अवधारणा, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण, समग्र विकास, मानसिक तनाव और सामाजिक दबाव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र सामने आएं, जो समाज के हर क्षेत्र में नेतृत्व दे सकें। स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन 14 अप्रैल को अपराह्न 3:30 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री छात्रों को संबोधित करेंगे तथा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों व सफल उद्यमियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित भी करेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल स्वागत भाषण देंगे। इस अवसर पर गौतम बुद्ध केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। बीबीएयू एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जानकारी देते हुए प्रो. केएल महावर ने बताया कि 13 अप्रैल को अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजन समिति द्वारा 'बाबासाहेब का राष्ट्र निर्माण का विजन एवं संवैधानिक प्रतिबद्धताएं' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागी शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। संगोष्ठी में छात्रों एवं प्रतिभागियों के लिए दो तकनीकी सत्र भी होंगे। इस संगोष्ठी का समापन समारोह 14 अप्रैल को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी लाल सिंह आर्य शामिल होंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से प्रसिद्ध शिक्षाविद् और लोकसभा सांसद डॉ. भोला सिंह, प्रख्यात अर्थशास्त्री, शिक्षाविद् और राज्यसभा सांसद डॉ. नरेंद्र जाधव और उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## मोहनलालगंज में तीनों अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

विशेष संवाददाता (vol)

- 40, 7 व 50 बीघा में हो रही थी प्लाटिंग, कमिश्नर की सख्ती का दिखा असर

**लखनऊ।** अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कमिश्नर डॉ. रौशन जैकब की सख्ती का असर शुक्रवार को दिखायी दिया। एलडीए की प्रवर्तन टीम ने मोहनलालगंज क्षेत्र में लगभग 40 बीघा, 7 बीघा और 50 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। एक दिन पहले इस क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग का निरीक्षण करने पहुंची कमिश्नर ने कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई थी और जोनल अधिकारी व जेई को निलंबित करने की संस्तुति की थी।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि उमाकांत सिंह व अन्य की ओर से स्पर्श सिटी के नाम से मौरावा रोड, भसण्डा, मोहनलालगंज में लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना अवैध तरीके से की जा रही इस प्लाटिंग को पूर्व में ध्वस्त किया गया था। लेकिन, दोबारा से स्थल पर विकास कार्य कराते हुए भूखण्ड बेचने का प्रयास किया जा रहा था। इस पर शुक्रवार को प्रवर्तन टीम द्वारा स्थल पर पुनः विकास कार्यों को ध्वस्त किया गया। वहीं, इससे से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर सुनील कुमार चौबे, राकेश तिवारी व अन्य की ओर से लगभग 07 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी तरह लवकुश यादव पुत्र हरदेव लाल यादव की ओर से उपवन सिटी (संस्कृति इन्फ्रा कम्पनी) के नाम से रानीखेड़ा, डेहवा, मौरावा रोड, थाना-मोहनलालगंज में लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी।

## भाजपा ने ध्वज यात्रा निकालकर सरकार की योजनाओं को पहुंचाया घर-घर

**लखनऊ।** भाजपा के स्थापना दिवस के अंतर्गत चलाये जा रहे वार्ड चलो अभियान के तहत पश्चिम विधानसभा के हैदरगंज द्वितीय वार्ड बूथ संख्या 107 सीएम पैराडाइस, मायापुरम में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव ने बूथ समिति सदस्य के साथ बैठककर, आपातकाल सेनानी एवं कारसेवकों का सम्मान किया। उसके बाद बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों संग भाजपा ध्वज यात्रा निकलकर केंद्र एवं प्रदेश की सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचने का का काम किया गया। भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि भाजपा की मूल विचारधारा, संगठनात्मक एकता तथा आम जनमानस के बीच संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा की शक्ति उसके जमीनी कार्यकर्ताओं में निहित है, और ऐसे अभियानों के माध्यम से ही संगठन की नींव और अधिक सुदृढ़ होती है। यह आयोजन न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक रहा, बल्कि जनता से सीधा संवाद स्थापित कर भाजपा की सेवा, समर्पण और विकासशील छवि को और अधिक सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कार्य किया गया जिसमें बूथ समिति की बैठक आयोजित कर संगठनात्मक रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के 10 लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और अनुभव सुने गए।

संक्षेप

## कुंडी से लटकता मिला शव

सीतापुर। महमूदाबाद के नूरपुर में मकान के अंदर कुंडी से शव लटकता मिला। बुधवार को मृतक का पत्नी से अनबन के मामले में नूरपुर चैकी पर समझौता हुआ था और शनिवार को पत्नी को विदा होकर पति संग ससुराल वापस आना था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। महमूदाबाद के नूरपुर के रईस 35 वर्ष का शव शुक्रवार को घर के अंदर टीन में पड़ी लोहे की पाइप के सहारे रस्सी से लटकता मिला। घर की कुंडी अंदर से बंद थी। बताया जाता है रईस का पिछले चार माह से पत्नी से विवाद चल रहा था। बुधवार को नूरपुर चैकी पर पति-पत्नी की सुलह हो गई थी और शनिवार को पत्नी को विदा होकर ससुराल आना था। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## स्वास्थ्य विभाग ने की बैठक

लहरपुर/सीतापुर। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम गुलरीपुरवा व भगौतीपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ट्रिपलए बैठक का आयोजन किया गया, ।जिसमें क्षेत्र की आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया, इस मौके पर एनम अन्विता बाजपेई व नेहा के द्वारा आशाओं को सी बैक भरने को सिखाया गया, उन्होंने इस मौके पर सभी नव गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण नंबर व संचारी सर्वे के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं ई कवच पर नई गर्भवती महिलाओं के नाम फीड करने के बारे मे बताया, इस मौके पर संचारी रोग से पीड़ित मरीजों का पता करने के लिए घर-घर जाकर लिस्ट तैयार करने और उन्हें चिकित्सक के पास रेफर करने के बारे में जानकारी दी, नई गर्भवती महिलाओं की आभा आईडी बनाएं जाने के बारे में बताते हुए टीकाकरण से वंचित लोगों की लिस्ट तैयार करने व क्षेत्र में साफ सफाई एवं मच्छरों से बचाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित आशा व आंगनबाड़ी को परिवार नियोजन के बारे में भी जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से बीना मिश्रा,सरला देवी, गुड़िया देवी, कमला, सायरा बानो, गीता सिंह, राजेश्वरी, सुमन सिंह पुष्पा देवी, मीना तिवारी, सुमिरिती, शांति सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी व आशा मौजूद थी।

## अंग्रेजी शराब पीने से पांच लोग बीमार

सकरन /सीतापुर। अंग्रेजी शराब पीने से पांच लोग बीमार लोगों का कहना है कि कस्बे की कम्पोजिट दुकान में बेंची जा रही नकली व मिलावटी शराब। सकरन कस्बे में बिसवां रोड़ पर यज्ञशाला मोड़ के पास अंग्रेजी व बियर की कम्पोजिट दुकान से बृहस्पतिवार की साम करीब आठ बजे कस्बा निवासी रामचन्द्र ने इम्पीरियल ब्लू ( आईबी ) के दो हाफ मंगवाए थे जिनको रामचन्द्र 60 वर्ष सुनील भार्गव 30 वर्ष सन्दीप 45 वर्ष माधव 47 वर्ष कल्लू 35 वर्ष ने पिया था शराब पीने के करीब आधा घंटे के बाद सभी के पेट में तेज दर्द होने लगा कुछदेर बाद सभी लोगों के तेज बुखार व सांस फूलने लगी तब सभी लोग कस्बे के ही एक प्राइवेट डॉक्टर के यहां गए जहां करीब दो घंटे तक सब का इलाज चला तब जाकर सभी को आराम मिला हालत में सुधार होने पर रात करीब 10-30 बजे डॉक्टर ने सभी को अपने -अपने घर भेज दिया शराब का सेवन करने वाले लोगों ने बताया डॉक्टर ने कहा था कि सेवन की गई शराब में अल्कोहल की मात्रा अधिक थी तथा इसमें अधिक नशे वाली सामग्री मिलाई गई थी जिसके चलते सब बीमार हुए है बीमार हुए रामचन्द्र ने बताया कि पूरे शरीर में अभी भी दर्द है तथा पैदल चलने पर सांस फूलने लगती है सुनील भार्गव ने बताया कि सर दर्द व बुखार बना हुआ है चलने पर चक्कर सा आने लगता है।इस सम्बंध में जब जिला आबकारी निरीक्षक केपी यादव से बात की गई तो उन्होने बताया कि इस प्रकार से बीमार होना फूड़ प्वॉयजनिंग प्रतीत हो रहा है मामले की जांच कर्रवाई जाएगी।

## विद्यार्थियों ने तरणताल में तैराकी का लिया आनंद

सीतापुर। सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में शुक्रवार को द्वितीय व तृतीय कक्षा के विद्यार्थियों को तरणताल का भ्रमण करवाया गया। विद्यालय के शिक्षकों की देखरेख में आयोजित बच्चों के इस मनोरंजक एवं स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने तरणताल में स्थित स्विमिंग पूल में मौज मस्ती करते हुए तैराकी का आनंद लिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने जिम में विभिन्न प्रकार के व्यायाम किए।

# डीएम-एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया दौरा



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने एवं आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शुक्रवार को क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया। विशेषकर जुमे की नमाज के मद्देनजर शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का दौरा किया।

इस क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने खैराबाद क्षेत्र का भ्रमण किया, जहाँ वे प्रसिद्ध बाबा मखदूम शाह की मजार व लहरपुर गेट मस्जिद पर पहुँचे। वहाँ उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से शांति व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश देते हुए किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी धर्मों के प्रति सम्मान बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अफवाह या गलत जानकारी फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत बनाए रखने में सभी की भूमिका अहम है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार, अधिशाषी अधिकारी खैराबाद समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे। प्रशासनिक अमला पूरे समय क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से संवाद करता रहा और उनकी समस्याएं भी सुनीं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का यह निरीक्षण लोगों में विश्वास जगाने के साथ-साथ कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## आवेदन करने वाले लाभार्थियों को इधर-उधर भटकाया न जाये: अभिषेक आनंद

सीतापुर। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज बैंक ऑफ बड़ौदा पहुंचकर पात्रों के दिये जाने वाले ऋण की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी आवेदन प्राप्त हुये हैं, उनका निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर कर दिया जाये।

उन्होंने लम्बित पड़े प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि एक सप्ताह के भीतर सभी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यदि किसी आवेदनकर्ता के दस्तावेजों में कोई कमी या कम है तो संबंधित लाभार्थी को अवगत अवश्य कराया जाये। आवेदन करने वाले लाभार्थियों को ईधर-उधर भटकाया न जाये, उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाये। साथ ही अपना व्यवहार आवेदनकर्ता के लिये मधुर रखें। बिना किसी ठोस कारण के आवेदन निरस्त न किये जायें तथा आवेदनकर्ता से फोन पर वार्ता भी करें। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से संबंधित दस्तावेजों की सूची सभी बैंकों में लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह सहित संबंधित बैंक के अधिकारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## आग से चार घरों की गृहस्थी खाक

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के गांव दर्शन खेड़ा में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें चार घर जलकर राख हो गए। दो लोगों को पांच बकरियां जल गई। ग्रामीणों ने निजी साधनों से किसी तरह आग पर काबू पाया। सूचना पर पहुँची फायर ब्रिगेड गाड़ी ने भी आग को काबू करने मे में मदद की। भड़सर नौशाहरा के मजरा दर्शन खेड़ा में



शुक्रवार दोपहर विनोद के घर पर पड़े प्लास्टिक के छप्पर में अचानक आग लग गई जिससे पड़ोस के श्रीपाल, महेश, जसवंत और ओम प्रकाश के घर चपेट में आ गए। आग की चपेट में आने से चारों घरों की पूरी गृहस्थी, कपड़े, बर्तन, साइकिल, अनाज आदि सब कुछ जलकर राख हो गया। वहीं श्री पाल की तीन व महेश की दो बकरियां जल गई। आग लगने की सूचना पाकर गांव वाले दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुट गए साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी। आग की सूचना पाकर राजस्व कर्मियों ने पहुंचकर क्षति का आंकलन किया और रिपोर्ट उच्चाधिकारीयों को भेजने की बात कही।

## नवस्थापित पोषण पुनर्वास केंद्र का डीएम एसपी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

लहरपुर/सीतापुर। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवस्थापित पोषण पुनर्वास केंद्र मिनी एनआरसी का शुभारंभ शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने फीता काटकर किया। इस मौके पर अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई ने आगुंतकों को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार से पोषण पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चुस्त दुरुस्त व्यवस्थाओं को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की । इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि यह केंद्र कुपोषित बच्चों के लिए वरदान साबित होगा। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार से गांजर क्षेत्र को भी इस सीएचसी से जोड़ने व अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छ पेयजल, बिजली, बाल चिकित्सा उपकरण और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश कुमार ने बताया कि यह केंद्र 0 से 5 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए संचालित किया जाएगा, जहां बच्चों के साथ उनकी माताओं को भी आवश्यक परामर्श व पोषण शिक्षा दी जाएगी इस केंद्र पर कुल 10 बेड की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जिलाधिकारी से अस्पताल मार्ग पर इंटरलॉकिंग लगवाने की मांग की जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को मार्ग बनवाने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, डॉ गोविंद गुप्ता, डॉ प्रणव, डॉ विनय भदोरिया, खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री, आशा बहुएं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# नवनिर्मित सड़क का पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा शहर के मुंशीगंज जनकपुरी कालोनी स्थित कार्यालय पर बैठक की गयी। जिसमे मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि समाजसेवी नमीन्द्र अवस्थी रहे।

संगठन जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी व महासचिव विजय शुक्ला ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण व गौरी शंकर मंदिर समिति के महासचिव डॉ प्रदीप राय ने पटका पहना कर स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि नमीन्द्र अवस्थी ने मोहल्ले की नव निर्मित सड़क का फीता काट कर उद्घाटन किया। मंदिर समिति अध्यक्ष शंकर दयाल शुक्ल ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान बजरंगबली की आरती एवं पूजन कराया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने मुख्य अतिथि का सभी पदाधिकारियों से परिचय के साथ मोहल्ले की वर्षों से प्रयासरत सड़क के निर्माण कराये जाने के लिए आभार जताया। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि श्री अवस्थी ने गृह कर निर्धारण के तरीको को समझाया बैठक के अंत मे प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी व वंदना राय ने स्मृति चिन्ह भेट कर आभार जताया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी, कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता विजय कुमार अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, उपाध्यक्ष अन्नी मेहरोत्रा, डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अम्ब्रीश दीक्षित, अनिल श्रीवास्तव, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकांत बाजपेयी, अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ राम कुमार कटियार, अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ संजय शुक्ला, अध्यक्ष विधि परामर्श केंद्र रेखा द्विवेदी, कवि प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, पंकज पाण्डेय, सतीश सक्सेना, विजय श्रीवास्तव, आकाश मिश्रा, अंजनी मिश्रा, आरती राय, हर्षित मिश्रा, शुभम द्विवेदी, लाल बहादुर श्रीवास्तव, प्रमोद मिश्रा, यू किशोर वर्मा आदि रहे।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सम्मानित



लहरपुर/सीतापुर। क्षेत्र के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय लहरपुर के सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक अशोक कुमार अवस्थी को भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता व पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने उनकी शैक्षिक सेवाओं व अच्छे कार्यकाल के लिए अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला मिश्रपुर निवासी सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य अशोक कुमार अवस्थी को भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता, एवं निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा के द्वारा उन्हें ग्राम केसरीगंज में भाजपा नेता कन्हैया गुप्ता के आवास पर आयोजित एक समारोह में अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने उनके कार्यकाल व शैक्षिक सेवाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की, उन्होंने कहा कि शिक्षक का समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान है, उन्होंने इस मौके पर उनसे और अधिक सक्रियता से बच्चों को शिक्षा देने की अपील की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर दयाल रस्तोगी,वीरेंद्र पूरी, नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल,पूर्व नगर अध्यक्ष रामे बाजपेई,मनमोहन गुप्ता,मनोज गुप्ता,मुकंदेलाल त्रिवेदी ,राम नरेश त्रिवेदी,राम लखन सिंह तोमर, पंकज वर्मा,महेंद्र अवस्थी,आकाश रस्तोगी, महेश गुप्ता,अवनीश मिश्रा,प्रवीण गुप्ता,विशाल गुप्ता, वीरेंद्र मिश्रा,विपिन अवस्थी, रवि शाक्य, ज्ञानेंद्र पांडे, देवेश,कन्हैया मिश्रा , अंकुर वर्मा, प्रखर रस्तोगी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित मिले स्वास्थ्यकर्मी

सीतापुर। शुक्रवार को सीएमओ सुरेश कुमार ने सीएचसी पिसावां का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्वास्थ्यकर्मी उन्हें अनुपस्थित मिले। फिलहाल सीएचसी पर व्यवस्थाओं को लेकर वह काफी संतुष्ट दिखे। सीएमओ सुरेश कुमार ने शुक्रवार को साढ़े आठ बजे सीएचसी पिसावां का औचक निरीक्षण किया। लगभग डेढ़ घंटे बारीकी से उनका निरीक्षण क्रम चला।सर्वप्रथम उन्होंने उपस्थित



रजिस्टर की जांच की। जिसमें आठ बजे स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने वाले कर्मचारियों मे सुनील कुमार व उमेश दुबे अनुपस्थित पाए गए।साथ ही दस बजे से ड्यूटी आने वाले कर्मचारियों मे चिकित्सक अविनाश व पंकज,अखिलेश कुमार,अभिनव कुमार,दुर्गेश सिंह, ज्योति शुक्ला तथा गरिमा मिश्रा अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर इमरजेंसी वार्ड,ड्रेसिंग रूम, ओटी,प्रसव कक्ष और वार्डों आदि का निरीक्षण किया।साथ ही इस इमरजेंसी कक्ष में इमरजेंसी ट्रे न होने पर तत्काल ट्रे मंगाकर रखने के निर्देश दिए।सीएमओ सुरेश कुमार ने चिकित्सक से ट्रे पर कौन सी दवा समय पर निकालनी है।उसके लिए उन्होंने ट्रे मे दवा रखने वाले खाने मे कोड वर्ड लिखने की भी जानकारी दी।जिसके बाद वह प्रसव कक्ष मे स्टाप नर्सों से तथा ड्रेसिंग रूम मे वार्ड ब्वाय से कार्यों की जानकारी ली।जिसमें कुछ वार्ड बॉय को जानकारी न होने पर प्रशिक्षण दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। सीएमओ सुरेश कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए हैं। स्पष्टीकरण तलब करते हुए एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए है।फिलहाल निरीक्षण के दौरान साफ सफाई आदि की व्यवस्थाएं चाक-चैबंद मिली।इस अवसर पर अधीक्षक संतोष कुमार,एचईओ आनंद यादव,चिकित्सक पूर्णिक पटेल,फार्मासिस्ट दयाशंकर व अवनीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपाई बता रहे सरकार की उपलब्धियां



पुरवा, उन्नाव। भाजपा सरकार के गांव चलो अभियान को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधान सभा क्षेत्र के गांवो में लोगों के घर घर जाकर भाजपा सरकार के आठ साल बेमिसाल का बखान किया। शुक्रवार को पुरवा भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार लोधी ने कार्यकताओं व पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के गांवो में नवांव, मंगतखेडा, बैगाव, फतेहगंज, हिम्मतखेडा, मझिगवां सदकू, में लोगों के घर घर जाकर सरकार के आठ साल बेमिसाल का विस्तार से बखान किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी में सज्जन लोधी, राजकुमार राजपूत, मनीष तिवारी, शुभम श्रीवास्तव, गौरवेंद्र अवस्थी, नरेश रावत, रमेश कुशवाहा, रामखेलावन, कमल कुशवाहा, रवीन्द्र रावत, राजू, नीलू, संदीप साहू, सुमित चौरसिया, आदि लोग मौजूद रहे।

## सत्र शुरू फिर भी नहीं बंटी प्राथमिक स्कूल में पुस्तकें

उन्नाव। शिक्षा विभाग में लापरवाही की हद समाप्त होने का नाम नही ले रही है। एक ब्लाक की कार्यशैली तो जगजाहिर है। इस ब्लाक में पूर्व में बच्चों को रिपोर्ट कार्ड का वितरण किए बिना ही परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। जब मामले को अखबार ने प्रमुखता से उठाया तो इसके बाद स्थानीय अधिकारियो में हडकंप मच गया।

आनन फानन में रिपोर्ट कार्ड का वितरण कराया गया। इसके बाद इसी ब्लाक में सत्र आरंभ होने बावजूद पुस्तकों का वितरण न होना कही न कही चर्चा का विषय बना है। एक के बाद एक लापरवाही उजागर हो रही है। लेकिन स्थानीय अधिकारी सुधरने का नाम नही ले रहे है। प्राथमिक विद्यालय खुलने के बावजूद अब तक फतेहपुर चौरासी ब्लाक में पुस्तक वितरण नही किया जा सका है। हालांकि अधिकारी पुस्तकों के वितरण कराये जाने की बात कही। फतेहपुर चौरासी ब्लाक चूंकि कानपुर से सटा हुआ है इस लिए यहां पर अधिकारी अपना स्थानांतरण वरीयता से चाहते है। कारण यहां से कानपुर अपने निवास वापस लौटना आसान होता है। यहीं आम चर्चा भी बनी हुयी है। अधिकारी निरीक्षण के बहाने सीमावर्ती स्कूलों का भ्रमण करते है। इसके बाद वही से वह घर की तरफ प्रस्थान कर जाते है। इस तरह की चर्चाएं अक्सर सुनी जाती है। इन चचाओं पर विराम लगाने का एक ही तरीका है अधिकारियों की लोकेशन पर नजर बनी रहे। शायद यही कारण है कि फतेहपुर चौरासी ब्लॉक की कार्यप्रणाली में हीलाहवाली देखने को मिलती है। पूर्व में ही महानिदेश स्कूल शिक्षा के पत्र में स्पष्ट कर दिया गया था कि सत्र शुरू होते ही बच्चों को किताबे वितरित कर दी जाए। समय से ब्लाक स्तर पर पुस्तक पहुंच जाने के बावजूद स्थानीय अधिकारियों ने रुचि नही ली। जिसके चलते अभी तक ब्लाक के स्कूल में किताबे नही पहुंची। ढुलाई व्यवस्था में लापरवाही को देखते हुए इस बार पहले से ही व्यवस्थाएं पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद फतेहपुर चौरासी खंड शिक्षाधिकारी की कार्यशैली कही न कही शासन की मंशा के विपरीत नजर आ रही है।

### क्या बोले खंड शिक्षाधिकारी

इस प्रकरण में जब खंड शिक्षाधिकारी विनय कुमार विश्वकर्मा से बात की तो उन्होने बताया कि पुस्तके अभी बांटी जा रही है। ऐसे में यह बात सिद्ध हो जाती है कि सत्र शुरू हो जाने के बावजूद अभी पूर्ण रुप से पुस्तकों का वितरण नही हो पाया है।

## माता-पिता जन्म देते हैं, पर गुरु परमात्मा तक पहुंचाते हैं: डॉ. अम्मार रिजवी

सीतापुर। जीवन में गुरू का स्थान हमेशा महत्वपूर्ण रहा है। भारतीय शास्त्रों ने भी गुरू को हमेशा माता-पिता से भी पहले स्थान दिया है। माता-पिता जन्म दे सकते है किन्तु एक समाज में जीने लायक इंसान हमेशा आपको एक शिक्षक ही बनाता है। शिक्षा और दीक्षा का संतुलन ही शिक्षा को पूर्ण बनाता है। माता-पिता जन्म देते हैं, पर गुरु आत्मा तक पहुंचाते हैं। यह बात पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी ने मुख्य अतिथि के रूप में फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 48वें वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ संस्कार पर जोर देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य डॉ. सीमा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और छात्रा राशिका सिंह ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में गायन, नृत्य, एकांकी और नुक्कड़ नाटक और सामाजिक और पर्यावरणीय संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। समारोह में 2024-25 के टॉपर्स, स्पोर्ट्स, एनसीसी, एनएसएस और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्या डा. सीमा सिंह ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समारोह का संचालन डॉ. मुन्तजिर कायम और आभार प्रदर्शन प्रो0 सर्वेश कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस इकाइयों सहित अधिकारीगण, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राजकीय डिग्री कालेज में आयोजित सम्मान समारोह में बीए में रिशु वर्मा को प्रथम, निधि वर्मा को द्वितीय, तृषा चैहान को तृतीय, बीएससी गणित में सृष्टि जायसवाल को प्रथम, मो. एजाज को द्वितीय, हर्ष वर्मा को तृतीय, बीएससी जीवविज्ञान में प्रकृति जायसवाल को प्रथम, शिवांशी राजवंशी को द्वितीय, दिव्यांशी मिश्र को तृतीय, बीकाम में अर्पित कुमार को प्रथम, अनिल कुमार को द्वितीय, मोहिनी देवी को तृतीय, एमए संस्कृत में रूबी यादव, मोनी जायसवाल, अर्जिता वर्मा, एमए अर्थशास्त्र में शिवम शाह, सोनाली कश्यप, संजना वर्मा, एमए इतिहास में सत्य प्रकाश, शिवराज, कविता सिंह, एमए समाजशास्त्र में आकांक्षा वर्मा, आंचल कश्यप, मधु वर्मा, एमए उर्दू में लाइबा नूर, नाजिया खातून, फहद अहमद, एमए भूगोल में स्वीटी वर्मा, राजीव कुमार, अनुराधा रानी, एमए हिन्दी में अंशिका वर्मा, उमा पूर्णिमा, रूबी वर्मा, एमकाम द्वितीय वर्ष में वान्या गुप्ता, आकांक्षा वर्मा, आयुषी नाग को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

# वकील पूरी ईमानदारी से न्याय की जंग लड़ता है: एमएलसी




पाटन, उन्नाव। अधिवक्ता बुद्धि जीवी होने के साथ पूरी ईमानदारी से न्याय दिलाने का कार्य करता है और वह वादकारियों के कार्य के लिए लड़ाई भी लड़ता है। उक्त विचार एम एल सी रामचंद्र प्रधान ने तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन में आयोजित बीघापुर उन्नाव बार एसोसिएशन तहसील बीघापुर जनपद उन्नाव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर व्यक्त किये उन्होंने कहा कि जो तहसील न्याय का मंदिर है जहां समाज का दवा कुचला व गरीब तपके के लोग आते हैं और अधिवक्ता पूरी ईमानदारी से उनकी लड़ाई लड़ता हैं।

श्री प्रधान ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकारों ने गरीबों के हित के लिए बहुत सारी योजनाएं बनाई और उनका सही तरीके से लाभ मिल सके इसके लिए सरकारों द्वारा गांव-गांव घर-घर की योजना के माध्यम से जनप्रतिनिधियों द्वारा घर-घर पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है ताकि वह सरकार की योजनाओं को समझ सके और उसका लाभ ले सके। अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि यदि वह हमारे साथ हो जाए तो गरीबों को न्याय के लिए उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। नवनिर्वाचित बार पदाधिकारी को उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह ने पद एवं गोप नियता की शपथ दिलाई तथा उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बार और बेंच के बीच सामंजस्य बनाए रखने की अपील की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए अधिवक्ताओं को अपने सहयोग के प्रति आश्वस्त किया एवं अधिवक्ता भवन के जीणोद्धार कराने का आश्वासन दिया। शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री जावेद इकबाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को गरीबों असहाय और मजलूमों के प्रति प्यार और स्नेह होता है इसलिए उनको न्याय दिलाना अधिवक्ता गण का कर्तव्य है उन्होंने कहा कि न्याय गरीब के लिए सस्ता होना चाहिए साथ ही वाद कार्यों की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने तहसील क्षेत्र के अंतर्गत स्थाई रूप से सिविल कोर्ट बनाए जाने की बात कही। इस मौके पर उन्नाव बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गिरीशचंद्र मिश्रा ने तहसील बीघापुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी और कहा कि वकालत की गरिमा को बनाए रखना हमारा दायित्व है इसके प्रति हमें पूरी निष्ठा व विश्वास के साथ काम करना चाहिए यदि आज भी कोई भी विश्वास करता है तो वह अधिवक्ताओं पर करता है। समारोह को उन्नाव बार के मंत्री अनुज कुमार बाजपेई सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहनलाल एडवोकेट ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सदन को विश्वास दिलाया कि वह अधिवक्ताओं के द्वारा न्यायिक कार्य में जो भी लड़ाई लड़ी जाएगी वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने नाराजगी भी अपने कुछ साथियों के प्रति व्यक्ति की और उनके सहयोग न मिलने की बात अपने शब्दों में कहीं। आए हुए सभी अतिथियों का बार एसोसिएशन की ओर से प्रतीक चिन्ह अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता चंद्रकांत वाजपेई संचालन अवशेष प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर तहसीलदार मनीष द्विवेदी, चुनाव अधिकारी निर्मल कुमार एडवोकेट, श्यामू एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारी

पाटन उन्नाव। मोहनलाल एडवोकेट अध्यक्ष, देशराज यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुराग बाजपेई उपाध्यक्ष ,अशोक कुमार वर्मा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, मनीष कुमार जायसवाल महामंत्री, लाल मनोहर सिंह वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य, रामबरन वर्मा कोषाध्यक्ष, सुरेश कुमार गौतम, सौरभ श्रीवास्तव ,सुरेंद्र कुमार रावत संयुक्त मंत्री पद के लिए निर्वाचित हुए हैं।

## अध्यक्ष पद के लिये कमलेश्वर व देवेंद्र के मध्य होगा मुकाबला

लहरपुर/सीतापुर। लहरपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की वापसी के उपरांत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री पद पर होगा चुनाव, बाकी सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित होंगे। चुनाव अधिकारी एडवोकेट कमलेश्वर त्रिपाठी के अनुसार अध्यक्ष पद से श्रवण जायसवाल के द्वारा अपना नाम वापस ले जाने के बाद अब कमलेश वर्मा व देवेंद्र पांडे के मध्य अध्यक्ष पद हेतु सीधा मुकाबला होगा व महामंत्री मंत्री पद हेतु रविपकाश द्वारा अपना नामांकन वापस लिए जाने के बाद कृपाशंकर पांडे, व सरोज अवस्थी के मध्य चुनाव होगा,। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु राम सुचित, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से अधिक बूटा सिंह ,कोषाध्यक्ष पद हेतु महेंद्र कुमार द्विवेदी, संयुक्त मंत्री पद हेतु श्रीकांत सिंह, उमेंद्र कुमार , कनिष्क सदस्य पद हेतु दुर्गेश गिरी का निर्विरोध बनना तय हैं। चुनाव अधिकारी एडवोकेट कमलेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि, लहरपुर बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारीयों के चुनाव हेतु चल रही प्रक्रिया में शुक्रवार को नाम वापसी के बाद स्थिति साफ हो गई है और अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए आगामी 15 अप्रैल मंगलवार को मतदान कराया जाएगा।

संक्षेप

## दलालों का शिकार हुई महिला, दलाल फरार

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) के महिला अस्पताल में दलालों की सक्रियता के चलते बीते माह हुयी महिला की मौत के मामले में भारी बवाल हुआ था। इस कार्यवाही में एक महिला चिकित्सक को निलम्बित किया गया था, तो वहीं दूसरी ओर एक अन्य महिला चिकित्सक पर कार्यवाही के साथ इलाइट क्षेत्र स्थित निजी नर्सिंग होम पर भी सीज की कार्यवाही अमल में लायी गयी थी। इन सभी प्रकरणों के बावजूद अस्पताल में दलालों की सक्रियता पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। शुक्रवार को जिला अस्पताल में इलाज कराने आयी महिला मरीज और उसके तीमारदार से तीन हजार रुपये लेकर एक महिला फरार हो गयी। प्रकरण को लेकर बताया जा रहा है कि निकटवर्ती ग्राम मैलार में रहने वाली महिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंची हुयी थी। इसी दौरान उसे अस्पताल में एक महिला व एक पुरुष मिले, जिन्होंने बेहतर उपचार कराने का झांसा देते हुये तीन हजार रुपये ले लिये और अस्पताल से फरार हो गये। महिला ने जिला प्रशासन से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई को

**बांदा।** जनपद न्यायाधीश डॉ० बब्बू सारंग, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में आगामी 10 मई को प्रातः 8 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रि-लिटिगेशन वाद, सिविल वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर वाद, भरण-पोषण सम्बन्धी वाद, चेक बाउन्स व मोटर यान अधिनियम सम्बन्धी वाद, शमनीय दाण्डिक वाद, आबीर्टेशन वाद, राजस्व वाद, चकबन्दी वाद, बैंक रिकवरी, श्रम, बीमा, बिजली व टेलीफोन सम्बन्धी वाद, जलकर निर्धारण, नगर पालिका कर निर्धारण के विरुद्ध अपील आदि का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा। उन्होने इसके लिए विधि व्यवसायियों, वादकारी, जनता एवं अन्य लोगों से अपील की है कि वह अपने वादों के निस्तारण के लिए अधिक से अधिक संख्या में 10 मई शनिवार को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद नियत कराते हुए सुलह-समझौता के जरिए अवसर का लाभ उठावें।

## तीन तस्कर गिरफ्तार

**बहेड़ी, बरेली।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानो से तीन स्मैक तस्करों को पकड़ा है। पकड़े गए तीनो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उन्हें थाने ले आई।

इस मामले में पुलिस ने स्मैक तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कट उन्हें जेल भेज दिया।पुलिस ने केसर इंटर कॉलेज के ग्राउंड के पास से जीशान पुत्र मो0 असलम व जाकीउद्दीन निवासीगण विलाल मुस्तफा मस्जिद के पास उजाला नगर थाना वनभूलपुरा हल्द्वानी जिला नैनीताल को पकड़ा है।

तलाशी के दौरान पुलिस ने दोनो के पास से 21 ग्राम स्मैक, 560/-रुपए और 2 मोबाइल बरामद किये हैं।इसके अलावा पुलिस ने ग्राम मुरारपुर मोड़ के पास से 15 ग्राम स्मैक के साथ नसीर उर्फ कल्लू पुत्र सगीर निवासी ग्राम जोखनपुर थाना बहेड़ी को गिरफ्तार किया है।

# भाजपा लक्ष्य प्राप्त करने तक आगे बढ़ती रहेगीः राकेश मिश्रा



**बरेली।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पखवाड़ा के दौरान कैंट विधानसभा में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता ब्रज क्षेत्र के महामंत्री राकेश मिश्रा ने पार्टी के 1980 से लेकर अब तक के राजनीतिक सफर का विस्तार से विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है जो लक्ष्य प्राप्ति तक लगातार आगे बढ़ती रहती है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने वह दौर भी देखा है जब लोकसभा में केवल दो सांसद जीतकर पहुंचे थे, लेकिन निरंतर संघर्ष और जनसमर्थन से भाजपा ने आज देश की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने भाजपा को खत्म करने के लिए हर संभव प्रयास किए लेकिन पार्टी कभी रुकी नहीं।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि सरकार गरीबों, किसानों और युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है। वहीं महापौर डॉक्टर उमेश गौतम ने शहर के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि 2025 तक बरेली महानगर की कोई गली कच्ची नहीं रहेगी और ना ही अंधेरे में डूबी रहेगी। महापौर ने कार्यक्रम में बोलते हुए नाराजगी जताई कि उनके ही कुछ सहयोगी उनके सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि ऐसे लोगों को अब पर्दे के पीछे नहीं, बल्कि सामने लाकर सबक सिखाया जाएगा।सम्मेलन में एमएलसी सुधीर गुप्ता ने देश के विकास में केंद्र और राज्य सरकार की भूमिका की सराहना की। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के चलते नाथ नगरी कॉरिडोर जैसी बड़ी परियोजनाएं साकार हो रही हैं। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने सभी कार्यकताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग और स्नेह से ही उन्हें एक बार फिर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिली है।इस सम्मेलन में एससी/एसटी आयोग के सदस्य उमेश कठेरिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. सीपीएस चौहान, विष्णु शर्मा, देवेंद्र जोशी, तृप्ति गुप्ता, अरुण कश्यप, प्रभु दयाल लोधी, सोनू कालरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राज बहादुर सक्सेना ने किया।

## लापता बहनों को पुलिस ने किया बरामद

**बरेली।** गुरुवार की सुबह घर से निकलीं तीन बहनों के अचानक लापता होने से थाना अलीगंज इलाके में हड़कंप मच गया। मगर, पुलिस की मुस्तैदी और तेज एक्शन ने 24 घंटे भी नहीं लगने दिए और दो बच्चियों को सकुशल वापस लाकर एक परिवार की दुनिया फिर से रोशन कर दी।तीनों बहनें झ जिनमें से एक महज 10 साल की, दूसरी 16 और तीसरी 23 वर्ष की है झ सुबह घर से स्कूल के लिए निकलीं थीं।

रिजल्ट लेने के बाद जब वे घर नहीं लौटीं, तो परिजनों की बेचैनी बढ़ती गई। हर गली, हर पहचान के दरवाजे खटखटाए गए, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंत में अलीगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जैसे ही मामला पुलिस के बड़े अफसरों तक पहुँचा।

एसपी साउथ अंशिका वर्मा के निर्देश पर छह टीमें गठित की गईं। रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, प्राइवेट ट्रैवल्स कहीं भी कोई कसर नहीं छोड़ी गई।

जीआरपी और आरपीएफ की मदद से शहर की सीमाओं पर निगरानी तेज कर दी गई।लगातार 15-17 घंटे की अथक मेहनत के बाद शुक्रवार को पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली।

तीन में से दो बहनें मिल गईं।एसपी साउथ ने बताया कि तीसरी छात्रा की भी जल्द ही बरामदगी कर ली जाएगी।

# जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना देने में लापरवाही न बरतेंः सूचना आयुक्त



**बिजनौर।** राज्य सूचना आयुक्त मौ0 नदीम की अध्यक्षता में जिले के समस्त विभागों के जन सूचना अधिकारियों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह सहित सभी जन सूचना अधिकारी एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारी मौजूद थे।

राज्य सूचना आयुक्त उ0प्र0 मौ0 नदीम ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का तात्पर्य जन सामान्य को जवाब देही और शासकीय कार्यों में पारदर्शिता बरतना है। उन्होंने कहा कि आम नागरिक का अधिकार है कि वह सूचना अधिकार के अंतर्गत निहित धाराओं के अनुरूप सूचनाएं प्राप्त करें और इसी के साथ शासकीय अधिकारियों का कर्तव्य है की सूचना मांगने वाले को निर्धारित समय अवधि में सूचनाऐं उपलब्ध कराई जाए। यदि किसी कारणवश शिकायतकर्ता को वांछित जानकारी देना संभव न हो तो निर्धारित प्रावधानों के हवाले के साथ उनको 30 दिन के अंदर सूचित करना सुनिश्चित करें ताकि वह संतुष्ट हो सके। उन्होंने जन सूचना से संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्ष 2022 एवं 2023 के जो वाद लंबित हैं उनका पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध अर्थ दंड की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि मासिक रूप से सूचना अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों की समीक्षा करें और यथासंभव अधिक से अधिक वाद अपीलीय अधिकारी स्तर पर ही निस्तारित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें। उन्होंने सभी प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि शिकायतकर्ता द्वारा की गई अपील को ध्यान पूर्वक पढ़ें और यथासंभव उनको सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि द्वितीय अपील के लिए उनको आयोग जाने के लिए बाध्य न होना पड़े। उन्होंने बताया कि एक साल पूर्व उनके कार्यभार ग्रहण करने के समय लगभग 26 हजार वाद उनकी अदालत में लंबित थे, इस अवधि में उनमें से 70 प्रतिशत से अधिक वादों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई न होने की वजह से 20 हजार से अधिक नए केस लंबित हैं, जिनमें अनावश्यक विलम्ब एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्वक कार्यवाही न करने पर 569 केसों में उनके द्वारा अर्थदंड लगाया जा चुका है। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा सूचना आयुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा गया कि उनके द्वारा दिए गए आदेशों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा और जन सूचना अधिकार से संबंधित प्रकरणों को गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए मासिक रूप से समीक्षा भी की जाएगी।

# संघ का पथ संचलन, नगरवासियों ने बरसाये स्वयंसेवकों पर फूल



**बांदा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की नगर इकाई ने 9 संवत सर के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया। नगर के सैकड़ों स्वयं सेवकों का विशाल पथ संचलन राइफल क्लब मैदान से शुरू होकर शहर के कई मार्गों से निकला। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का अभिनंदन किया।

संचलन के दौरान अमर टाकीज चैराहे पर रोटी बैंक सोसायटी के तत्वावधान में यात्रा पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसमें रोटी बैंक के संरक्षक, शादी जमा, चंद्रमौलि भरद्वाज, मनु बंसल, संगठन मंत्री सुनील सक्सेना, सौरभ अग्रवाल, सचिन चतुर्वेदी व अन्य लोग मौजूद रहे। संचलन के समापन के पश्चात स्वयं सेवकों ने संघ की सामूहिक प्रार्थना की। इसके बाद अमृत वचन और गीत के पश्चात पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र के कार्यवाह अनिल ने स्वयंसेवकों ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति विश्व में सबसे प्राचीन है। जिसका सभी को गर्व होना चाहिए। उन्होने स्वयं सेवकों को सामाजिक जीवन में भी अनुशासन एवं संयम का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला संचालक सुरेन्द्र, नगर संघ चालक रामनाथ, विभाग प्रचारक मनोज, जिला कार्यवाह श्यामसुंदर, जिला प्रचारक अनुराग, राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के अलावा बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# प्रशासन ने पकड़ी नगीना क्षेत्र में अवैध खनन माया और सतीश से होगी लाखों की वसूली

शहजाद अंसारी



**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित एंव राजस्व ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद बिजनौर में उपखनिजों के अवैध खनन/परिवहन की शिकायतो के सम्बन्ध में तहसील नगीना क्षेत्रान्तर्गत उपजिलाधिकारी नगीना, तहसीलदार नगीना, नायब तहसीलदार नगीना, खान निरीक्षक बिजनौर व क्षेत्रीय लेखपाल/राजस्व निरीक्षक ग्राम शाहअलीपुर गूदड/अब्दुलफजलपुर पहाडा द्वारा ग्राम शाहअलीपुर गूदड व ग्राम अब्दुल्लापुर पहाडा में संचालित परमिटो की जाँच परमिटधारक व उनके प्रतिनिधि की मौजूदगी में 21 मार्च, 2025 को संयुक्त रूप से की गयी।

अपर जिलाधिकारी वित एंव राजस्व के अनुसार नगीना तहसील के ग्राम शाहअलीपुर गूदड में परमिटधारक मैसर्स आर0के0 कन्सट्रक्शन प्रोपराईटर माया देवी पत्नी राकेश्वर सिहं पुत्री गनेश सिहं निवासी अमखेडा शंजरपुर तहसील धामपुर जिला बिजनौर द्वारा अपने पक्ष में स्वीकृत तहसील नगीना के ग्राम शाहअलीपुर गूदड के गाटा सं0 45 कुल रकबई 1.500 हे0 भूमि से बाहर कुल 380 घनमीटर आर0बी0एम एवं परमिटधारक मैसर्स एम0पी0एस0 एन्टरप्राइजेज प्रोपराईटर सतीश कुमार पुत्र मुरारी सिहं निवासी ग्राम चान्दपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा अपने पक्ष में स्वीकृत तहसील नगीना के ग्राम अब्दुलफजलपुर पहाडा के गाटा सं0 70 मि कुल रकबई 1.265 हे0 भूमि से बाहर कुल 1355 घनमीटर आर0बी0एम का अवैध खनन पाये जाने पर उनके विरूद्ध अवैध खनन किये गये उपखनिजो की रायल्टी, खनिज मूल्य व अर्थदण्ड की कुल धनराशि क्रमशः रू0 7,61,775/ व रू0 37,66,905/ अधिरोपित की गयी है, जिसको खनिज विभाग के निर्धारित लेखाशीर्षक में जमा कराये जाने के लिए उनके विरूद्ध आदेश किये गये हैं।

## कोतवाली पहुंचे एसपी, किया निरीक्षण



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, हवालात आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये । मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। एसपी ने थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चैराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुये प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ललितपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फरार्टे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## बीस तक अवश्य करा लें ई-केवाईसी

**ललितपुर।** आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग जवाहर भवन लखनऊ के पत्र से अवगत कराया गया है कि 30 अप्रैल 2025 तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण नहीं की जाती है तो इस दशा में उपलब्ध कराये जाने वाले खाद्यान्न आवंटन की मात्रा में भारत सरकार के स्तर से कटौती कर दी जायेगी। जनपद ललितपुर में अभी तक 78.76 प्रतिशत राशन कार्डधारकों द्वारा मुखिया एवं यूनिटों की ईकेवाईसी करायी गयी है। अतएव जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों एवं यूनिटों, सदस्यों से आह्वान किया है कि 20 अप्रैल 2025 तक अनिवार्य रूप से अपने निकटतम उचित दर दुकान पर जाकर मुखिया एवं समस्त यूनिटों की निरूशुल्क ई-केबाईसी करा लें, यदि संबंधित राशन कार्डधारक द्वारा ई-केवाईसी नहीं करायी जाती है तो यूनिट का खाद्यान्न से वंचित होना पड़ सकता है जिसके लिये राशन कार्डधारक स्वयं उत्तरदायी होंगे। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि प्रतिदिन दुकान खोलकर दुकान से सम्बद्ध समस्त अवशेष राशनकार्डों के मुखिया एवं यूनिट की निरूशुल्क ई-केवाईसी करना सुनिश्चित करें यदि किसी कार्डधारक द्वारा यह शिकायत की जाती है कि विक्रेता द्वारा दुकान नहीं खोली जा रही है या ई-केवाईसी नहीं की जा रही है तो संबंधित विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# फिक्स दुकानों से मोटी रकम पर कोर्स लेने को विवश कर रहे प्राइवेट स्कूल



**ललितपुर।** बजरंग सेना संगठन ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को दो सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शहर के एक विद्यालय में लगातार कई वर्षो से हिंदू धर्म संस्कृति की सभ्यता को अपमानित किया जा रहा है। पढ? वाले हिंदू बच्चो को ही लगातार टारगेट किया जा रहा है। हाथों में कलावा, माथे पर टीका और देवी देवताओं के ताबीज आदि पर प्रतिबंधित किया जाता है, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी आया है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मुद्दे पर जल्द से जल्द कोई विशेष कार्यवाही करते हुए जिला प्रबंधन पर ठोस कार्यवाही करने की मांग उठायी है। दूसरी समस्या के बारे में बताया कि ललितपुर जिले में विगत कई वर्षों से शिक्षा विभाग द्वारा हर वर्ष स्कूलों में हर कक्षाओं के पाठ्यक्रमों बदल दिया जाता है। प्राइवेट स्कूलों में अपनी मर्जी के स्टेशनरी की दुकानों पर छात्रों के अभिभावकों को उसी दुकान की पर्ची देकर भेजा जाता है, जहां पर उसे दुकानदार द्वारा अधिक से अधिक दामों में अपनी मनमर्जी की मूल्य पर बच्चो के कोर्स को बेचा जाता है। ज्ञापन में बताया गया जहां एक ओर कुछ दिनों पूर्व सुप्रीम कोर्ट और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशीय शिक्षा विभाग को आदेशित करते हुए एक ही निर्धारित मूल्य और किताबों के पाठ्यक्रम को न बदलने की आदेश दिए गए थे पर उसके बाद भी जिला ललितपुर में शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आखिर कब तक कुछ गरीब परिवार इस बोझ को ढोते रहेंगे। ज्ञापन देते समय कविता पस्तोर, ममता तिवारी, राजकुमारी दुबे, सुमन रावत, खुसाल समैया आदि है।

# पुरानी पेंशन बहाली मांग को लेकर दिल्ली में एक मई को विशाल प्रदर्शन की तैयारी



**बिजनौर।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर एक मई को दिल्ली के जंतर मंतर में विशाल प्रदर्शन की तैयारी को लेकर जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक सनातन धर्म इंटर कॉलेज में जिलाध्यक्ष प्रीत वर्धन की अध्यक्षता एवं सिद्धार्थ शर्मा के संचालन में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने बीते दिन आयोजित बैठक में कहा कि आगामी एक मई को दिल्ली जंतर मंतर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में यूपीएस एवं एनपीएस के विरोध में विशाल प्रदर्शन होगा। जिसमें देश भर के शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे, हमें जिम्मेदारी के साथ प्रत्येक शिक्षकों एवं कर्मचारियों की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। जिलाध्यक्ष प्रीतवर्धन ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से एक मई के विशाल प्रदर्शन में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शामिल करने का आह्वान किया। बैठक में एक मई को मुजफ्फरनगर से हजारों की संख्या में कर्मचारियों को दिल्ली ले जाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में बिजनौर आईटीआई कर्मचारी संघ के जिला मंत्री आशीष सक्सेना बिजनौर अटेवा जिला मंत्री सुभाष चंद्र यादव, यशपाल अरोरा, डॉ. दीपक गर्ग, रमेश चंद, विशाल भारद्वाज, सुनील पंवार, मनोज त्यागी, संगीता जावला, सार्थक शर्मा, कपिल शर्मा, अनिल सिंह, सहदेव, संजीव कुमार, शुभम शर्मा, रोशन लाल, मदन पाल, संजीव जावला, आकाशदीप, बिजेंद्र बहादुर, विरेन्द्र कुमार, अमृतपाल डागर, आदेश शास्त्री आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम ने अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**बांदा।** डीएम ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों के जनरल वार्ड, पेडियाट्रिक वार्ड, एनआईसी केंद्र तथा दवा वितरण केंद्र व चिकित्सकों के कक्षों तथा वन स्टॉप सेंटर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी जे0 रीभा ने मरीजों से बात करते हुए चिकित्सीय उपचार के संबंध में जानकारी ली और सीएमएस डॉ एस डी त्रिपाठी से अस्पताल में बच्चों को भर्ती किये जाने के लिए एनआरसी केंद्र में अतिरिक्त कक्ष, वार्ड की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए की गर्मी के मौसम को देखते हुए डायरिया एवं अन्य बीमारियों से संबंधित इलाज की व्यवस्था अस्पताल में रखी जाए तथा सफाई की बेहतर व्यवस्था रखने एवं तीमारदारों के लिए बैठने की व्यवस्था भी कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. एस. डी. त्रिपाठी एवं अन्य चिकित्सक तथा स्टॉफ मौजूद रहा।

# सर्व ब्राह्मण विकास परिषद के जिलाध्यक्ष बने अजय



**ललितपुर।** सर्व ब्राह्मण विकास परिषद की बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में संगठन का विस्तार हेतु सर्वसम्मति से अजय रावत क्षेत्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर अवस्थी की सहमति से जिले में अजय तिवारी नीलू को जिलाध्यक्ष व युवा जिलाध्यक्ष नीरज तिवारी मसौरा को बनाया गया।

● युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाये गए नीरज तिवारी मसौरा

वक्ताओं ने अपने विचार रखे तथा ब्राह्मणों के हित के लिये जो भी कार्य होंगे, उसमें अहम भूमिका में अपना योगदान देने की बात कही गई। साथ जनपद के कार्यकारणी का विस्तार गांव-गांव तक संगठन में जोड? पर बल दिया जायेगा। आने वाले समय मे विभिन्न कार्यक्रम हेतु रूप रेखा तय की जायेगी। इस दौरान अशोक रावत, गिरजा शंकर द्विवेदी, शिवनारायण नायक, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, बृजमोहन संज्ञा, रमेश पाठक, राजीव बवेले सप्पू, कुलदीप तिवारी, अखिलेश कुमार लिटोरिया, आनंद संज्ञा, श्याम बिहारी कौशिक, अजय तिवारी नीलू, नीरज तिवारी मसौरा, आशीष तिवारी, नीरज तिवारी, अशोक कुमार रावत, अनिल कुमार रावत, संतोष कुमार मिश्रा, राहुल चैबे, अजय शंकर पांडे, राममनोहर पस्तोर, अजय रावत, रामकिंकर पटेरिया, महेश पटेरिया, सरमन लाल चैबे, रमाकांत तिवारी, डा.दीपक चैबे, सुनील पटेरिया, बृजेश चैबे, रमाकांत तिवारी, नीरज दुबे खजुरिया, रामू रिछारिया, राजेश दुबे एड., तिलकराम कौशिक, भोलाशंकर पस्तोर, रितु समाधिया, अंशु तिवारी, कविता पस्तोर, आशा कौशिक, उपासना पाठक, नीलम दुबे, सुमन रावत, संगीता गोस्वामी, वंदना चैबे, प्रेरणा शर्मा, समीक्षा मिश्रा, आकांक्षा टोटे आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता अशोक रावत ने की व संचालन सुबोध गोस्वमी ने किया।

## खड़ी ट्राली के टायर चुरा ले गये चोर

**देवरनियां, बरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर चार गांव बसुधरन जागीर निवासी सविर अली पुत्र सिकंद शाह ने पुलिस को दी तहरीर देकर देवरनियाँ पुलिस को बताया कि बीते मंगलवार की रात उनकी खाली ट्राली गांव में ही ईट भट्ठा के पास लगे धर्म कांटे के पास खड़ी थी । जहां कुछ और भी ट्रालियां खड़ी रहती हैं। बड़ी का आरोप है, कि मंगलवार को ट्राली के पास एक ट्रक जिसे गुंध गुलड़िया का चालक कृष्णा पाल पुत्र सूरज पाल चलता है । ने टैली के पास में ही अपने ट्रक में भूसा भरा था। आरोप है कि भूसा भरने बालों ने ही ट्राली के टायर चोरी कर लिए हैं। चोर ट्राली के टायर चोरी करने के बाद जग ट्राली के नीचे ही लगा छोड़ गए हैं। जब साबिर अली सुबह अपनी टैली देखने पहुंचे । तो उन्हें पता चला कि उनकी ट्राली के एक तरफ के टायर चोरी हो चुके हैं। सविर अली ने ट्रॉली के टायर चोरी करने वाले के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है।इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पर्स वापस कर पुलिसकर्मी ने पेश की मिशाल



**बांदा।** शहर के बाबूलाल चैराहा के पास ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिसकर्मी को सड़क पर गिरा रुपयों से भरा पर्स मिला। लेकिन यातायात पुलिसकर्मी ने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए उसके स्वामी का पता लगाकर रुपयों से भरा पर्स उसके सुपुर्द कर दिया। बताते चलें कि यातायात शाखा मे तैनात आरक्षी अभिषेक पाण्डेय को ड्यूटी के समय बाबूलाल चैराहे के पास एक पर्स गिरा हुआ मिला। उन्होने पर्स उठाकर देखा तो उसमें 17 हजार रुपये, आधार कार्ड, एटीएम, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मिला। आरक्षी अभिषेक पाण्डेय ने आधार कार्ड की मदद से उसके स्वामी सूरज प्रसाद पुत्र सुरेश चंद्र निवासी कालवन गंज शहर कोतवाली का पता लगाकर रुपयों से भरा पर्स वापस किया। सूरज प्रसाद ने पर्स में रुपये व कागजात पाकर बेहद प्रशन्नता जताई और पुलिसकर्मी का हृदय से आभार जताया। बताते चलें कि ऐसे ईमानदार पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मचारी बहुत ही कम देखे जा रहे हैं। लेकिन अब भी कुछ ऐसे ईमानदार कर्मचारी हैं जो किसी दूसरे की संपत्ति को कूड़ा समझकर उसे वापस कर देते हैं।

## पुण्यस्मृति में आश्रम निर्माण के लिए दी 2 लाख 51 हजार की धनराशि



**ललितपुर।** जनपद की समाजसेवी संस्था अन्नपूर्णा सेवा संघ ललितपुर के अंतर्गत मानसिक रूप से विक्षिप्त बेघर एवं असहाय जरूरतमंदों के आश्रय हेतु निमार्णाधीन अन्नपूर्णा निराश्रित आश्रम के निर्माण हेतु जनपद सहित अनेकों स्थानों से दानदाताओं द्वारा पुनीत कार्य हेतु सहयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी एवं सरार्फा कारोबारी मनमोहन आयुष जड़िया मोहन ज्वेलर्स द्वारा स्वर्गीय श्रीमती राम लली प्रेम नारायण जडिया की पुण्य स्मृति में निराश्रित आश्रम में एक कमरे के निर्माण के लिए 2 लाख 51 हजार रुपए की धनराशि का स्वीकृति पत्र संस्था के पदाधिकारी अमित प्रिय जैन को सौंपा। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारियों द्वारा उनकी प्रशंसा करते हुये सभी से इस पुनीत कार्य हेतु सहयोग करने की अपील की है।

# विरोध के बहाने हिंसा

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित किसी भी देश में विचार अभिव्यक्ति की, शांति पूर्ण विरोध की, धरना-प्रदर्शन की आजादी होती है। इस संदर्भ में वक्फ़ संशोधन कानून का विरोध करने की आजादी सबको है, लेकिन संविधान और कानून की मर्यादा में रहकर। वक्फ़ कानून पर संसद में दो-दो बजे रात तक बहस हुई है और व्यापक विमर्श के बाद ही इसे पास किया गया है। कानून की संवैधानिकता को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी गयी है। ऐसे में जिस तरह के विरोध देश में हो रहे हैं वह गंभीर चिंता का विषय हैं। वक्फ़ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सर्वोच्च अदालत 15-16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। चूंकि संसद के दोनों सदनों से वक्फ बिल पारित हो चुका है, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी हस्ताक्षर कर दिए हैं, लिहाजा अधिसूचना जारी होने के बाद वक्फ का नया कानून प्रभावी हो चुका है। संसद में आधी रात तक बहस चलती रही, सत्ता और विपक्ष के सांसदों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं और मत-विभाजन के बाद बिल पारित किया गया। इससे अधिक और कारगर लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रक्रिया और क्या हो सकती है? यही संसदीय प्रक्रिया सात दशकों से जारी रही है और बड़े-बड़े फैसले लिए गए हैं। बिल पारित किए जाते रहे




हैं। अब विपक्ष के एक तबके ने कानून को असंवैधानिक करार देते हुए उसे सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी है, तो यह हास्यास्पद और पूर्वाग्रह से भरा हुआ है। अलबत्ता अदालत में जाना भी संवैधानिक अधिकार है। अब सर्वोच्च अदालत नये वक्फ कानून की समीक्षा करेगी और अपना फैसला सुनाएगी। इसके बावजूद देश के कुछ हिस्सों में हिंसा, मारपीट, नफरत और आगजनी के दृश्य क्यों दिख रहे हैं? जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ संशोधन कानून की प्रतियां फाड़ दी गईं, विधायकों ने जमकर हाथापाई की, सदन में हुड़दंग मचाया। दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में भी वामदलों और कांग्रेस के छात्र-नेताओं ने वक्फ बिल की प्रतियां फाड़ीं। उन्हें जला भी दिया। उप्र के संभल, मुजफ्फरनगर, कानपुर आदि इलाकों में जिन्होंने वक्फ संशोधन बिल का समर्थन किया था अथवा जो 'शुक्रिया भाईजान मोदी' के नारे लगा रहे थे, बैनर लहरा रहे थे, उन्हें बुरी तरह पीटा गया। मुजफ्फरनगर में एक बुजुर्ग व्यक्ति को भी नहीं बख्शा गया। मणिपुर में बिल के समर्थक का घर तक जला दिया गया। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ बिल के विरोधी पुलिस से ही भिड़ गये। खूब हिंसा हुई और पुलिस वाहन फूंक दिए गए। घटनास्थल पर बड़े-बड़े पत्थर देखे गये, जाहिर है कि पथराव भी किया गया होगा। आखिर यह कैसा लोकतंत्र और किस तरह की सांविधानिक प्रतिक्रिया है? यदि वक्फ के नये कानून के तहत मुसलमानों का कुछ छिन सकता है, मौलिक अधिकार खंडित हो सकते हैं, तो इंसाफ की गुहार के लिए सर्वोच्च अदालत है। ऐसे चेहरे शीर्ष अदालत में कानून को चुनौती दे चुके हैं। अदालत को अपना काम करने दें और फैसले का इंतजार करें। संसद में नागरिकता संशोधन बिल भी पारित किया गया था। उस पर करीब 250 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गईं। मामला अब भी लंबित है। तीन तलाक को जब आपराधिक कानून बनाया गया, तो उसके खिलाफ भी 15 याचिकाएं दाखिल की गईं। अयोध्या के 'राम मंदिर' पर संविधान पीठ का फैसला आने के बाद भी पुनर्विचार याचिकाएं दी गईं। हालांकि उन्हें खारिज कर दिया गया। अनुच्छेद 370 को खत्म करने को भी चुनौती दी गयी थी जिसे सर्वोच्च अदालत वैध करार दे चुकी है। दरअसल एक विशेष तबके की फितरत ही ऐसी है कि उसे मोदी सरकार के संसदीय फैसलों का विरोध करना ही है। ऐसे लोगों को कभी भी संतुष्ट नहीं किया जा सकता है। जहां तक वक्फ कानून की बात है तो इसे संसद ने बहुमत से पारित किया है और अब यह कानून बन चुका है। सर्वोच्च अदालत वक्फ कानून की संवैधानिकता की जांच करेगी और जो फैसला देगी उसे भी सबको मानना पड़ेगा। ऐसे में बेवजह विरोध का वितण्डा खड़ा करना सियासी एजेंडा भले हो, गरीब मुसलमानों का इससे कोई भला नहीं होगा।

---

विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

–स्वामी विवेकानन्द.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ–स्थान से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

–गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक–दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

–महात्मा गांधी.

# गरीबों के प्रति हमेशा समर्पित रहे डॉ. साहब

> डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी ने बैडमिंटन खिलाड़ियों को देश-विदेश में बेहतरीन ट्रेनिंग दिलायी, लखनऊ में बैडमिंटन अकादमी की स्थापना की और इस तरह न सिर्फ बैडमिंटन को देश में क्रिकेट के बाद सबसे लोकप्रिय खेल बना दिया बल्कि बैडमिंटन में भारत को सुपर पावर भी बनाया। आज हमारे देश के बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक मेडल जीत रहे हैं, तो इसके पीछे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी का ईमानदारी और दृढ़ निश्चय के साथ किया गया प्रयास प्रमुख है।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्य तिथि (31 मार्च 1961 - 12 अप्रैल 2017) पर विशेष आलेख

व्यवसाय की पृष्ठ भूमि से निकल कर लखनऊ तथा भारत की राजनीति में कम उम्र में ध्रुव तारा की तरह चमकना सिर्फ एक दृढ़ निश्चय वाले व्यक्ति के लिए ही संभव है। जो चलते रहे, बढ़ते रहे, थके नहीं, झुके नहीं। ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे, डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का जन्म 31 मार्च 1961 को लखनऊ में हुआ था। इनके पिता स्व. बाबू बनारसी दास महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राजनेता एवं उत्तर प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री भी रहे। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जन्म से ही एक एक होनहार एवं प्रतिभाशाली व्यक्तित्व वाले थे। इनकी प्रारंभिक शिक्षा कॉल्विन तालुकेदार कॉलेज में हुई और फिर एमबीए, एलएलबी, डीपीए और पीएचडी की डिग्री प्राप्त की।

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी का पूरा जीवन गरीबों की मदद करने, समाज सेवा में और देश को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में बीता। शिक्षा क्षेत्र को आगे बढ़ाने में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी की विशेष दिलचस्पी थी। उनकी सोच थी कि शिक्षा समाज को बदलने का सबसे सशक्त माध्यम है। महापुरुषों की भांति डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने भी इस तथ्य को भलीभांति पहचाना और लखनऊ को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित करने का स्वप्न देखा। लखनऊ को विश्वस्तरीय शिक्षा केन्द्र के रूप में विकसित करने के अपने सपने को साकार करने के लिए उन्होंने बीबीडी शिक्षण समूह की स्थापना की। आज बीबीडी शिक्षा समूह के तहत संचालित अनेक स्कूल लखनऊ को शिक्षा का हब बनाने में महती भूमिका निभा रहे हैं। बीबीडी शिक्षा संस्थान से निकलने वाले लाखों युवा देश-दुनिया की तमाम बड़ी-बड़ी कंपनियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और सरकारी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और योग्यता के साथ देश की सेवा कर रहे हैं। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता भारत को वैश्विक खेल शक्ति के रूप में भी विकसित करना चाहते थे। उनका सपना था कि हमारे देश के खिलाड़ी दुनिया भर में अपनी खेल प्रतिभा की धाक स्थापित करें। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी स्वयं भी बैडमिंटन के बेहद उम्दा खिलाड़ी थे और राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में उन्होंने एक बेहतरीन शटलर के रूप में बैडमिंटन कोर्ट पर अपने खेल हुनर का प्रदर्शन भी किया था। वे यह बात अच्छी तरह से जानते थे कि कैसे देश को खेल के क्षेत्र में सुपर पावर बनाया जा सकता है। उन्होंने बैडमिंटन को आगे बढ़ाने के लिए अनेक वर्षों तक बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में सेवा की और इसी दौरान प्रीमियर बैडमिंटन लीग की शुरुआत की। इससे देश के बैडमिंटन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिला।

अपने दौर में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी ने बैडमिंटन खिलाड़ियों को देश-विदेश में बेहतरीन ट्रेनिंग दिलायी, लखनऊ में भी बैडमिंटन अकादमी की स्थापना की और इस तरह न सिर्फ बैडमिंटन को देश में क्रिकेट के बाद सबसे लोकप्रिय खेला बना दिया बल्कि बैडमिंटन में भारत को सुपर पावर भी बना दिया। आज हमारे देश के बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक मेडल जीत रहे हैं, तो इसके पीछे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी का ईमानदारी और दृढ़ निश्चय के साथ किया गया प्रयास है।

डॉ. साहब लखनऊ की गंगा-जमुनी तहजीब के संरक्षक और प्रबल समर्थक भी थे। उन्होंने लखनऊ और देश की राजनीति में मेयर, सांसद और मंत्री के रूप में अपना बहूमूल्य योगदान दिया। साथ ही लखनऊ के विकास के लिए भी उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये। डॉ. साहब को शेर सुनने का भी बहुत शौक था। उन्हें एक शेर बहुत पसंद था- ''मैं एक कतरा ही सही, मेरा अलग वजूद तो है। रहा करे जो समन्दर, मेरी तलाश में है।'' महापुरूषों की तरह उनकी जिंदगी का फलसफा था। ''जो मिल गया उसी को मुकद्दर समझ लिया, जो खो गया उसी को भुलाता चला गया।'' डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी ने राजनीति अपने पिता बाबू बनारसी दास से सीखी थी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू बनारसी दास जी ने देश को आजाद कराने से लेकर राजनीति में विधायक, सांसद, मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश की लंबे समय तक सेवा की। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए डॉ. अखिलेश दास गुप्ता राजनीति में आये और उनके राजनीतिक जीवन की विधिवत शुरूआत 1993 में लखनऊ का मेयर बनने से हुई। वे 1996 से 2014 तक, तीन कार्यकाल अर्थात कुल 18 वर्षों तक राज्यसभा के सदस्य रहे और 2006 में भारत सरकार में मंत्री बने। राजनीति में वे अधिकांश समय तक कांग्रेस में रहे और कांग्रेस संगठन में भी अनेक पदों पर उन्होंने काम किया। लेकिन एक स्टेटमैन की तरह वे चाहे सरकार में रहे हों या विपक्ष में, उनका मधुर संबंध सभी दलों के नेताओं एवं प्रतिनिधियों से रहा। वैचारिक मतभेदों को उन्होंने कभी व्यक्तिगत संबंधों में आडे नहीं आने दिया। डॉ. अखिलेश दास जी के व्यक्तित्व की एक बड़ी विशेषता उनका मददगार स्वभाव था। उन्होंने अपने जीवन में लाखों लोगों की निःस्वार्थ भावना से मदद की। वे हर जरूरत में अपने लोगों के साथ, एक अभिभावक, बड़े भाई और मददगार के रूप में साथ खड़े होते थे। खुले दिल और तन, मन, धन से लोगों की मदद करने का उनका उदार व्यक्तित्व सबको अपना बना लेता। डॉ. साहब के न रहने से उनके परिवार, लाखों मित्रों और प्रशंसकों के जीवन में एक बड़ी रिक्तता पैदा हो गयी है।

यह ऐसी कमी है जिसकी भरपाई और कोई नहीं कर सकता। हां हम सभी के लिए यह संतोष का विषय है कि डॉ. साहब के मिशन को, उनके सपनों को, समाज सेवा के उनके तमाम प्रकल्पों को, शिक्षा से राष्ट्र और समाज को संवारने के उनके संकल्पों को, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती अलका दास गुप्ता, पुत्र विराज सागर दास, पुत्रवधु श्रीमती देवांशी दास और पुत्री सोनाक्षी दास बखूबी आगे बढ़ाने को संकल्पित हैं और सदैव रहेंगे। यह अपने मिशन में कामयाब हों, डॉ. साहब की यश कीर्ति को और ऊंचाइयां पर पहुंचायें, यही आकांक्षा डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी के लाखों मित्रों, प्रशंसकों, शुभचिंतकों की भी है। हर दिल अजीज, व्यक्तित्व डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को हम शत् शत् नमन कर उनकी संकल्प साधना को आगे बढ़ायें। यही हम सबकी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**वीओएल.**

---

सोशल मीडिया

दुबई के क्रॉउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से मिलकर खुशी हुई, दुबई ने भारत–यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई है। पीएम मोदी.



# ऋषियों का प्रिय स्थान

ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। प्राकृतिक सुंदरता, सुरम्य वातावरण और शांति ऋषि-मुनियों को हमेशा आकर्षित करती रही है। इनका एक प्रमुख कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्त्रा दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

अंतर्दृष्टि

# बैसाख मेलों की छीजती संस्कृति



बैशाखी पर्व पर विशेष

भारत में सदियों से जीवन जीने का ढंग महज भौतिक नहीं रहा यानी खाने पीने और जिंदा रहने तक ही सीमित नहीं रहा। हमारे यहां जीवन प्रकृति, मौसम, धर्म और संस्कृति के खूबसूरत तालमेल का हिस्सा रहा है। यही वजह है कि प्राचीनकाल में हमारे यहां कोई भी मौसम आपदा या परेशानी का सबब नहीं था, उल्टे सभी मौसम अपनी अपनी तरह के उल्लास का स्रोत रहे हैं। क्योंकि हमारे यहां रोजमर्रा की जिंदगी में, हर मौसम के साथ दोस्ती करने, उसके साथ जीवंत तालमेल बनाने की बकायदा ट्रेनिंग होती रही है, उसकी तैयारी होती रही हैं, जिसे हम अप्रत्यक्ष रूप से धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के रूप में जानते रहे हैं। हम हर मौसम का उसके आने के पहले अपनी ऐसी ही धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिये स्वागत करते रहे हैं। उसके साथ तालमेल बिठाते रहे हैं। इस कारण हमारे यहां परंपराओं के नाम पर हर मौसम के अनुकूल उल्लास की चुनी और बुनी हुई गतिविधियां मौजूद रही हैं। यही वजह है कि बसंत ऋतु को विदा देने वाले और घनघोर गर्मियों की तरफ कदम बढ़ाने वाले बैसाख माह में सदियों से हमारे यहां नदियों के किनारे बकायदा उल्लास भरे सांस्कृतिक मेले लगते रहे हैं। हालांकि परंपरा की खानापूर्ति के लिए ये मेले आज भी लगते हैं, लेकिन इनमें अब वह स्वतः शामिल उल्लास नहीं रहा। अब इन परंपरा को प्रवाहमान बनाने वाले मेलों में वह जीवंतता, लोगों की वह चुंबकीय भागीदारी नहीं बची, जो इन्हें उल्लास का कारक बनाती है। बहरहाल आज भी बैसाख महीने में भारत की सभी बड़ी नदियों के किनारे किसी न किसी रूप में ये बैसाख मेले लगते हैं, जो हमें किसी हद तक हमारी धार्मिक आस्था, कृषि पर्व, और लोक-संस्कृति से जोड़ते हैं। तो आइये इन बैसाख मेलों की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं पर एक नजर डालते हैं।

**हरिद्वार, प्रयाग और काशी के बैसाख मेले**

स्थान-हरिद्वार में हर की पैड़ी और सप्तऋषि घाट। प्रयागराज में संगम के किनारे और वाराणसी में वृंदावन (घाट) गांव के किनारे ये मेले लगते हैं। गंगा नदी हमेशा से हमारी सनातन आस्था और संस्कृति के केंद्र में रही है। इसके किनारे बसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक शहरों हरिद्वार, प्रयागराज और काशी या वाराणसी में हर साल बैसाख माह में सदियों से मेले लगते रहे हैं। आज भी प्रतीक रूप में बचे इन मेलों में लाखों श्रद्धालु भाग लेते हैं। इनकी प्रमुख गतिविधियों में गंगा आरती, भजन-कीर्तन और दान-पुण्य होता है। इस दौरान यहां संतों के प्रवचन और वैदिक अनुष्ठान होते हैं। वाराणसी में विशेष तौरपर क्षेत्रीय हस्तशिल्प, खानपान, और पारंपरिक वस्त्रों के स्टॉल लगते हैं। यहां मेला मुख्य रूप से पंचकोशी परिक्रमा मार्ग पर स्थित वृंदावन गांव में लगता है, जो वाराणसी शहर से लगभग 10-12 किलोमीटर की दूरी पर है।

मान्यता है कि बैसाख माह में यहां यानी वृंदावन सरोवर घाट में स्नान करने से सारे पापों का नाश हो जाता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। यहां बैसाख मेले में स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकगीत, नाटक, और भजन-कीर्तन किये जाते हैं। इससे यह एक सांस्कृतिक उत्सव बन जाता है। इस मेले में आये लोग न सिर्फ पूजा-पाठ करते हैं बल्कि मेल-जोल और खरीदारी भी खूब होती है। मेले में सैकड़ों दुकानें लगती हैं, जहां बच्चों के खिलौनों से लेकर मिठाइयां तक सब कुछ बिकती हैं।

**पंजाब के बैसाखी मेले**

स्थान-आनंदपुर सहिब (रोपड़) और हरमिंदर साहिब (अमृतसर)। बैसाखी का पर्व, सिख और पंजाबी समुदाय के लिए कई वजहों से बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे यह फसल कटाई का त्योहार माना जाता है, लेकिन इसी



दिन सन 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए पंजाब में यह पवित्र पर्व नदियों और सरोवरों के किनारे लगने वाले मेलों के रूप में मनाया जाता है। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन और लंगर होता है। लोग खुशी व्यक्त करने के लिए पारंपरिक भंगड़ा-गिद्धा नृत्य करते हैं। स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) और आनंदपुर साहिब में भव्य आयोजन होते हैं। हालांकि स्वर्ण मंदिर सीधे किसी नदी किनारे स्थित नहीं है। इसके कुछ किलोमीटर दूर कालीबेई और रावी नदी बहती हैं जबकि आनंदपुर साहिब सतलुज की सहायक नदी सिरसा के तट पर स्थित है, जहां बैसाख मेले की खूब रौनक सजती है। बैसाखी का दिन रबी फसल (गेहूं) की कटाई के बाद किसानों के लिए खुशियों का अवसर होता है। किसान नई फसल का उत्सव मनाते हैं, भांगड़ा-गिद्धा नृत्य करते हैं और मेलों में पारंपरिक गीतों का आनंद लेते हैं। स्वर्ण मंदिर (अमृतसर) और आनंदपुर साहिब (रूपनगर) में भव्य आयोजन होते हैं।

**यमुना नदी पर मथुरा-वृंदावन के मेले**

स्थानः विश्राम घाट, मथुरा कोशी घाट, वृंदावन। यहां बैसाख मेलों के दौरान भगवान कृष्ण से जुड़ी कथाओं का मंचन और झांकी निकाली जाती हैं। लोग यमुना पर स्नान और विशेष पूजा अर्चना करते हैं। रासलीला और भजन संध्या का आयोजन होता है।

**गोदावरी नदी पर नासिक का बैसाख मेला**

स्थान- रामकुंड, नासिक। बैसाखी का यह स्नान मेला नासिक के पंचवटी क्षेत्र में आयोजित होता है। रामायण से जुड़ी मान्यताओं के कारण श्रद्धालु यहां दूर दूर से स्नान करने आते हैं। इस पूरे दिन यहां महाराष्ट्र की लोकसंस्कृति के साथ-साथ भजन और कीर्तन का आयोजन होता है।

**नर्मदा तट के बैसाख मेले**

स्थानः नर्मदा उद्गम स्थल, अमरकंटक और होशंगाबाद। बैसाखी के दिन यहां श्रद्धालु पवित्र नर्मदा नदी में स्नान और धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। बड़े पैमाने पर इस स्नान के लिए यहां देशभर से साधु-संत आते हैं। शाम को खूबसूरत नर्मदा नदी की आरती होती है। अमरकंटक के अलावा होशंगाबाद के सेठानी घाट पर भी बैसाखी मेला लगता है। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। मेले में पारंपरिक खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं।

**कावेरी तट के बैसाखी मेले**

स्थानः तिरुचिरापल्ली, कुंभकोणम और मैसूर। बैसाखी के दिन कर्नाटक और तमिलनाडु में बहने वाली पवित्र कावेरी और इसकी सहायक नदियों के किनारे बसे तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली और कुंभकोणम तथा कर्नाटक के मैसूर शहर में विशेष बैसाखी मेले आयोजित होते हैं। तिरुचिरापल्ली में स्थित श्रीरंगनाथस्वामी मंदिर में इस दिन विशेष पूजन और उत्सव सम्पन्न होता है। कुंभकोणम में भी इस दिन पारंपरिक द्रविड़ शैली की भव्य झांकियां निकलती हैं। इसके साथ ही कावेरी के तट पर वैष्णव भक्तों का संगम उमड़ता है और भक्ति संगीत की त्रिवेणी बहती है। कर्नाटक में भी मैसूर सहित कावेरी के किनारे कई जगहों पर बैसाख मेला लगता है। स्थानीय मंदिरों में विशेष पूजा, संगीत-संस्कृति उत्सव, और हाट बाजार लगाए जाते हैं।

**बिहार झारखंड के बैसाख मेले**

स्थान-कोसी और गंडक तथा झारखंड की कोयल नदी के तट। बिहार में सोनपुर का और झारखंड में गुमला स्थित रामरेखा धाम का बैसाख मेला बहुत प्रसिद्ध हैं। गंडक और गंगा के संगम में सोनपुर का यह मेला ऐतिहासिक हरिहरनाथ मंदिर से जुड़ा हुआ है। इस मेले में क्षेत्रीय लोकनृत्य, पशु बाजार और हस्तशिल्प की प्रदर्शनी होती है। जबकि गुमला का रामरेखा मेला कोयल नदी के किनारे लगता है। यह मेला भगवान राम के वनवास काल से जुड़ा हुआ माना जाता है। यहां श्रद्धालु स्नान करके पूजा-अर्चना करते हैं। इस मेले में लोकनृत्य, पारंपरिक झूमर नृत्य, और हस्तशिल्प का विशेष प्रदर्शन होता है।

**ब्रह्मपुत्र नदी के तट का भव्य बैसाखी मेला**

स्थानः कामाख्या मंदिर, गुवाहाटी। इस मेले के दौरान शक्ति पीठ कामाख्या मंदिर में विशेष अनुष्ठान सम्पन्न होते हैं। इन अनुष्ठानों में तांत्रिक परंपराओं का पालन होता है। जिसमें असमिया लोक संस्कृति और बिहू नृत्य का प्रदर्शन होता है। इस तरह बैसाख माह में भारत की विभिन्न नदियों के किनारे लगने वाले ये मेले धार्मिक आस्था, कृषि परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का संगम होते हैं। इनमें से हर एक मेला अपनी अलग-अलग ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है। गंगा, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, और ब्रह्मपुत्र के स्नान मेले धार्मिक महत्व रखते हैं। जबकि सतलुज और पंजाब क्षेत्र के बैसाखी मेले कृषि पर्व और सिख इतिहास से जुड़े प्रसिद्ध बैसाख मेले हैं। जबकि दक्षिण भारत में कावेरी नदी के किनारे बैसाखी उत्सव विशिष्ट मंदिर परंपराओं के साथ मनाया जाता है। इसलिए बैसाख मेले सिर्फ त्योहार ही नहीं बल्कि भारतीय जीवनशैली और परंपराओं की गहरी झलक भी प्रस्तुत करते हैं।

**धीरज बसाक.**

---

## आप की बात

### अवैध निर्माण पर अंकुश

राजधानी लखनऊ के सबसे बड़े लॉजिस्टिक और आपूर्ति केन्द्र ट्रॉसपोर्ट नगर में एक बिल्डिंग ढहने से कई लोगों की मौत हो गयी। इस दुर्घटना के बाद तरह-तरह की खबरें सामने आ रही हैं। इस क्षेत्र में अन्य बिल्डिंगों की जांच और सर्वे किया जा रहा है, स्वीकृत मैप के विपरीत बिल्डिंग बनवाने की बात सामने आ रही है। अब यहां पर सवाल यह है कि अगर नक्शे के विपरीत यह बिल्डिंग बनी थी, तो जब बन रही थी या बनने के बाद इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। अगर निर्माण के समय ही कारवाई की जाती, तो जिन आठ लोगों को इसमें जान गंवानी पड़ी उनको बचाया जा सकता था। लेकिन यह कोई पहली बार नहीं है। जब स्कूल वाहनों से दुर्घटना होती है तो तमाम स्कूली वैनों पर आफत आ जाती है, अचानक उनकी जांच शुरू हो जाती है, जब कोई बड़ी अग्नि दुर्घटना हो जाती है तो अचानक फायर एनओसी आदि की जांच शुरू हो जाती है। सवाल है यह सब सुरक्षा से जुड़ी कार्रवाई को नियमित रूप से क्यों नहीं की जाती है। क्यों नहीं बड़ी इमारतों की नियमित स्ट्रक्चरल जांच होती है, नक्शे के विपरीत और अवैध निर्माण कैसे हो जाते हैं। कहीं न कहीं इन सब गतिविधियों में जिम्मेदार विभागों के लोग भी मिले होते हैं।

**धमेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### युवाओं में जरूरी है उद्यमिता

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है।

**शुभम श्रीवास्तव, लखनऊ.**

# युवाओं की तरक्की से होगा देश का विकास: विजया रहाटकर



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय प्रेक्षागृह में पॉश अधिनियम एवं साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने जल भरो कार्यक्रम के साथ किया। अधिष्ठाता डा. साधना सिंह ने सभी अतिथियों को बुके एवं स्मृति चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया। इससे पहले उन्होंने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और प्रसन्नता व्यक्त की। बतौर मुख्यअतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। उत्तर प्रदेश राज्य में सबसे अधिक संख्या युवाओं की है और हमें युवाओं की तरक्की का विशेष ध्यान रखना होगा। रहाटकर ने कहा कि हमारा देश विश्व बंधु बनने की राह पर तेजी के साथ अग्रसर है। स्किल इंडिया के तहत हर क्षेत्र में युवाओं को ट्रेनिंग दी जा रही है साथ ही साथ यूथ इंडस्ट्री द्वारा अबतक लगभग नौ लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में लगभग 10 लाख सरकारी नौकरियां युवाओं को दी गई हैं। नई शिक्षा नीति के तहत युवाओं के विकास के लिए नए-नए निर्णय लिए गए हैं। युवाओं के लिए लगभग तीन लाख स्टार्टअप खुल चुके हैं और प्रीमियम संस्थाओं का विकास किया जा रहा है। हमारे देश में 23 आईआईटी और 23 एम्स खोले जा चुके हैं। युवा विकास के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के कार्यों एवं महाविद्यालय की गतिविधियों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चैहान ने कहा कि युवा पीढ़ी समाज के विकास का आधार है। युवाओं के द्वारा जो संदेश समाज में जाता है वह महत्वपूर्ण होता है। पॉश अधिनियम महिला सुरक्षा के लिए एक कानून ही नहीं बल्कि महिला विकास की एक प्रक्रिया है जो हमें महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करता है।

कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए विवि में सभी संसाधन उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय में यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति का गठन किया गया है जिससे सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासन का माहौल है। कुलपति ने कहा कि पहले की अपेक्षा विश्वविद्यालय में छात्राओं की संख्या में तेजी के साथ वृद्धि हुई है। छात्राओं को शिक्षा, खेलकूद के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र आगे बढ़ने का अवसर दिया गया है। महिला सशक्तिकरण के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए जिससे कि छात्राओं में जागरूकता आ सके। कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए कुलपति ने राष्ट्रीय महिला आयोग को धन्यवाद दिया।महिला आयोग द्वारा महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ाए जा रहे कदम को प्रजेंटेशन के माध्यम से दिखाया गया। इस दौरान साइबर विशेषज्ञ कुमारी कामाक्षी शर्मा ने साइबर सुरक्षा, मोबाइल की सावधानियां, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साइबर क्राइम, आधार कार्ड द्वारा फ्रॉड, पैसों का ऑनलाइन लेनदेन के समय फ्रॉड एवं कानूनी कार्रवाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## दलितों व महिलाओं के अधिकारों के लिए महात्मा ज्योतिबा फुले ने लड़ी थी बड़ी लड़ाई: पारसनाथ



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय लोहिया भवन गुलाबबाड़ी में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी नेताओं व पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान समाज सुधारक थे। जिन्होंने महिलाओं और दलितों के अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन को समाज सेवा के लिए समर्पित किया और महिलाओं की शिक्षा और अधिकारों के लिए काम किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों को गिनाया। पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने कहा कि उन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लिए, काम किया और कई स्कूलों की स्थापना की। दलितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और उनके उत्थान के लिए काम किया।समाज में व्याप्त कुरीतियों और पाखंडों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और समाज सुधार के लिए काम किया।इस अवसर पर, समाजवादी पार्टी के नेताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, हामिद जाफर मीशम ,बाबूराम गौड़,जेपी यादव, रामजी पाल,शिव बरन यादव, रितेश यादव, दान बहादुर सिंह, शुभम वर्मा,सरोज यादव, अर्पणा जायसवाल,प्रवीण राठौर,वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## बिना ड्राइविंग लाइसेंस व फिटनेस मिलने पर 7 ई-रिक्शा सीज



**बाराबंकी।** बिना फिटनेस व ड्राइविंग लाइसेन्स के अपंजीकृत ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही से एक तरफ जंहा ई-रिक्शा वाहन संचालको मे हडकम्प मच रहा है। तो वही दूसरी तरफ शहरवासियो को जाम की समस्या से निजात मिलना शुरू हो गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना रजिस्ट्रेशन व अवस्यको द्वारा सड़को पर ई-रिक्शा संचालित करते मिलने पर विभाग द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ कार्यवाही से मुख्य चैराहो पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात भी अब मिलने लगी है। अभियान के सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि 1 से 30 अप्रैल तक चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन कर बिना किसी ड्राइविंग लाइसेंस के नाबालिग ई-रिक्शा का संचालन करते हैं। जिसके चलते सड़क दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। जिसको लेकर प्रवर्तन टीम जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हो रहे ई-रिक्शा की जांच कर सख्त कार्यवाही कर रहा है। आज शुक्रवार को बाराबंकी-गोण्ड़ा-बहराइच मार्ग पर यात्री/मालकर अधिकारी रविचन्द्र त्यागी की टीम ने 7 ई-रिक्शा की जांच करते हुये सीज किया।

## श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 03 ग्रामों की भूमि प्रभावित

**बहराइच ।** नगर मजिस्ट्रेट बहराइच शालिनी प्रभाकर द्वारा श्रावस्ती एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि का स्थलीय सत्यापन उपजिलाधिकारी इकौना के साथ किया गया। स्थलीय सत्यापन में क्षेत्रीय लेखपाल, राजस्व कर्मी व भूमि अध्याप्ति के कर्मी उपस्थित रहें। श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तारीकरण हेतु भूमि अर्जन की अधिसूचना धारा-11 के अन्तर्गत दिनांक 27 फरवरी 2025 को जारी की गयी है, जिसमें ग्राम कटरा की 0.3690 हे. भूमि ग्राम खरगूपुर की 6.1996हे. भूमि व ग्राम विदुहनी की 2.1644 हे. भूमि कुल 8.7330हे. भूमि ली जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा योजना प्रभावित ग्राम कटरा, खरगूपुर व विदुहनी की प्रभावित भूमि का गाटावार निरीक्षण किया गया। ग्राम के प्रभावित जिन भूखण्डों में परिसम्पत्तियां मकान आदि बने पाये गये उन्हे मौके पर जाकर देखा गया। एयरपोर्ट निर्माण कम्पनी द्वारा मौके पर सीमा स्तम्भ नहीं लगाया गया है। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा उपजिलाधिकारी को राजस्व कर्मियों की टीम गठित करके एयरपोर्ट निर्माण कम्पनी के साथ मिलकर सीमांकन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट यह भी निर्देश दिया गया है कि अर्जन प्रभावित जो भी खातेदार, कुटुम्ब भूमिहीन हो रहे है, उनके पास अर्जन के पश्चात कोई भूमि या मकान नहीं बच रहा है उनका सघनता से परीक्षण भी कराया जाये।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो. मोहसिन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** भाजपा सरकार में निजी स्कूलों में खुले रूप से लूटतंत्र चालू है। आम जनमानस पहले से ही महंगाई से तृस्त है। ऐसे में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने ढंग से की जा रही फीस वृद्धि, किताबों एवं यूनिफॉर्म की विद्यालय की मर्जी से अनिवार्य खरीद के लिये बनाये जा रहे दबाव के चलते निजी स्कूलों की यह व्यापारी मानसिकता अभिभावकों के लिये अतिरिक्त बोझ बन चुकी है। प्रदेश की महामहिम राज्यपाल निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक

- **निजी स्कूलों द्वारा की जा लूट तत्काल रोके जाने व फीस, किताबो, यूनिफार्म के लिये कानून बनाये जाने की मांग**

लगाने हेतु एक सशक्त, पारदर्शी एवं छात्रहितकारी नियमावली बनाने के निर्देश राज्य सरकार को दें, जिससे प्रत्येक छात्र को शिक्षा के अधिकार का न्यायसंगत रूप मिल सके। उक्त मांग को लेकर काग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देश पर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौपते हुये कही। तथा निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिये कानून बनाये जाने की मांग की। ज्ञापन सौपने वालो नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, प्रवक्ता सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, शिव बहादुर वर्मा, वीरेन्द्र प्रताप यादव, इरफान कुरैशी, सिकन्दर अब्बास रिजवी, आमिर अय्यूब किदवई, फरहान किदवई, राजेन्द्र सोनी, अखिलेश वर्मा, रमेश कश्यप, अरशद अहमद मौजूद रहे।

# बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने सीएम से मुलाकात कर सौंपा मांग पत्र



**अयोध्या।** बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चैहान ने बीते दिन लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर बीकापुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए दर्जनों प्रमुख सड़कों के निर्माण, चैड़ीकरण, मरम्मत और अन्य विकास कार्यों की आवश्यकता को रेखांकित किया।मुख्यमंत्री ने विधायक द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। विधायक द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में नउवा कुआं से भदरसा मार्ग, मुबारकगंज से ड्योढ़ी मार्ग, पंडितपुर-नउवा कुआं मार्ग, कांटा चैराहा से देवराकोट-सारंगापुर मार्ग सहित क्षेत्र की अनेक जर्जर व महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की माँग की गई है।

इसके अतिरिक्त, बड़ागांव-ड्योढ़ी मार्ग के अवशेष भाग का चैड़ीकरण व उच्चीकरण, नहर पटरी के पुनर्निर्माण, और "हर घर जल योजना" के अंतर्गत खुदाई के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की विशेष मरम्मत की भी माँग की गई। विधायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से बीकापुर क्षेत्र के गंभीर रोगियों के इलाज के लिए धनराशि आवंटित करने पर मुख्यमंत्री का विशेष धन्यवाद भी प्रकट किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सभी प्रस्तावित निर्माण कार्यों की सैद्धांतिक सहमति दिए जाने पर विधायक डॉ. अमित सिंह चैहान ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने से बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता में व्यापक सुधार होगा और क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

## 12 अनफिट स्कूली वाहन के चालान, बिना फिटनेस, परमिट के 1 डग्गामार वाहन सीज




**बाराबंकी।** बिना फिटनेस व परमिट के सड़को पर फरार्टा भरने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग अंकुश लगाने मे कोई कोर कसर नही छोड़ रहा है। बिना फिटनेस व परमिट के डग्गामार समेत स्कूली वाहनो की जांच करते हुये सख्त कार्यवाही की जा रही है। अभियान की जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि परमिट शर्तो का उल्लंघन कर बिना परमिट, फिटनेस के अनाधिकृत डग्गामार व स्कूली बसो के खिलाफ आज यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने लखनऊ-बाराबंकी-गोण्ड़ा-बहराइच मार्ग पर सवारी भरकर जा रही 1 डग्गामार बस यू0पी 22 एटी 1458 बिना परमिट, फिटनेस फेल मिलने पर नवीन बस अड्डा पर सीज किया। तथा बस मे सवार यात्रियो को दूसरे वाहन से गतव्य की रवाना करवाया। इसके साथ ही चेकिंग के दौरान नियमो का उल्लंघन करने वाले अनफिट 12 स्कूली वाहनो के चालान किये।

## गैस सिलेंडर , डीजल, पेट्रोल की बढ़ी कीमत के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**बाराबंकी।** रसोई गैस, डीजल और पेट्रोल की बढ़ी कीमतों के विरोध में युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर अतिरिक्त मजिस्टेज्ट विवेकशील यादव को सौपा। इस मौके पर यूथ काग्रेस जिलाध्यक्ष श्री रिजवी ने कहा कि सरकार अच्छे दिन आएंगे का नारा देकर सत्ता में आई। लेकिन जनता को महंगाई के बोझ तले दबाने का काम किया है। जनता पहले से ही महंगाई की मार झेल रही हैं ऐसे में सरकार ने रसोई गैस, डीजल और पेट्रोल के दाम पर बढ़ाकर उसकी परेशानी को बढ़ाने का काम किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई है लेकिन देश में डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस के दाम बढ़ा दिए गए हैं। इस अवसर पर गुड्डू गौतम, मनीष कुमार वर्मा, वीरेंद्र यादव एडवोकेट, देवेंद्र प्रताप यादव एडवोकेट, शिव बहादुर वर्मा, तरुण बक्श, नीरज कुमार, शुभम वाल्मीकि, तरुण चावला, पवन कुमार, राजू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दुहमुंहे बच्चे और बुजुर्ग पिता के साथ पीड़ित महिला सड़क पर बैठकर करती रही अपनी फरियाद सुनाने का इंतजार

भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की



**बाराबंकी।** प्रदेश की योगी सरकार मे न्याय पाने के लिये एक बुजुर्ग को किन हदो तक गिरना पडता है। जिसका जवाब देने वाला कोई नही है ? इंसाफ लेना हो तो ताकतवर के साथ ऊंची-ऊंची पहुंच भी होना जरुरी है। तभी आपको इंसाफ मिल सकता है। नही तो सुबह से शाम हो जायेगी पूछने वाला कोई नही है। कई-कई

- **रसूखदारो की सेवा मे जी हजूरी करता हुआ दिखाई दिया जनपद का महिला थाना**
- **3 दिन से महिला थाना के चक्कर लगा रही पीड़ित महिला**

कोसो दूर से आने वाले पीड़ितो को जंहा उच्च अधिकारियो से मिलना तो आसान है लेकिन अपनी समस्या बताने और इंसाफ लेने के लिये उच्च अधिकारियो द्वारा भेजे गये जांच अधिकारी के पास पहुंचने पर दुर्व्यवहार से होकर गुजरना पड़ता है। मामला महिला थाना बाराबंकी से जुडा हुआ है। जंहा पर वसूली के बिना सुनवाई सम्भव नही है। दाम दिखाने पर रसूखदारो की सुनवाई तो होती है लेकिन गरीब फरियादियो की सुनने वाला कोई नही है। उस पर महिला थानाध्यक्ष की खास हेड़ महिला दीवान का फरियादियो से दुर्व्यवहार किसी से छुपा नही है।

थानाध्यक्ष को फुरसत नही कि फरियादियो की समस्या सुन सके। सुबह के 11 बजे सफेदाबाद प्यारेपुर से आई पीड़िता महिला अपने दुहमुंहे बच्चे और 70 वर्षीय बुजुर्ग पिता के साथ हेल्पडेस्क पर बैठी महिला हेड़ दीवान से समस्या के समाधान के लिये गिडगिड़ाती दिखाई दी। बावजूद उसको बैठने का स्थान नही दिया गया। शाम के 3 बजे तक पीड़ित महिला अपने बच्चे के साथ पुलिस लाइन की रोड़ पर बैठकर अपनी बारी आने और समस्या के समाधान के लिये आस लगाये बैठी हुई दिखाई दी। जब पीड़ित महिला से पूछा गया तो उसका कहना था विपक्षी उसका पति 3 दिनो से आ ही नही रहा। और यहा पर सुनने वाला कोई नही है। महिला थानाध्यक्ष से अपनी बात कहे जाने की बात पूछने पर उसने कहा कि दीवान जी मिलने नही दे रहे और साहब सुनती नही है। जबकि पता किया गया तो वहा पर महिला थानाध्यक्ष थाने पर मौजूद थी। लेकिन गरीब पीड़ितो की समस्या से महिला थानाध्यक्ष और उनकी खासमखास हेड़ महिला दीवान को आखिर क्या मतलब ? रसूखदारो की सेवा से सभी का भला होता है। लेकिन गरीबो की सुनवाई फ्री मे करने से किसी को क्या हासिल होगा ?

## आम्बेडकर जयंती पर 14 से 28 तक समारोह पूर्वक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**बहराइच।** शासन द्वारा स्वतन्त्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर 14 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक सम्पूर्ण प्रदेश में उत्सव के रूप में आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष-पर्यन्त "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" की टैगलाइन के अन्तर्गत अभियान के रूप में विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं। तत्क्रम में आगामी 14 अप्रैल 2025 (बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयन्ती) से 15 दिवसीय कार्यक्रम में भागीदारी (दिनांक 14 से 28 अप्रैल तक) को सम्पूर्ण प्रदेश में उत्सव के रूप में आयोजित किए जाने की अपेक्षा की गई है।

शासन द्वारा अपेक्षा की गई है कि सम्पूर्ण प्रदेश में आगामी अम्बेडकर जयंती समारोह में संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के तथ्य पर बल दिया जाय तथा 14 से 28 अप्रैल तक की विशिष्ट तिथियों पर जिला पंचायतों, विकास खण्डों, क्षेत्र पंचायतों एवं ग्राम सभाओं में पूर्व निर्धारित परम्परागत कार्यक्रमों यथा-प्रार्थना सभा आदि के पश्चात "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" के टैग लाईन वाने पोस्टर, बैनर एवं झंडे के साथ प्रभात फेरियों का आयोजन कराते हुए प्रभात फेरी समाप्ति स्थल (एस.सी. एस.टी. बाहुल्य क्षेत्र में अमृत सरोबर स्थलों पर बाबा साहेब की मूर्ति अथवा मूर्ति की अनुपलब्धता में उनका बढ़ा चित्र लगाकर उस पर माल्यापर्ण अथवा पुष्पांजलि अर्पण के साथ) पर स्वतंत्रता प्राप्ति तथा संविधान निर्माण के सम्बन्ध में मनीषियों एवं विधि वेत्ताओं की भूमिका पर वाद-विवाद, गोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन कराया जाय।

प्रत्येक गैर सरकारी अथवा सरकारी कार्यालयों में संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकारों, संविधान के अनुच्छेद 51क के अन्तर्गत उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों एवं अद्यतन संविधान संशोधनों पर व्याख्यानमाला आदि का आयोजन किया जाय।शासन द्वारा सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में जीवित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाय। संविधान सभा के सदस्यों से सम्बन्धित ग्रामों में संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए विशेष समारोह आयोजित किया जाय। समस्त शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों (चिकित्सा शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/कृषि शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा सहित) में प्रार्थना सभा के उपरान्त संविधान के उपबन्धों, संविधान के निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार/कर्तव्य/राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों एवं संविधान में किए गए नवीन संशोधनों आदि के सम्बन्ध में क्विज का आयोजन किया जाय। इसके अलावा स्कूल/कालेजों में नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों तथा संवैधानिक मुददे जिममें विशेष रूप से सामाजिक सशक्तीकरण, महिला सशक्तीकरण, लैंगिक समानता से सम्बन्धित चुनौतियों का सामना संविधान के माध्यम से किए जाने हेतु एवं संविधान में समय-समय पर किए गए वृहद एवं नवीन संशोधनों के आलोक में वाद-विवाद/सेमिनार एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाय। शासन द्वारा यह भी सुझाव दिया गया है कि सभी आयोजन खण्ड विकास अधिकारियों/खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा ग्राम विकास अधिकारी के पर्यवेक्षण में किये जायेंगे। ग्राम पंचायतों/ग्राम सभाओं में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी एवं लेखपाल की उपस्थिति अनिवार्य होगी एवं उनके द्वारा प्रश्नगत कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जायेंगी।

## अनियंत्रित ट्रक कृषि विवि परिसर में घुसी, चालक और खलासी घायल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** एनएच 330 ए पर शुक्रवार एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्व विद्यालय, कुमारगंज के गेट नंबर एक के सामने अयोध्या की ओर से जगदीशपुर जा रही एक ट्रक यूपी 36 टी 1974 अनियंत्रित होकर विश्वविद्यालय के बीज विधायन संयंत्र की बाउंड्री तोड़ते हुए परिसर में घुस गई। इस हादसे में ट्रक का ड्राइवर बुरी तरह गाड़ी में फंस गया, जबकि खलासी भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही कृषि विश्वविद्यालय चैकी इंचार्ज अभय सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तत्काल फायर ब्रिगेड व एंबुलेंस को घटना की जानकारी दी।

ड्राइवर को निकालने की कोशिश की गई, लेकिन वह ट्रक में बुरी तरह फंसा हुआ था। हाइड्रा मशीन मंगवाकर घंटों की मशक्कत के बाद ड्राइवर को बाहर निकाला गया। घायल ड्राइवर इस्लाम बेग (निवासी पूरे मंगा, थाना मोहनगंज, जनपद अमेठी) और खलासी सत्रोहन (पुत्र राम तारक) को तुरंत एंबुलेंस से संयुक्त सौ सैय्या चिकित्सालय, कुमारगंज पहुंचाया गया। चैकी इंचार्ज अभय सिंह ने बताया कि हादसा सुबह करीब 5:30 बजे हुआ।

प्रारंभिक जांच के अनुसार, ट्रक को खलासी सत्रोहन चला रहा था, और गाड़ी के अनियंत्रित होने के कारण यह दुर्घटना हुई। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# अपर जिला जज ने की दीवानी और फौजदारी अदालतों के न्यायाधीश के संग बैठक



**बाराबंकी।** एडीआर भवन मे अपर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत मे विभिन्न प्रकृति के दीवानी वादों एवं फौजदारी वादों को नियत व निस्तारित कराये जाने को लेकर दीवानी एवं फौजदारी न्यायालयों के न्यायाधीश के साथ विचार-विमर्श बैठक की। बैठक मे अपर जनपद न्यायाधीश ने विभिन्न न्यायालयों द्वारा चिहिन्त वादो का अवलोकन कर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु ज्यादा से ज्यादा वादों को चिन्हित कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया। तथा न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न प्रकीर्ण वादों, विभिन्न अधिनियमों के निस्तारण योग्य वादों तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम के अधिकाधिक वादों को चिन्हित करने पर बल दिया। इसके अतिरिक्त आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में आवश्यकतानुरूप दो बार नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये। बैठक मे मुख्य न्यायिक मजिस्टेज्ट सुधा सिंह, सिविल जज सी0डि0 शाम्भवी यादव, अपर सिविल जज सी0डि0 शिवानी रावत, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिवाकर कुमार, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उज्वल उपाध्याय, अपर सिविल जज सी0डि0 श्रद्धा लाल, सिविल जज सी0डि0 श्रीमती वंदना, सिविल जज जू0डि0 सबा फातिमा, न्यायिक मजिस्टेज्ट सोनम शर्मा, सिविल जज जू0डि0 प्रीति भास्कर, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट हरिहर कुमार मौजूद रहे।

## भट्ठा मालिक व प्रशासन की अनदेखी से प्रतिदिन चोटिल हो रहे लोग

**रुदौली-अयोध्या।** एक भट्ठा मालिक की अनदेखी और लापरवाही के कारण रुदौली ऐहार तथा आसपास के क्षेत्र के राहगीर प्रतिदिन घायल हो रहे है। जिसके कारण आम जनमानस में रोष व्याप्त है। ज्ञात हो रुदौली नगर के नयागंज -ऐहार संपर्क मार्ग जिसे अभी हाल में प्रधानमन्त्री सड़क योजना के अंतर्गत क्षेत्र की जनता को सौगात दी गई है उसे एक भट्ठा मालिक द्वारा ईंट पथाई की मिट्टी डालकर बर्बाद कर दिया गया है आज बारिश हो जाने के कारण उक्त सड़क पर पैदल चलने वाले राहगीर,मोटरसाईकिल एवं साईकिल सवार फिसल फिसल कर चोटिल हो रहे है परन्तु जिम्मेदार भट्ठा मालिक, प्रशासनिक आला अफसर, जनप्रतिनिधि गण धृतराष्ट्र की भूमिका निभा रहे हैं। यदि जिम्मेदार लोग इसी कुम्भकरणी नींद में सोए रहे और किसी भी राहगीर के साथ कोई घटना घटित होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदार उक्त भट्ठा मालिक, क्षेत्र के जिम्मेदार आला अफसर और जनप्रतिनिधि होंगे।

## घर में घुसकर युवती के साथ मारपीट

**,सिरौली, बरेली।** कस्बे के मोहल्ला मुगलान निवासनी चमन बेगम पत्नी रियासत ने बुधवार को एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 7 अप्रैल को में और मेरी पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि तभी मोहल्ला मुगलान के यामीन कुरैशी अपने पुत्र शहंशाह कैफ के साथ घर मे घुस आए और मेरी पुत्री से गलत नीयत से बदसलूकी करने लगे।

संक्षेप

## फंदे से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

**डलमऊ, रायबरेली।** पत्नी से कहासुनी के बाद नशे के आदी एक युवक ने बीती रात घर के अंदर फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना के बाद घर में कोहराम मच गया पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के तारापुर गांव निवासी संतोष प्रजापति उर्फ पूती पुत्र दशरथ उम्र लगभग 28 वर्ष शराब के नशे का आदी था। गुरुवार बीती रात किसी बात को लेकर पत्नी से कहा सुनी हो गई जिससे वह आवेश में आ गया और घर के अंदर बने कमरे में घुसकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

## कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेष कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला एवं षहर कांग्रेस कमेटी द्वारा निजी स्कूलों में प्रति वर्ष फीस में की जा रही बढ़ोत्तरी एवं पठन-पाठन की की सामग्री ड्रेस, कॉपी-किताब के नाम पर अभिभावकों से मनमानी पैसा वसूले जाने के विरोध में एक ज्ञापन राज्यपाल को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपा गया।

## हनुमान जयंती पर कीर्तन व भंडारा आज

**पिपरौली,गोरखपुर।** क्षेत्र के अमटौरा गांव स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में 12अप्रैल हनुमान जयंती के अवसर पर शनिवार को कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया है। सर्वप्रथम सूबह से लेकर शाम तक हरिकिर्तन का कार्यक्रम रखा गया है तथा शाम को भंडारे के आयोजन का भी कार्यक्रम तय है। जिसमें समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित हैं।यह सूचना समीति के सह संरक्षक राम मनोहर सिंह व उपाध्यक्ष गंभीर सिंह ने दी।इस अवसर पर विजय प्रकाश सिंह, प्रमोद सिंह, ग्राम प्रधान श्रीराम शर्मा उर्फ मोनू शर्मा, रवि प्रताप सिंह, धीरज साहनी, अखिलेश सिंह, निवर्तमान ग्राम प्रधान अशोक सम्राट सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शापिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**गोरखपुर।** बड़हलगंज उपनगर के पटना चौराहा के समीप पुलिस चौकी के पास नगर पंचायत आकर्षक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनवायेगा, जिसके निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। शुक्रवार को चेयरमैन प्रीति उमर ने विधायक राजेश त्रिपाठी की मौजूदगी में समस्त सभासदों के साथ निर्मित होने वाले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना अंतर्गत लगभग चालीस लाख की लागत से आठ दुकानें बनाई जायेगी। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रामसमुख अंकित सुनील कुमार, सभासद रामदास मद्धेशिया, लक्ष्मण साहनी, दीपक शर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, सुनील यादव, सूरज सोनकर, खुर्शीद अहमद, राजू मिश्रा,विधायक प्रतिनिधिआचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी,श्री राममद्धेशिया, दिलीप निगम, तय्यब, स्वतंत्र सिंह, बृजेश वर्मा, अष्टभुजा सिंह, चंदन पांडे, विशाल सिंह, आनंद त्रिपाठी, अरविंदसिंह, शैलेंद्र सिंह, आदित्य उपाध्याय, सुरेश उमर,अनूप जायसवाल भाजपा युवा नेता, संजय कसेरा, विनय तिवारी, विपुल चौरसिया, लालू शर्मा, हरकेशयादव, राजेश जायसवाल, कृष्णा मोदनवाल, अर्जुन सिंह, नियाज अहमद, रविंद्र जी, विपुल साहनी, सौरभ, हिमांशु गौड़, उमेश यादव, विकास गौड़ व शैलेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# अदिति सिंह के विकास कार्यों से बदल रही क्षेत्र की तस्वीर



हरीशा नन्द मिश्र

**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र में विधायक अदिति सिंह के नेतृत्व में कई उल्लेखनीय विकास कार्य किए गए हैं, जिन्होंने क्षेत्र की जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, और जल आपूर्ति जैसे क्षेत्रों में उनके प्रयासों ने रायबरेली को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। सड़क और बुनियादी ढांचे का विकास अदिति सिंह ने क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कई नई सड़कों का निर्माण हुआ, जिससे आवागमन आसान हुआ है। इसके अलावा, पुरानी सड़कों की मरम्मत और चैड़ीकरण ने स्थानीय व्यापार और रोजगार को बढ़ावा दिया है। वहीं शिक्षा और युवा सशक्तिकरण शिक्षा के क्षेत्र में अदिति सिंह ने कई स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने के लिए कदम उठाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज और पुस्तकालयों की स्थापना ने बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा। साथ ही, युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसरों को बढ़ाने का प्रयास किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए अदिति सिंह ने स्थानीय अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं का विस्तार किया। तथा लाइलाज बीमारियों के लिए करोड़ों रुपया देकर जनता में अपना विश्वास कायम किया है जलआपूर्ति और स्वच्छता पानी की कमी को दूर करने के लिए कई गांवों में नलकूप और जल आपूर्ति योजनाओं को लागू किया गया। इसके साथ ही, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण और स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का स्तर सुधरा है। सामाजिक संपर्क और जनसुनवाई अदिति सिंह नियमित रूप से अपने क्षेत्र में भ्रमण कर जनता से सीधा संवाद करती हैं। मोहल्ले जैसे क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए कदम उठाए। उनकी यह सक्रियता जनता के बीच उनकी लोकप्रियता का एक बड़ा कारण है। महिला सशक्तिकरण महिलाओं के उत्थान के लिए सदर विधायक ने कई पहल की हैं। स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। सदर विधायक के अच्छे प्रयासों ने रायबरेली सदर विधानसभा को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद की है। उनके कार्यों ने न केवल बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया, बल्कि जनता के बीच विश्वास और उम्मीद भी जगाई है। क्षेत्रवासी उनके इन योगदानों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे है।

## प्रभारी प्रधानाध्यापक पर, नाबालिग के सामने अश्लील प्रदर्शन का आरोप

जिला संवाददाता (vol)

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रभारी प्रधानाध्यापक को किया गिरफ्तार

**रायबरेली।** थाना मिलएरिया क्षेत्र में एक बेहद शर्मनाक और गंभीर घटना सामने आई है। कंपोजिट विद्यालय मैनूपुर के एक प्रभारी प्रधानाध्यापक पर नाबालिग छात्रा के सामने अश्लील प्रदर्शन करने का आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गुरूवार को नाबालिग की मां ने थाना मिलएरिया में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ प्रभारी प्रधानाध्यापक जगदीश कुमार त्रिवेदी ने अश्लील व्यवहार किया। वादिनी ने बताया कि जगदीश कुमार त्रिवेदी पुत्र शिवपूजन त्रिवेदी जो ग्राम कसेहटी, थाना मिलएरिया, जनपद रायबरेली का निवासी है, ने स्कूल परिसर में नाबालिग छात्रा के सामने अश्लील प्रदर्शन किया। इस घटना से छात्रा और उसके परिवार को गहरा आघात पहुंचा।

पुलिस की शिकायत मिलते ही थाना मिलएरिया पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी जगदीश कुमार त्रिवेदी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 75(2) और 351(3) के साथ-साथ प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफिंसेज (पॉक्सो) अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने बिना किसी देरी के आरोपी जगदीश कुमार त्रिवेदी को गिरफ्तार कर लिया।

### बीएसए ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को किया निलम्बित

मामले की गंभीरता को देखते हुए बीईओ अमावा ने प्रारंभिक जांच की और अपनी रिपोर्ट बीएसए को सौंपी। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर बीएसए ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इंचार्ज प्रधानाध्यापक को निलंबित करने का आदेश जारी किया। मामले की विस्तृत जांच के लिए बीएसए ने बीईओ डीह और बीईओ अमावां को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। दोनों अधिकारी पूरे प्रकरण की गहराई से जांच करेंगे और जल्द ही अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपेंगे। इस जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## आम जनमानस की हितैषी है डबल इंजन की सरकार



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अपने 49वे स्थापना दिवस के अवसर पर गांव चलो अभियान चला रही है इसी क्रम में भाजपा नेता गांव में घर-घर जाकर सरकार की उपलब्धियां को आम जनमानस में बता रहे है इसी क्रम में आज भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र ग्राम पंचायत सालपुर के कादीपुर बूथ पर पहुंचे जहां उन्होंने पार्टी के बूथ अध्यक्ष जग प्रसाद के घर पर पार्टी का झंडा लगाकर बूथ समिति की बैठक की और कार्यकताओं के साथ रैली निकालकर घर-घर संपर्क किया और काली माता के स्थान पर स्वच्छता अभियान चलाया इस दौरान उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी की सरकार में उत्तर प्रदेश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है और प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहा है आज जनता अपने को सुरक्षित महसूस कर रही है और अपराधियों के ऊपर लगाम लगी है इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं बच्चों नौजवानों बुजुर्गों और मजदूरों के सपने को साकार कर रही है जिसके लिए हम सभी को सरकार का सहयोग करना होगा इस अवसर पर राम सुधारे जग प्रसाद यादव सुरेश कुमार समेत अन्य ग्राम वासी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जन जागरूकता के लिए निकाली गयी पोषण रैली

**अमेठी।** पोषण पखवाड़।के अंतर्गत आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर से पोषण रथ एवं पोषण रैली को हरी झंडी दिखाते हुये रवाना किया गया। रैली में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के द्वारा प्रतिभाग करते हुये तख्ती स्लोगन, पोषण नारों के माध्यम से जनसामान्य को जागरुक किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र सरकार ने पोषण अभियान कार्यक्रम के तहत ह्लसातवां पोषण पखवाड़ाह्व लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना और समाज के संवेदनशील वर्गों के लिए पोषण के परिणामों में सुधार लाना है। यह अभियान 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक चलेगा और इसमें विभिन्न विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जैसे कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना, कुपोषण का प्रबंधन करना और पोषण ट्रैकर के बारे में जागरूकता बढ़ाना। यह एक राष्ट्रीय पहल है जिसमें सरकारी विभागों, स्थानीय समुदायों और विभिन्न संगठनों की भागीदारी से बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकायें उपस्थित रहीं।

## अधिवक्ताओं ने की स्कूल प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत थुलवांसा गांव में संचालित ज्ञान विद्या मंदिर में पढ़ने वाली कक्षा तीन की 11 वर्षीया छात्रा के साथ विद्यालय के ही बस ड्राइवर द्वारा किया गया दुष्कर्म का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। घटना को लेकर अधिवक्ता समाज के लोग भी मुखर होकर सामने आ गए हैं। शुक्रवार को महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज और तहसील बार एसोसिएशन महराजगंज के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से आरोपियों को फांसी दो और प्रबंधक के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग के साथ-साथ मुदार्बाद के नारे लगाते हुए कस्बे के मुख्य सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव को सौंपा। विगत दिनों महराजगंज थाना क्षेत्र के थुलवांसा स्थित ज्ञान विद्या मंदिर में पढ़ने वाली कक्षा 3 की छात्रा के साथ उसी के स्कूल के बस चालक द्वारा बस में ही दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था। इसके बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर आनन-फानन आरोपी को पड़कर जेल भेज दिया था। किंतु विद्यालय प्रबंधक समेत प्रबंधतंत्र पर कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। घटना के दिन से ही बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर क्षेत्र में स्थित तनावपूर्ण बनी हुई है, घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। शुक्रवार को महराजगंज तहसील का अधिवक्ता समाज पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए मुखर होकर सड़कों पर उतर आया और तहसील परिसर समेत महराजगंज कस्बे के मुख्य मार्गों पर घूम-घूम कर विद्यालय प्रबंधक मुदार्बाद और आरोपियों को फांसी दो के नारे लगाएं। कक्षा तीन की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले को लेकर अधिवक्ता समाज ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को देकर कहा है कि, ज्ञान विद्या मंदिर में पढ़ने वाली कक्षा तीन की 11 वर्षीया छात्रा के साथ विद्यालय के ही बस ड्राइवर द्वारा बस के अंदर ही दुष्कर्म किया गया है। उक्त बस चालक की पूर्व में भी ऐसी शिकायतें होना बताया जाता है।अधिवक्ता समाज के लोगों ने कहा कि बस चालक के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन भी इस घटना का जिम्मेदार है।

## एसओजी, सर्विलांस टीम ने साइबर गैंग का किया खुलासा



**रायबरेली।** साइबर पुलिस और एसओजी, सर्विलांस टीम ने एक बडी साइबर गैंग को पकड कर जेल भेजा है जो कूटरचित तरीके से बैंक खाता खुलवाकर लोगों के साथ साइबर फ्राड करके पैसा हडप लेते थे। आरोपी सजंय पाण्डेय एक गैंग बनाकर अपने आसपास के लोगों को लालच देकर कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से उन्हीं के नाम से एक सिम लेकर अपने पास रख लेते थे और उन्हीं कूटरचित दस्तावेज व सिम से बैंक मे खाता खुलवाते थे, जिसकी एटीएम व पासबुक अपने पास रखते थे जब संबंधित गैंग उनमें पैसा डालता था तो वह यह लोग अलग-अलग एटीएम से जाकर पैसा निकाल लिया करते थे और बैंक संचालक के खाते में सीडीएमए के माध्यम से पैसा डाल देते थे तथा शेष पैसा अपने पास रख लिया करते थे। इस गैंग का लीडर संजय पांडे पुत्र लल्लन निवासी ग्राम रेधरा आषारसीदपुर थाना डीह से पूछताछ में बताया कि वह 2018 में दुबई गया था, वहां उसका संपर्क रहीम नाम के व्यक्ति से हुआ। जिसने उसे बताया कि आप-अपने यहां आस-पास के लोगों को खाता खुलवाकर उनकी डिटेल्स मुझे दो उन खातों में साइबर फ्रॉड का पैसा मंगवाऊंगा और उन लोगों के एटीएम व पासबुक अपने पास रखना जब साइबर फ्रॉड का पैसा खाते में आएगा, तो एटीएम से उस पैसे को निकाल कर अपनी कमीशन काट कर मेरे द्वारा भेजे गए खाते में सीडीएमए मशीन के माध्यम से पैसा भेज देना। मुख्य आरोपी के साथ सोनू पांडे उर्फ योगेंद्र पांडे पुत्र राजेंद्र पांडे, दुर्गेश पांडे पुत्र राजेंद्र पांडे निवासी ग्राम देवनाथपुर थाना नसीराबाद, दीपक सिंह कुडहरा थाना नसीराबाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मुख्य आरोपी लगातार रहीम से व्हाट्सएप चैट और व्हाट्सएप्प कॉलिंग के माध्यम से बात करता रहता था जिससे रहीम द्वारा संजय पांडे को सारे तरीके बताया करता था। आरोपियों के पास 3 लाख 27 हजार,4 फर्जी अधारकार्ड,9 अदद मोबाइल, 6 एटीएम कार्ड, 1 कार को बरामद किया है। आरोपियो के 150 खातो में लगभग 100 करोड के उपर का लेनदेन हुआ है। एसओजी टीम रहीम को ट्रेस करने की कोशिश कर रही है। एसपी डॉ. जसवीर सिंह ने खुलासा करते हुए जानकारी दी है। पूरी घटना का खुलासा करने में प्रभारी निरिक्षक डीह जितेन्द्र मोहन सरोज,साइबर प्रभारी अजय सिंह, एसओजी प्रभारी विजेन्द्र षर्मा और सर्विलांस प्रभारी सीपी सिंह सहित पूरी टीम रही है।

**आरोपियों से एसटीएफ ने किया पूछताछ:** खुलासे के बाद पहुंची एसटीएफ टीम ने अरोपियों से पूछताछ की है। मामला बडा होने के कारण एसटीएफ हर घटना पर जानकारी लेते हुए आरोपियों से काफी देर तक पूछताछ करके फिर जेल भेजा गया। सूत्र बताते है कि एसटीएफ की पूछताछ मे में मुख्य आरोपी सजंय ने कुछ अहम बाते बताई है। जिसके आगे एसटीएफ कुछ काम करके अन्य आरोपियों का पकडकर जेल भेज सके।

## अनुशासित अध्ययन सफलता की कुंजी है

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं के लिए 'नेट जेआरएफ की तैयारी कैसे करें' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. अभय सिंह, डॉ. आलोक कुमार पांडेय, डॉ. मंजू ठाकुर एवं डॉ. अंजना सिंह के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अपने उद्बोधन में विभागाध्यक्ष डॉ. अभय सिंह ने कहा की अनुशासित अध्ययन सफलता की कुंजी है। डॉ. मंजू ठाकुर ने बताया की नेट/जेआरएफ के प्रथम और द्वितीय पेपर की तैयारी करने के लिए कठिन परिश्रम एवं अध्ययन के प्रति समर्पण का भाव होना अत्यंत आवश्यक है?। यदि चरणबद्ध रूप से तैयारी की जाए तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि सोशल साइट्स पर अत्यधिक निर्भरता नहीं होनी चाहिए पुस्तकों का कोई विकल्प नहीं है। पुस्तके विषय से संबंधित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती हैं इसलिए छात्र-छात्राओं को अपनी अध्ययन शैली में इन्हें अनिवार्य स्थान देना चाहिए। जेआरएफ उत्तीर्ण छात्र महेंद्र यादव ने अपना अनुभव बताते हुए कहा की सिलेबस के अनुरूप व्यवस्थित और नियमित अध्ययन निश्चित रूप से लाभकारी होता है। विभाग के रिसर्च स्कॉलर राकेश कुमार निषाद ने बताया की विषय पर पकड़ बनाने के लिए ये आवश्यक है कि विगत वर्षों के हल प्रश्न पत्रों का अध्ययन किया जाए। यह हमें प्रश्नों के प्रकृति के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध कराते हैं। हाल ही में विभाग के नेट उत्तीर्ण छात्र मारुत नंदन ने कहा कि यदि प्रारंभ से ही प्रथम पेपर पर भी विशेष ध्यान दिया जाए तो विषय के साथ-साथ जर्नल एप्टीट्यूड का पेपर भी पूर्ण रूप से तैयार हो जाता है।

# गोरखपुर में गोल्डेन शाइन अवार्ड शो-2025 आज



- आज आयेंगी वालीवुड अदाकारा स्नेहा उल्लाल
- वालीवुड व देश की मशहूर मेकअप आर्टिस्टों से सजेगी महफिल

**गोरखपुर।** महिला सशक्तिकरण को लेकर गोरखपुर में शनिवार को गोल्डेन शाइन अवार्ड शो 2025 का आयोजन होगा। अवार्ड शो का मंच वालीवुड अदाकारा व देश की नामचीन मेकअप आर्टिस्टों से सजेगा। वालीवुड की मशहूर अदाकारा स्नेहा उल्लास मुम्बई से कार्यक्रम में भाग लेने आएंगी। जो महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने का मंत्र देने के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को अवार्ड अलंकरण कराकर सम्मानित भी करेंगी। उक्त बातें गोल्डेन शाइन अवार्ड शो 2025 का आयोजन करने वाली महिला सशक्तिकरण के अपने अभियान को लेकर सरयू रत्न 'अपराजिता' सम्मान से सम्मानित मशहूर मेकअप आर्टिस्ट सपना यादव ने एक पत्रकार वार्ता में दी। उन्होने बताया कि अवार्ड शो का आयोजन शहर के हृदय स्थली गोलघर स्थित रायल रेसीडेंसी होटल में किया गया है। अवार्ड शो में फैशन शो अवार्ड, बेस्ट एजुकेशन अवार्ड, मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड, इन्फ्लुएंसर अवार्ड व बिजनेस अवार्ड समेत अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। साथ ही कार्यक्रम में देश की मशहूर सेलीब्रेटी मेकअप आर्टिस्ट प्रियंका हाडा (कोटा, राजस्थान), प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट चित्रा वर्नवाल (गोरखपुर) व श्रीमती आस्था (नौगढ सिद्धार्थ नगर) आधुनिक तकनीक से रूबरू कराएंगी। कार्यक्रम सुबह दस बजे से शुरू होगा।

## इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड के मेधावियों का हुआ सम्मान

जिला संवाददाता (vol)

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा क्षेत्र के वर्टेक्स ग्लोबल स्कूल के बच्चों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड की परीक्षा में मेधा परचम फहराते हुए 54 गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। मेधावियों को मेडल वितरण कर सम्मानित किया गया। क्लास 1से अदिति शर्मा,आयुष राजभर, पार्थ मनी त्रिपाठी, सिद्धि शर्मा, अयांश त्रिपाठी, इशिता केडिया क्लास -2से आरव कुमार,जयेश, देवांश यादव, आदविक यादव, पृथ्वी सिंह,आहना त्रिपाठी क्लास -3से अनुज्ञा पाण्डेय, रिद्धि वर्मा, अरनव कुमार, अनन्त चौहान क्लास -4 से आयुष्मान यादव, ऋत्विक यादव,कार्तिकेय जायसवाल, समक्ष गुप्ता, आर्या निगम क्लास -5 से विजयलक्ष्मी,समर चौरसिया,अंश गुप्ता,क्लास -6से अभिराज मल, निलेश विश्वकर्मा, अंशिका शर्मा क्लास -7से वंशिका यादव, सिमरन मोदनवाल, आराध्य सिंह क्लास- 8 से अर्श भारद्वाज,अभिषेक यादव, विनायक जायसवाल।

क्लास- 9से उत्कर्ष विश्वकर्मा सुप्रिया चौहान,देवांश सिंह क्लास- 10 से श्रेयांश प्रताप, अक्षांश मल, आयुज मनी त्रिपाठी,अमन सिंह, वशिष्ट,विराज यादव क्लास- 11से जतिन मिश्रा , आजम खान, सोनाक्षी कश्यप, नीतिश गुप्ता,सूरज कुमार, श्रेयांश क्लास-12से अनामिका यादव, दीक्षा कुमारी, दिव्यांशु प्रजापति, नितिन मिश्रा, नितेश सिंह, कृष्णानंद को गोल्ड मेडल दिया गया।मेडल पाने वाले बच्चे को स्कूल चेयरमैन ई. अरविंद त्रिपाठी स्कूल निदेशक तूलिका त्रिपाठी एवम् शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बच्चो एवम अभिभावकों को बधाई दी।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए कटका क्लब ने निकाली जागरूकता रैली




**सुलतानपुर।** राजकीय हाईस्कूल कनकपुर शिकवा धनपतगंज में कटका क्लब के द्वारा पर्यावरण बचाओ जागरूकता रैली के आयोजन के साथ गौरैया बचाओ अभियान पर जोर दिया गया। इस मौके पर उपस्थित संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। पेड़ों से पेट भरने के लिए फल-सब्जियां और अनाज मिला। तन ढकने के लिए कपड़ा मिला। घर के लिए लकड़ी मिली। इनसे जीवनदायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता। इनसे औषधियां मिलती हैं। पेड़ इंसान की जरूरत हैं, इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापिका संगीता गुप्ता ने बताया कि जीवन का आधार हैं। अमूमन सभी मजहबों में पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया गया है। भारतीय समाज में आदिकाल से ही पर्यावरण संरक्षण को महत्व दिया गया है। इसलिए सभी को कम से कम एक-एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। बिना पेड़ पौधे के हमलोग जीवित नहीं रह सकते। विभिन्न वृक्षों में देवताओं का होता है वस उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में पेड़-पौधों को पूजा जाता है। इस मौके पर क्रीड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने बताया कि गौरैया शहरों की अपेक्षा गांवों में रहना ज्यादा पसंद है। शहर के प्रदूषण और शोर-शराबा गौरैया को रास नहीं आता है। खेती-किसानी में रसायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरैया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। इस मौके पर प्रीति यादव, रुचि मौर्य, अर्पित यादव, दिनेश कुमार, जितेंद्र, राम तीर्थ आदि मौजूद रहे।

## मेडिकल स्टोर की आड़ में कथित डॉक्टर बच्चों का कर रहा इलाज

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग 15 मील चौराहे पर एक कथित डॉक्टर मेडिकल स्टोर की आड़ में बच्चों और नवजात शिशुओं का बेखौफ होकर इलाज कर रहा है। इस मामले की शिकायत ड्रग विभाग और स्वास्थ्य विभाग में किये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। रामपुर बुजुर्ग निवासी सत्यप्रकाश गिरी ने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि रामपुर बुजुर्ग 15 मील चौराहे पर एक कथित डॉक्टर डेढ़ दशक से छोटे बच्चों और नवजात शिशुओं का इलाज करता चला आ रहा है। उक्त डॉक्टर जिस मकान में अपना प्रैक्टिस करता है उसमें एक मेडिकल स्टोर भी खोल रखा है। उस मेडिकल स्टोर का लाइसेंस जिस महिला के नाम पर है वह चंडीगढ़ में एक फार्मा कम्पनी में नौकरी करती है। जबकि नियमानुसार मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट का उपस्थित रहना जरूरी है। इसी मेडिकल स्टोर की आड़ में उक्त कथित डॉक्टर मरीजों का इलाज करता है।और उसी मेडिकल स्टोर से दवा आदि देता है। पूर्व में हुई शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्कालीन एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जांच किया और उक्त कथित डॉक्टर का क्लिनिक सील कर दिया था। लेकिन मेडिकल स्टोर के लाइसेंस को देख कर चार माह बाद सील को इस चेतावनी के साथ खोल दिया गया कि भविष्य में दुबारा प्रैक्टिस करते पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस चेतावनी के बाद भी उक्त कथित डॉक्टर मरीजों का इलाज कर रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व की शिकायतों पर कोई कार्रवाई न होने पर एक बार फिर स्वास्थ्य विभाग और ड्रग विभाग से शिकायत करते हुए कहा गया है कि मेडिकल स्टोर को बिना फार्मासिस्ट संचालित किया जा रहा है ।और दवाओं का रख रखाव भी सही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग और ड्रग विभाग कार्यवाही करने के बजाय आपस मे खेल खेल रहा है।

# पिपराइच विस में हुआ भाजपा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन

- जिलाध्यक्ष व विधायक और पूर्व विधायक समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता हुए सम्मिलित



**चरगांवा, गोरखपुर।** पिपराइच विधान सभा क्षेत्र के गुरु गोरक्षनाथ धर्मशाला में भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक संत प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, पिपराइच विधायक महेन्द्र पाल सिंह समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। पूर्व विधायक संत प्रसाद ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कायम करती है। सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंच रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना से गरीबों को आसानी से घर मिल रहे हैं। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग को बिना किसी भेदभाव का मिल रहा है। विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा भाजपा केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है, यह एक विचारधारा है। राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की सोच से प्रेरित। हम सभी कार्यकर्ता, इस संगठन की रीढ़ हैं। हम वो दीपक हैं जो घर-घर में पार्टी की नीतियों और मूल्यों को रोशन करते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं का प्रचार करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता संतराज यादव, राधेश्याम, चंद्रभूषण मिश्रा, भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र सिंह ने संबोधित किया। इस अवसर पर रामानंद यादव, संघर्षमणी उपाध्याय, बिरेंद्र पाठक, पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष अनिल मद्धेशिया आदि मौजूद थे।

## एआई के प्रयोग से निरंतर उन्नत हो रहा कृषि क्षेत्र : चतुर्वेदी

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विवि गोरखपुर (एमजीयूजी) के अंतर्गत संचालित कृषि संकाय में शुक्रवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस या एआई) का परिचय एवं कृषि में इसके अनुप्रयोगविषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सहायक आचार्य सच्चिदानंद चतुर्वेदी ने कहा कि आज के दौर में एआई के प्रयोग से कृषि क्षेत्र निरंतर स्मार्ट उन्नत हो रहा है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि एआई के इस्तेमाल से सटीक खेती की जा रही है। सेंसर और ड्रोन का उपयोग करके मिट्टी की गुणवत्ता, नमी और पोषक तत्वों का विश्लेषण किया जाता है। इससे उर्वरक, पानी और बीजों का सही मात्रा में उपयोग संभव हो पाता है। फसलों में लगने वाले रोगों और कीटों का शुरूआती चरण में पता लगाकर समय रहते उनका उपचार किया जा सकता है।

## कलश यात्रा से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**पिपरौली,गोरखपुर।** क्षेत्र के कालेसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। ढोल-नगाड़े व गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में भारी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। बनारस के महान संत पं. नितीश तिवारी जी महाराज के नेतृत्व में कालेसर गांव के कथा आयोजन स्थल से निकल कर कथा श्रोता सुमित्रा सिंह और ओम प्रकाश सिंह ( वकील सिंह ) और अन्य श्रद्धालुओं द्वारा मोक्ष धाम पर पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया ।संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में प. नितीश तिवारी व्यास पीठ पर विराजित होकर भक्तों को कथा का श्रवण कराएंगे ।19 अप्रैल को भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा ।7 दिन चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में रोजाना हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे । आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में संत पं. नितीश तिवारी जी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया ।

संक्षेप

## भण्डारा आज

**प्रतापगढ़।** जंगली बीर बाबा धाम में आज शनिवार को सत्संग एवं भण्डारे का आयोजन दिन में ढ़ाई बजे से किया गया है। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार सिंह ने दी है।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में जहरीला पदार्थ खाने से युवती की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे जगन्नाथ देवरी गांव निवासिनी अठारह वर्षीया सोनल सरोज पुत्री नोखे लाल सरोज ने घर में शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। अचानक युवती की तबीयत बिगडने पर परिवार के लोग उसे इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले आये। हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन जिला अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि इसी बीच युवती की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। घटना के समय उसके पिता मजदूरी करने गये थे और मां गौरीगंज किसी काम से गयी थी। एसओ राधेबाबू का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने एक वारंटी को पकड़ा

**बलरामपुर।** थाना प्रभारी महराजगंज तराई के कुशल नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम जुर्म जरायम को रोकने हेतु उ0नि0 दिग्विजय यादव मय हमराह द्वारा मामला संख्या एम155/24 ग्राम न्यायालय तुलसीपुर से संबंधित वारण्टी शकील अहमद पुत्र शाकिर उर्फ बुड्डुर निवासी नेवाजपुर थाना महराजगंज तराई जनपद बलरामपुर को वारण्टी के घर से गिरफ्तार किया ग ?ा। अभियुक्त उपरोक्त को वास्ते रिमांड ग्राम न्यायालय तुलसीपुर रवाना किया गया।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर चुनाव समिति ने किया मंथन

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर शुक्रवार को हुई यहां चुनाव समिति की बैठक में सदस्यता के पुनरीक्षण को लेकर मंथन हुआ। इसमें वर्तमान सदस्यता सूची के साथ नये आवेदनों की अर्हता पर गाइडलाइन तय की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र ने कहा कि तहसील एवं दीवानी में सप्ताह में नियमित उपस्थिति के आधार पर मतदाता सूची पारदर्शिता के साथ तैयार की जाये। बैठक में समिति के आधा दर्जन सदस्यों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए अधिकृत करते हुए आगामी बैठक में आख्या दिये जाने पर सहमति बनी। वही चुनाव समिति ने सभी संभावित उम्मीदवारो से नाम निर्वाचन प्रक्रिया के तहत जारी आचार संहिता को प्रभावी बनाए रखने में सहयोग की भी अपेक्षा की गयी। संचालन महामंत्री विकास मिश्र ने किया। समिति के प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि आगामी सोलह अप्रैल को अंतरिम सूची के प्रकाशन के बाद दो दिनों तक इस पर आपत्तियां स्वीकार की जायेगी। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, संरक्षक वीरेन्द्र सिंह, रामलगन यादव, अजय शुक्ल गुडडू, शिवाकांत उपाध्याय, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, राजेन्द्र विश्वकर्मा, रमेश पाण्डेय, कमलेश तिवारी, घनश्याम सरोज, करूणाशंकर मिश्र, इरफान अली मौजूद रहे।

# विनय शंकर की गिरफ्तारी पर सपाइयों ने किया धरना-प्रदर्शन



**सिद्धार्थनगर।** सपा कार्यकर्ताओं ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व महासचिव राम गोपाल यादव समेत सांसद रामलाल सुमन पर करणी सेना द्वारा की लगातार अभद्र टिप्पणी व संगठन के राष्ट्रीय सचिव विनय शंकर तिवारी की ईडी द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव के अगुवाई में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकारों के खिलाफ जमकर नारे-बाजे भी हुई। कार्यक्रम में राज्यपाल के नाम संबोधित सात सूत्रीय मांगों के समाधान का ज्ञापन भी एसडीएमकल्याण सिंह मौर्या को सौंपा।

सपाइ दोपहर 12 बजे पार्टी कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के इसारे पर बिना नोटिस के ईडी द्वारा गिरफ्तारी की गयी है। सरकार में बैठे लोग पीडीए के बढ़ते जनाधार को देखकर घबरा गये है। इसी कारण वह सपा के बड़े नेताओं को गलत तरीके से गिरफ्तार कराकर बदनाम करने पर तुले है। इससे सपाई कार्यकर्ता अब डरेंगे नहीं। सपा का दूसरा नाम संघर्ष है। उन्होंने कहा कि जनता ध्यान महंगाई एवं भ्रष्टाचार से हटाने के लिए कभी हिंदू मुस्लिम करती है तो कभी सपा समेत अन्य विपक्षी दलों के नेताओं के घर ईडी एवं सीबीआई भेज देती है। करणी सेना के लोग सरेशाम सीएम के सह पर असलहा लेकर सांसद रामलाल सुमन के घर पर हमला बोले दिए इसे रोक पाने पुलिस नाकाम रही है। उल्टे उनके ऊपर कार्रवाई न कराकर सपा के राष्ट्रीय नेताओं करणी सेना के लोगों से अभद्र टिप्पणी दिला रहे है। बांसी में एक निजी विद्यालय को शिक्षा माफिया के इसारे पर बंद करा दिया गया है। इसके साथ ही विद्युत उपभोक्ताओं फर्जी बिल भेजकर परेशान किया जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान प्रदेश सचिव अजय चौधरी, बेचई यादव व राम मलिन भारती, मोनू दूबे, मो. जमील सिद्दीकी, इंद्रासना त्रिपाठी, मो. इद्रीश उर्फ पटवारी राइनी, कमरुज्मा खान, राम सेवक लोधी, प्रदीप पथर कट्ट, जोखन चौधरी, हरि नारायण यादव, विजय चौधरी, मुरली मिश्र, अजय यादव, अनीता द्विवेदी, सुनीता गोस्वामी, रिंधू पासवान, खुर्शीद अहमद, सागर पाठक, रामू यादव, चंद्रभान पहलवान, अभिषेक त्रिपाठी, चंद्रहास यादव, विजय चौधरी, शकील शाह, हारुन, विष्णु उमर आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सपा के पिछड़ा वर्ग के प्रांतीय नेता शैलेंद्र शर्मा ने सीएम का पुतला भी फूका।

## डीएम ने गेहूं क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** डीएम डॉक्टर राजा गणपति आर. ने पीसीएफ के गेहूं क्रय केंद्र वी पैक्स जोगिया का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण डीएम ने किसान संपर्क रजिस्टर को देखा। किसान संपर्क रजिस्टर में अंकित किसानों के मोबाइल नंबर पर फोन कर गेहूं खरीद के बारे में जानकारी प्राप्त किया। किसान संपर्क रजिस्टर में किसानों का मोबाइल नंबर गलत अंकित होने, किसानों से संपर्क न किए जाने की जानकारी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। डीएम ने सचिव व क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि गांव में जाकर किसानों से संपर्क कर गेहूं खरीद में प्रगति लाने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि 600 मी टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है 1000 मी टन गेहूं की खरीदारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी, ए आर कोऑपरेटिव, एडीओ कोऑपरेटिव को तीन-तीन गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोरखनाथ त्रिपाठी, ए आर कोऑपरेटिव, एडीओ कोऑपरेटिव, सचिव एवं क्रय केंद्र प्रभारी शिव कुमार उपस्थित रहे।

## नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षकों ने विद्यालयों से किया संपर्क

**बांसी, सिद्धार्थनगर।** तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज बांसी के शिक्षकों ने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने के लिए समीप के विद्यालयों से संपर्क एवं समन्वय स्थापित किया। विशेष नामांकन अभियान एवं स्कूल चलों अभियान कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए विद्यालय स्तर पर नामित नोडल अधिकारी कमलेश कुमार एवं सह नोडल अधिकारी अमित कुमार श्रीवास्तव द्वारा तिलक इंटर कॉलेज बांसी से पांच किलोमीटर परिधि में विभिन्न विद्यालयों पर भिन्न-भिन्न तिथियां में छात्र-छात्राओं का नामांकन बढ़ाने हेतु वहां के प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र, अभिभावक तथा छात्र-छात्राओं से संपर्क स्थापित कर यथोचित सहयोग की अपेक्षा की गई, जिसके अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गोहर, कंपोजिट विद्यालय भरमा, प्राथमिक विद्यालय भरथुवां, उच्च प्राथमिक विद्यालय उपरौटा, प्राथमिक विद्यालय बभनी, कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय अशोक नगर, बांसी पर संपर्क स्थापित किया गया जहां पर प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक तथा अभिभावकों ने इस महत्वपूर्ण योजना की अत्यंत प्रशंसा की साथ ही साथ अपना भरपूर सहयोग देने का संकल्प लिया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की तीन दिन की कार्रवाई, 15 नमूने भेजे प्रयोगशाला

**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय मथुरा के आदेश के अनुपालन में सततनिगरानी अभियान के अंतर्गत तीन दिन मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेत ु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान पाल सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के सचल दल द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे एवं नेशनल हाईवे-2 पर स्थित होटल एवं ढाबों से क्रमशः पैकेज ड्रिंकिंग वाटर, लाल मिर्च, दाल मखनी, पनीर, कड़ाही पनीर, गुलाब जामुन, अरहर दाल, व्हाइट बटर, काबोर्नेटेड वाटर, ( माउंटेन ड्यू, स्टिंग, मेरंडा ब्रांड ) के 4 नमूने तथा गोवर्धन तहसील से फ्रूट ड्रिंक (माजा ब्रांड), फ्लेवर्ड लस्सी, के नमूने संग्रहित किये गये। खाद्य सचल दल में राम नरेश, अरूण कुमार राणा, रीना शर्मा, भरत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, मोहर सिंह कुशवाह, जितेन्द्र सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवम् खाद्य सहायक तारा चंद धारिया मौजूद रहे। उक्त सभी पंद्रह नमूने विश्लेषण हेतु राजकीय प्रयोगशाला प्रेषित किए जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## पास्को से संबंधित अभियुक्त को पथरा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा कोर्ट, जेल

**सिद्धार्थनगर।** पथरा बाजार थानाध्यक्ष प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती के नेतृत्व में पुलिस द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। डॉ. अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में भाग्यवती पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक पथरा बाजार मय टीम ने आज 11. अप्रैल को मु.अ.सं.16/2025 धारा 137(2)/87/64 इठर व 5/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर, विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा। प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर। राजेंद्र प्रसाद थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर। रितेश सिंह थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर। अमरेंद्र यादव थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थन गिरगिरफ्तार करने में शामिल रहे।

# मिशन शक्ति विशेष अभियान ने पकड़ी रफ्तार



जिला संवाददाता (vol)

- **कम्युनिटी पुलिसिंग और महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरुक**
- **समस्त महिला बीट अधिकारी ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का कर रहे निस्तारण**

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार जनपद में बालिकाओं छात्राओंमहिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला बीट अधिकारियों व नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो गॉवों भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर बालिकाओं महिलाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर-वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे ओ. पी. टु. शेयरिंग, लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि की जानकारी दी गयी, और साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनाऑपरेशन रक्षा ऑपरेशन बचपन, ऑपरेशन नशा मुक्ति, ऑपरेशन खोज आदि की भी जानकारी दी गई तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में कानूनी प्राविधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

# एसपी ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा समित के साथ की बैठक



जिला संवाददाता (vol)

- **थाना हर्रैय्या व थाना पुलिस टीम द्वारा जनपद में शांति सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिगत इंडो नेपाल बॉर्डर के गांव में किया गया पैदल गस्त**

**बलरामपुर।** थाना हर्रैय्या पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन कवच के अन्तर्गत इण्डो- नेपाल बार्डर से सटे हुए थाना हर्रैय्या क्षेत्रांतर्गत ग्राम सहिजनवा के ग्राम सुरक्षा समिति के लोगों, ग्राम प्रधान, सेवानिवृत सरकारी कर्मचारियों, कोटेदार, रोजगार सेवक आदि की उपस्थिति में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्र में अपराधिक एवं अवैध गतिविधियों व संदिग्ध व्यक्तियों की रोकथाम हेतु बैठक की गई।

इस बैठक में ग्राम सुरक्षा समिति, संम्भ्रान्त व्यक्तियों को नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु सीमा से सटे गाँवों में मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें हेतु अपील की गई, जिससे पुलिस द्वारा तत्काल इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके।

तत्पश्चात पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से बॉर्डर से सटे गांव में फुट पेट्रोलिंग कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में मथुरा के कांग्रेसी हुए शामिल

**मथुरा।** गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती तट पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में मथुरा के कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतत्व में भाग लिया।

गुजरात के अहमदाबाद में साबरमती तट पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय अधिवेशन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में हुए अधिवेशन में मथुरा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में भी मथुरा के कांग्रेस जनों ने भाग गया जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर में बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और सरदार पटेल की भूमि पर कांग्रेस का अधिवेशन इतिहास रचने जा रहा है। यह ये अधिवेशन कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार करेगा व हमें जनता के अधिकारों के लिए और मजबूती के साथ लड़ने के लिए प्रेरित करेगा। न्यायपथः संकल्प, समर्पण, संघर्ष कांग्रेस बापू के आदर्शों और सरदार पटेल के दृढ निश्चय को साथ लिए हम अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहे हैं एवं महानगर कांग्रेस कमेटी मथुरा के पूर्व अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि अहमदाबाद की ऐतिहासिक धरती पर आयोजित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है यह अधिवेशन न केवल एक महत्वपूर्ण आयोजन था, बल्कि यह संविधान, न्याय और जनहित के लिए संघर्ष को मजबूत बनाने का एक अवसर के साथ मेरे लिए अनुभव में बढ़ोतरी का माध्यम भी रहा हम महात्मा गांधी और सरदार पटेल की प्रेरणा से प्रेरित होकर न्याय पथ पर चलने के लिए प्रतिबद्ध थे, हैं और हमेशा रहेंगे।

## संदिग्ध दशा में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में फांसी के फन्दे से विवाहिता का शव लटकता मिला। मौत की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। विवाहिता की मौत को लेकर उसकी मां ने तहरीर देकर पति पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के कल्यानपुर कला दीवानगंज में शुक्रवार को दोपहर घर के अंदर सत्ताईस वर्षीया रिंकी वर्मा पत्नी इन्द्रजीत वर्मा का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। विवाहिता की मौत को लेकर उसकी मां कमला वर्मा पत्नी रामकृपाल वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरा न करने पर पति ने उसकी बेटी को फांसी के फंदे से लटका कर मौत के घाट उतार दिया। मृतका की मां के अनुसार तीन वर्ष पूर्व नौबस्ता निवासी इंद्रजीत वर्मा पुत्र मोती लाल वर्मा के साथ उसने अपनी बेटी का धूमधाम से विवाह किया था। दहेज की मांग को लेकर पति समेत ससुरालीजन उसे प्रताड़ित व मारने पीटने लगे। एक वर्ष से बेटी यहां मायके में रह रही थी। आरोप है कि शुक्रवार को घर के लोग खेत में काम करने गये थे। इसी बीच विवाहिता का पति इंद्रजीत यहां पहुंचा और गालीगलौज करने लगा। इसके बाद उसने फांसी के फंदे से विवाहिता को लटकाकर उसकी हत्या कर दी। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



- **मृतका की मां की तहरीर पर पति के खिलाफ केस दर्ज**

## 6 आरोपियों के खिलाफ बलवा व तोड़फोड़ का केस

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ जमीनी विवाद को लेकर गालीगलौज तथा तोडफोड व बलवा तथा जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मधुकरपुर निवासी राजनाथ शर्मा पुत्र रघुनंदन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ अप्रैल को जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों ने गालीगलौज की। मना करने पर विपक्षी गांव के ही धर्मराज उर्फ नन्हें व चंद्रभान तथा तीर्थराज पुत्रगण कृष्णपाल, गुडडी देवी पत्नी धर्मराज, राजकुमार, चंद्रभान की पत्नी मंशा देवी ने लोहे की राड व लाठी डंडे से लैस होकर जानलेवा धमकी देते हुए उसकी चहरदीवारी तोड दी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी धर्मराज समेत आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मा. विद्यालयों में विशेष नामांकन अभियान की बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

**बलरामपुर।** जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग में विशेष नामांकन अभियान की समीक्षा बैठक डीएम श्री पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डीएम द्वारा नए सत्र में तहसीलवार सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों से कक्षा 8 पास छात्रों का कक्षा 9 में नामांकन कराए जाने की समीक्षा की गई। कक्षा 8 से पास छात्रों की माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन की कम संख्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए, नामांकन में तेजी लाते हुए सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों से कक्षा 8 पास सभी छात्रों का कक्षा - 09 में नामांकन सुनिश्चित किए जाने का निर्देश जाए दिया। उन्होंने कहा कि माध्यमिक विद्यालयों में नामांकन से समय लगने वाली फीस एक साथ न लेकर त्रैमासिक या मासिक रूप से लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि कक्षा 08 से कक्षा 09 में नामांकन पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हो, सभी कक्षा 08 पास छात्रों का कक्षा 09 में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ल, प्रिंसिपल चंदन पांडे व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## अवैध वाहन व नशे में ड्राइविंग पर कसा शिकंजा

**श्रावस्ती।** परिवहन आयुक्त उप्र के आदेशानुसार तथा एसपी घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में एएसपी प्रवीण कुमार यादव एवं क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध एवं अपंजीकृत ई-रिक्शा के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत प्रभारी यातायात श्री मो. शमीम के नेतृत्व में यातायात टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग की गई और अवैध रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई। वहीं 10 अप्रैल 2025 को नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। इस दौरान जनपद के कई क्षेत्रों में विशेष चेकिंग की गई और मादक पदार्थों के सेवन कर वाहन चला रहे चालकों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत गुलरा स्थित जामा मस्जिद से जुमा की नमाज पढ़कर लौट रहे नमाजियों एवं अन्य आमजन को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराया गया।

## डीएम सख्त, एक हफ्ते में समाधान के आदेश



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में आमजन की समस्याएं सुनीं। नियमित रूप से आयोजित हो रहे इस जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने कार्यालय में रहकर स्वयं जनसुनवाई करें तथा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्री द्विवेदी ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित व संतोषजनक समाधान हो, और इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न



**श्रावस्ती (कटरा)।** इकौना स्थित गायत्री शक्ति पीठ में मां गायत्री की भव्य मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत रूप से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर महिलाओं ने भजन ₹आओ मोरी मैया घर हमारे पधारो₹ प्रस्तुत कर भक्तिपूर्ण वातावरण बनाया। कार्यक्रम में आचार्य सरोज पांडे ने कहा कि मिशन की सफलता श्रम और समय के योगदान से ही संभव है। उन्होंने कहा, हम सम्मान पसीने को देना चाहते हैं, न कि पैसे को। विचारों का परिष्कार ही हमारी सच्ची सफलता है। कार्यक्रम में सत्यवर्धन गोयल, सुरेश सोनी, मनु कसौधन, उमानाथ सोनी, राधेश्याम कसौधन, शिव कुमार कसौधन, पंडित सुरेश तिवारी, अरविंद कुमार तिवारी समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करती है श्रीमद्भागवत कथा

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के सगरा सुन्दरपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को कथाव्यास श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य सर्वेशमणि त्रिपाठी ने कहा कि भागवत कथा दैविक पुण्य लाभ प्रदान करती है। उन्होने कहा कि यह कथा हर मनुष्य को निष्काम भक्ति भाव से जोडती है। कथा प्रसंग में कथाव्यास ने बताया कि कलियुग में श्रीमदभागवत कथा का श्रवण करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। सच्चे मन से भगवान वासुदेव की भक्ति करने से भगवत कृपा अवश्य प्राप्त हुआ करती है। कथा के दौरान राधेकृष्ण संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। मुख्य आयोजक ब्रहमाकांत द्विवेदी महंत व गीता देवी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजन अधिवक्ता शिवम द्विवेदी ने किया। इस मौके पर श्रीकांत द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, देवी प्रसाद मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, संध्या तिवारी, हरीश कुमार तिवारी, स्नेहा पाण्डेय, विपिन पाण्डेय, प्रेमा देवी, पप्पू दुबे, संतोष दुबे, सुरेश मिश्र आदि मौजूद रहे।



# एसपी की अध्यक्षता में अपराध गोष्ठी संपन्न



**सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डाक्टर अभिषेक महाजन की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन कर सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण एवं शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

एसपी सिद्धार्थनगर डाक्टर अभिषेक महाजन ने 11. अप्रैल को पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में अपराध गोष्ठी किया गया। अपराध गोष्ठी की शुरूआत सैनिक सम्मलेन से हुआ। सर्वप्रथम पूर्व सैनिक सम्मलेन में उठे समस्याओं के समाधान के बारे में प्रतिसार निरीक्षक ने बताया तथा सम्मलेन में उपस्थित समस्त थानों से आये थानाध्यक्ष व कर्मचारीगण की समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को एसपी नेआदेशित किया तत्पश्चात महोदय द्वारा आगामी त्यौहार अम्बेडकर जयन्ती के दृष्टिगत कृत कार्यवाही की समीक्षा तथा शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, आपरेशन त्रिनेत्र के तहत स्थापित सीसीटीवी कैमरो की क्रियाशीलता, डिजिटल वॉरियर बनाये जाने की कार्यवाही की समीक्षा, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, आपरेशन कन्विक्शन के तहत चिह्नित अभियोगों की समीक्षा, सम्पत्ति व महिला उत्पीड़न सम्बन्धित पंजीकृत अभियोगों में कृत कार्यवाही, गुमशुदा/लापता व बरामदगी हेतु शेष बच्चो की बरामदगी के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही तथा लम्बित मुकदमों में एकत्रित साक्ष्य एवं गुण-दोष के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्यवाही किये जाने व गैगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही तथा बीपीओ द्वारा अंकित कराये गये बीट सूचना की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा कक्षकर,उउळठर के सम्बन्ध में मुख्यालय द्वारा जारी रैकिंग की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा आईजीआरएस प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आदि बिन्दुओ की समीक्षा कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी अग्नि शमन, अभियोजन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक प्रज्ञान शाखा, निरीक्षक रेडियो शाखा, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, आशुलिपिक पुलिस अधीक्षक, वाचक पुलिस अधीक्षक, प्रभारी यू0पी0-112, समस्त शाखा प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

संक्षेप

## क्लासमेट ऑल राउंडर के तीसरे संस्करण का समापन

नई दिल्ली। आईटीसी क्लासमेट ने नई दिल्ली में भव्य राष्ट्रव्यापी फाइनल के साथ अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम क्लासमेट ऑल राउंडर (सीएआर) के तीसरे संस्करण का समापन किया है। फाइनल में देशभर के 60 प्रतिभाशाली छात्रों ने हिस्सा लिया। एसेसमेंट के दो राउंड के बाद फाइनल के लिए इन छात्रों को चुना गया था। फाइनल में पहुंचे इन छात्रों ने प्रतिष्ठित ऑल राउंडर टाइटल के लिए प्रतिस्पर्धा की। फाइनल में चार-चार छात्रों की दो टीमें विजयी रहीं। एक विजेता टीम जूनियर कैटेगरी (कक्षा 6 से 8) और दूसरी सीनियर कैटेगरी (कक्षा 9 से 12) से थी। प्रत्येक विजेता छात्रों को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और क्लासमेट ऑल राउंडर 2024 ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। सभी छात्रों को अपने अंदर के ऑल राउंडर की पहचान में मदद करने और उनकी क्षमता को बाहर निकालने के दृष्टिकोण के साथ क्लासमेट ने एक इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी के तौर पर क्लासमेट ऑल राउंडर की संकल्पना की है।

## विक्रेता शिक्षा अभियान शुरू

नई दिल्ली। भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से इंडिया एसएमई फोरम (आईएसएफ) ने अमेजन इंडिया के साथ साझेदारी में एक व्यापक विक्रेता शिक्षा अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत आईएसएफ के सदस्यों को बीआईएस से सम्बंधित अनुपालन पर जागरूक किया जाएगा। हाल में आई खबरों से पता चला है कि विक्रेताओं के बीच बीआईएस मानकों की शिक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी लेते हुए और भारत में विक्रेताओं को अनिवार्य मानकों तथा अनुपालनों पर शिक्षित करने के एक प्रयास में इंडिया एसएमई फोरम का बी2सी डिविजन- फोरम फॉर इंटरनेट रिटेलर्स, सेलर्स एण्ड ट्रेडर्स (फर्स्ट), अमेजन इंडिया के साथ मिलकर एक अभियान शुरू कर रहा है। इससे एमएसएमई का क्षमता निर्माण होगा। इसमें कार्यशालाओं, कार्यक्षेत्रवार वेबिनारों, शैक्षणिक फिल्मों और शॉर्ट वीडियोज की एक श्रृंखला के साथ-साथ व्यावहारिक विषय-वस्तु एवं एक हेल्पलाइन के माध्यम से प्रत्यक्ष सहयोग शामिल होगा। कार्यक्षेत्रों के आधार पर वेबिनार की श्रृंखला एंटरप्राइज मैटर्स के तहत होगी।

## एनर्जी-एफिशियंट सीलिंग फैन्स को मिला बढ़ावा

नईदिल्ली। एनर्जी-एफिशियंट सीलिंग फैन के विशाल स्तर पर उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अलायंस फॉर एन एनर्जी एफिशियंट इकॉनॉमी और सीएलएसपी के कार्यक्रम में खरीददारों और सीलिंग फैन निमार्ताओं को सीधे खरीददारों ने सीधे सीलिंग फैन निमार्ताओं से बात कर इन फैन्स की विशेषताओं, मूल्य, फाईनेंसिंग के विकल्पों और विभिन्न फाईव स्टार मॉडलों की सर्विस के बारे में भी जाना। आमने-सामने हुई बातचीत से परफॉर्मेंस के बारे में विवरण और क्वालिटी की साझा प्रतिबद्धता के साथ उनके बीच विश्वास स्थापित हुआ। पारंपरिक सीलिंग फैन 75-80 वॉट बिजली की खपत करते हैं, जबकि आधुनिक फाईव-स्टार रेटिंग वाले मॉडल केवल 28 से 32 वॉट बिजली की खपत करते हैं।

## जुजुत्सु कैसेन अब सोनी ये! पर

नई दिल्ली। जुजुत्सु कैसेन अब आधिकारिक रूप से सोनी ये! पर आ चुका है और ये एक्शन प्रेमियों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है। मिलिए यूजी इतादोरी से झ एक ऐसा हाई स्कूल स्टूडेंट जो अभिशप्त उंगली खा लेता है (हाँ, आपने सही पढ़ा!) और अचानक एक शक्तिशाली शाप का वाहक बन जाता है। इसके बाद शुरू होता है ताबड़तोड़ एक्शन, जबरदस्त ताकतें और जादू-टोने की दुनिया। चाहे आप गोजो-सेंसई की स्टाइल के फैन हों, नोबारा के एटिट्यूड के दीवाने, या फिर बस जबरदस्त लड़ाइयाँ देखने आए हों इस शो में सबकुछ है! तो देखिए जुजुत्सु कैसेन अब हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगाली और मराठी में सिर्फ सोनी ये! पर।

## सिम्बायोसिस प्रवेश परीक्षा के लिए 12 तक होगा पंजीकरण

बंगलुरू। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (मानित विश्वविद्यालय) के अंतर्गत एक प्रतिष्ठित संस्थान, सिम्बायोसिस सेंटर फॉर मैनेजमेंट स्टडीज, पुणे, भावी छात्रों को याद दिलाता है कि इसके प्रतिष्ठित बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) कार्यक्रम के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि समीप है। उम्मीदवारों को सिम्बायोसिस प्रवेश परीक्षा के लिए 12 अप्रैल तक पंजीकरण करना होगा। हर साल, हम हजारों छात्रों को इस गतिशील और दूरदर्शी माहौल का हिस्सा बनने की इच्छा रखते हुए देखते हैं। पंजीकरण के लिए बस कुछ ही दिन बचे हैं।

# सेंसेक्स में 1310 अंकों की उछाल



मुंबई। भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाए उच्च सीमा शुल्क को तीन महीनों के लिए टालने के अमेरिकी सरकार के फैसले से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में जबर्दस्त तेजी रही। सेंसेक्स 1310 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 429 अंकों की छलांग लगाई। शेयर बाजार में शुक्रवार को आई जोरदार तेजी से निवेशकों की संपत्ति 7.85 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। भारतीय बाजार में तेजी इस लिहाज से खास रही कि इसने दुनिया भर के बाजारों में व्याप्त गिरावट के रुख के उलट तेजी का रुझान दिखाया। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध गहराने से वैश्विक बाजारों में नकारात्मक धारणा हावी रही।

स्थानीय स्तर पर जबर्दस्त लिवाली होने से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1310.11 अंक यानी 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,620.18 अंक बढ़कर 75,467.33 तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 429.40 अंक यानी 1.92 प्रतिशत बढ़कर 22,828.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 524.75 अंक बढ़कर 22,923.90 पर पहुंच गया था। घरेलू बाजार में आई तेजी के बीच सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे। टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.91 प्रतिशत की तेजी रही जबकि एचडीएफसी बैंक 2.33 प्रतिशत बढ़त पर रहा। पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी पोर्ट्स में भी तेजी देखी गई। जवाबी शुल्कों पर अप्रत्याशित रोक लगा दिए जाने से बाजार को राहत मिली है। हालांकि टीसीएस के तिमाही नतीजे बाजार की उम्मीदों से कम रहे, लेकिन ऑर्डर बुक बढ़ने से चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में स्थिति सुधरने की उम्मीद है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस की तरफ से जारी आदेशों के मुताबिक, अमेरिका ने इस साल नौ जुलाई तक 90 दिनों के लिए भारत पर लगे अतिरिक्त शुल्क को निलंबित करने की घोषणा की है। इसके पहले दो अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को माल निर्यात करने वाले लगभग 60 देशों पर शुल्क और भारत जैसे देशों पर अलग से शुल्क लगाया था। चौतरफा खरीदारी के दौर में बीएसई स्मालकैप सूचकांक ने 3.04 प्रतिशत का उछाल देखा जबकि मिडकैप सूचकांक में 1.84 प्रतिशत की तेजी रही। सभी क्षेत्रवार सूचकांक भी बढ़त के साथ बंद हुए। जिंस खंड में सर्वाधिक 3.40 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि टिकाऊउपभोक्ता खंड 2.92 प्रतिशत और बिजली खंड 2.64 प्रतिशत चढ़ा।

# विदेशी मुद्रा भंडार 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 10.87 अरब डॉलर बढ़कर 676.27 अरब डॉलर हो गया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 6.59 अरब डॉलर बढ़कर 665.39 अरब डॉलर हो गया था। यह लगातार पांचवां सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ोतरी हुई है। हाल ही में पुनर्मूल्यांकन और रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप के कारण इसमें गिरावट आई थी। सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.89 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, चार अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.1 अरब डॉलर बढ़कर 574.09 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 15.7 लाख डॉलर बढ़कर 79.36 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 18.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.36 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 4.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.46 अरब डॉलर हो गया।

## रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 61 पैसे उछलकर 86.07 पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 61 पैसे उछलकर 86.07 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर में तेज गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में उछाल के कारण रुपये में मजबूती आई।

रुपये में तेजी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नौ जुलाई तक भारत पर 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क को निलंबित करने के अगले दिन आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 46 पैसे उछलकर 86.22 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 85.95 के उच्च स्तर पर पहुंचा और अंत में 86.07 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 61 पैसे की उछाल है। रुपया बुधवार को 42 पैसे टूटकर 86.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। महावीर जयंती के कारण बृहस्पतिवार को शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार बंद रहे। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.33 पर आ गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 63.38 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में, बीएसई का 30-शेयरों वाला सेंसक्स 1310.11 अंक की मजबूती के साथ 75,157.26 पर जबकि एनएसई निफ्टी 429.40 अंक चढ़कर 22,828.55 पर बंद हुआ।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14 फीसद घटा



नयी दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश मार्च में 14 प्रतिशत घटकर 25,082 करोड़ रुपये रह गया। बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच निवेश में गिरावट आई है।

इक्विटी फंड में लगातार तीसरे महीने निवेश में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, लगातार 49वें महीने म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध प्रवाह सकारात्मक बना रहा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी एमएफ में मार्च में 25,082 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो फरवरी में 29,303 करोड़ रुपये, जनवरी में 39,688 करोड़ रुपये और दिसंबर में 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है। इक्विटी फंड श्रेणियों में, फ्लेक्सी कैप फंड में मार्च में सबसे अधिक 5,165 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। हालांकि, सेक्टोरल/थीमैटिक फंड में भारी गिरावट के साथ निवेश 735 करोड़ रुपये रहा। फरवरी में इसमें 5,711 करोड़ रुपये का मजबूत निवेश हुआ था। वहीं मिड-कैप और स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड ने मार्च में क्रमशः 3,439 करोड़ रुपये और 4,092 करोड़ रुपये के प्रवाह के साथ महत्वपूर्ण निवेशक रुचि आकर्षित करना जारी रखा। दूसरी ओर, गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में फरवरी में निवेशकों द्वारा।,980 करोड़ रुपये का निवेश किए जाने के बाद मार्च में 77 करोड़ रुपये की निकासी हुई। इसके अलावा, डेट फंडों ने फरवरी में 6,525 करोड़ रुपये की तुलना में मार्च में 2.02 लाख करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की। कुल मिलाकर, म्यूचुअल फंड में समीक्षाधीन महीने में 1.64 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि फरवरी में 40,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। निकासी के बावजूद म्यूचुअल फंड कंपनियों के प्रबंधन के तहत कुल परिसंपत्तियां मार्च के अंत में मामूली बढ़त के साथ 65.7 लाख करोड़ रुपये की हो गईं, जो फरवरी में 64.53 लाख करोड़ रुपये थीं।

## औद्योगिक उत्पादन सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर

नयी दिल्ली। देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस साल फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी।

शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण सुस्त पड़ी है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। इससे पहले, पिछला निचला स्तर पिछले साल अगस्त में रहा था। उस समय वृद्धि दर शून्य प्रतिशत पर स्थिर रही थी। ...पिछले साल फरवरी 29 दिन का होने से तुलनात्मक आधार कमजोर रहा और आईआईपी की सालाना वृद्धि इस साल फरवरी में घटकर 2.9 प्रतिशत रही...गिरावट चौतरफा रही। उपयोग आधारित वस्तुओं समेत बिजली को छोड़कर दो क्षेत्रों में वृद्धि दर धीमी हुई है। इसके कारण इस साल फरवरी में सालाना आधार पर वृद्धि कम हुई है। खनन का वृद्धि प्रदर्शन फरवरी, 2025 की तुलना में मार्च, 2025 में बिगड़ने की आशंका है।

## विकसित भारत 140 करोड़ भारतीयों का साझा कर्तव्य

नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का दृष्टिकोण, सिर्फ प्रधानमंत्री का सपना नहीं है, यह 140 करोड़ भारतीयों का साझा कर्तव्य है।

श्रम मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के दूसरे स्नातक समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने इस बदलाव में डॉक्टरों की केंद्रीय भूमिका का जिक्र किया और कहा कि हर परामर्श और बचाया गया हर जीवन राष्ट्रीय उत्पादकता और प्रगति में योगदान देता है। शुक्रवार को कुल 447 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की। मांडविया ने नए डॉक्टरों से ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में सेवा करने, जमीनी हकीकत को समझने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि स्वास्थ्य सेवा सुलभ, सस्ती और नैतिक बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि एक स्वस्थ नागरिक एक स्वस्थ समाज और इस प्रकार एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव है। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि डॉक्टर फिट इंडिया आंदोलन के पथप्रदर्शक हैं, जो लोगों में स्वास्थ्य, निवारक देखभाल और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## सैमसंग का ग्लासेस-फ्री 3डी और 4के 240एचजेड ओएलईडी ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स के 2025 लाइन-अप की उपलब्धता की घोषणा की। इसमें क्रांतिकारी ग्लासेस-फ्री ओडिसी 3डी, उद्योग का पहला 4के 240एचजेड ओडिसी ओएलईडी जी8, और बेहद शानदार कर्व्ड ओडिसी जी9 शामिल हैं। ये मॉनिटर गेमिंग को मजेदार और शानदार बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, साथ ही ये गेमर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को पूरा करते हैं जो बेहतरीन विजुअल क्वॉलिटी चाहते हैं।

## सैमसंग ने मारी बड़ी छलांग

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने एयर कंडीशनर की बिक्री में इंडस्ट्री को पीछे छोड़ दिया है। कंपनी ने आज बताया कि जनवरी से मार्च के बीच इसके एयर कंडीशनर की बिक्री में 2 गुना वृद्धि हुई, जो उद्योग की 20-25% की वृद्धि से अधिक है। इस बढ़ोतरी से सैमसंग को भारत में कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में 10% बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिली है एसी व्यवसाय तेजी से बढ़ रहा है। मार्च तिमाही में हमारी वृद्धि 2 गुना हुई।

## मिवि ने पेश किया इंसानों जैसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

नई दिल्ली। मिवि ने आज घोषणा की कि उन्होंने दुनिया का पहला इंसान जैसा व्यवहार करने वाला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिवि एआई तैयार किया है। इस खोज का उद्देश्य इंसान और एआई के बीच के संबंधों में क्रांति लाना है। कंपनी ने अपने स्वतंत्र रिसर्च एंड डेवलपमेंट की मदद से सफलतापूर्वक इंसान जैसा व्यवहार करने वाले एआई को विकसित किया है। यह एआई लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में तकनीक को और भी बेहतर तरीके से शामिल करेगा। यह अधिक उपयोगी एवं यूजर के अनुरूप अनुभव को पेश कर उत्पादकता बढ़ायेगा, साथ ही इंसानों के जीवनस्तर को बेहतर बनाएगा। मिवि एआई के साथ, हम सिर्फ.एक प्रोडक्ट लॉन्च नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम इंसान और एआई के बीच होने वाली बातचीत के एक नए दौर को परिभाषित कर रहे हैं।

## ऑस्ट्रिया के वित्त मंत्री का सीतारमण से सहयोग मजबूत करने का आह्वान

लंदन। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑस्ट्रिया के वित्त मंत्री के साथ मुलाकात में निवेश और सहयोग के अवसरों पर चर्चा की जबकि ऑस्ट्रिया ने नए अमेरिकी शुल्क से उपजे तनाव का हवाला देते हुए साझेदार देशों के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करने का आग्रह किया।

ऑस्ट्रियाई संघीय वित्त मंत्रालय ने राजधानी वियना में वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर और सचिव बारबरा ईबिंगर-मिडल के साथ बृहस्पतिवार को हुई सीतारमण की बैठकों पर जारी बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, मार्टरबाउर ने सीतारमण से कहा, अमेरिका की शुल्क और व्यापार नीतियां यूरोपीय और ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव डाल रही हैं। इससे सभी साझेदार देशों के साथ आर्थिक सहयोग को मजबूत करना और नवाचार-संचालित सहयोग को बढ़ावा देना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने भारत को जी20 समूह के देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि इसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अनुमानित वृद्धि दर छह प्रतिशत से अधिक है। यदि व्यापार निष्पक्ष और टिकाऊपरिस्थितियों में होता है, तो दोनों साझेदारों को लाभ होगा। बयान में कहा गया है कि भारत और ऑस्ट्रिया में स्टार्टअप कंपनियों के बीच खासकर वित्त-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश और सहयोग के अवसर सीतारमण की वियना यात्रा के दौरान चर्चा के मुख्य क्षेत्रों में से थे। सीतारमण ने इलेक्ट्रिक परिवहन और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष के जरिये दोनों देशों की स्टार्टअप कंपनियों के बीच खासकर वित्त प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश एवं व्यापार सहयोग के अवसरों के बारे में बताया। ऑस्ट्रिया के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख पहलुओं, प्रमुख सुधारों और नीतिगत उपायों के बारे में जानकारी दी। भारत जैसी अर्थव्यवस्था के साथ सहयोग और व्यापार संबंध हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सीतारमण के साथ आदान-प्रदान ऑस्ट्रिया और भारत के बीच गहन सहयोग की व्यापक क्षमता को रेखांकित करता है।

पेज एक का शेष

### पिछले 10

विकास। अपने निर्वाचन क्षेत्र में हुए विकास के बारे विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि पहले पूर्वांचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव था, लेकिन आज काशी स्वास्थ्य की राजधानी बन रही है।

उन्होंने कहा 10-11 साल पहले, पूरे पूर्वांचल में इलाज को लेकर जो परेशानियां थीं, वे भी हम सब जानते हैं। आज स्थितियां बिल्कुल अलग हैं। मेरी काशी अब आरोग्य की राजधानी भी बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, दिल्ली-मुंबई के बड़े-बड़े अस्पताल आज आपके घर के पास आ गए हैं। यही तो विकास है, जहां सुविधाएं लोगों के पास आती हैं। उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में हमने सिर्फ अस्पतालों की गिनती नहीं बढ़ाई बल्कि हमने मरीज की गरिमा भी सुनिश्चित की है। उन्होंने सभा में मौजूद जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, जब आपने हमें तीसरी बार आशीर्वाद दिया, तब हमने भी सेवक के रूप में स्नेह स्वरूप अपने कर्तव्य को निभाया है। मेरी गारंटी थी कि बुजुर्गों का इलाज मुफ्त होगा। इसी का परिणाम है आयुष्मान वय वंदना योजना। यह योजना बुजुर्गों के इलाज और उनके सम्मान के लिए है।

मोदी ने कहा कि वाराणसी में करीब पचास हजार वय वंदना कार्ड यहां के बुजुर्गों तक पहुंच गये हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई आंकड़ा नहीं है, यह तो एक सेवक का नम्र प्रयास है। मोदी ने कहा कि अब इलाज के लिए जमीन बेचने की जरूरत नहीं, अब इलाज के लिए कर्ज लेने की मजबूरी नहीं, अब इलाज के लिए दर-दर भटकने की बेबसी नहीं। उन्होंने कहा आयुष्मान कार्ड से आपके इलाज का पैसा अब सरकार देगी। पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सेवा में की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इससे न केवल अस्पतालों की संख्या में वृद्धि हुई है, बल्कि रोगियों का उपचार भी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। मोदी ने आयुष्मान भारत योजना को गरीबों के लिए वरदान बताया, जो न केवल उपचार प्रदान करती है, बल्कि आत्मविश्वास भी जगाती है। उन्होंने कहा कि वाराणसी में हजारों और पूरे उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों को इस योजना से लाभ हुआ है और हर उपचार, ऑपरेशन तथा राहत उनके जीवन में एक नयी शुरुआत का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने कहा आयुष्मान भारत योजना ने उत्तर प्रदेश के लाखों परिवारों के करोड़ों रुपये बचाए हैं, क्योंकि सरकार ने उनके स्वास्थ्य सेवा की जिम्मेदारी ली है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क इलाज के अपने वादे के साथ आयुष्मान वय वंदना योजना की शुरुआत को लेकर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पहल 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक के लिए निशुल्क उपचार सुनिश्चित करती है। विकास में क्षेत्र के योगदान पर बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा आज काशी पूर्वांचल के विकास का रथ खींच रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है और काशी इसका बेहतरीन मॉडल बन रही है। प्रधानमंत्री ने कहा भारत की आत्मा इसकी विविधता में बसती है और काशी इसकी सबसे खूबसूरत तस्वीर है। यहां गंगा का प्रवाह है और भारत की चेतना का भी प्रवाह है।

### बदला काशी

ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं आई हैं।

उन्होंने कहा कि आज भी प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला के तहत निर्मित कमल छत्र भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय के साथ ही दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के उपरांत प्रधानमंत्री की यह पहली काशी यात्रा है। दिव्य और भव्य महाकुंभ के इस आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां स्थित बाबा विश्वनाथ के पावन धाम के दर्शन किये।

आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ की सफलता, उसकी भव्यता और उसकी दिव्यता प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एक नई ऊंचाई को छूती हुई दिखाई दी।

उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के बाद हर श्रद्धालु जिसने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई उसने अपने आप को अभिभूत होता हुआ पाया। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना की सफलता के कारण महाकुंभ भी आज सफल हुआ है। काशी और उत्तर प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास सार्थक साबित हुए हैं।

### 18 दिन की

आतंकवाद रोधी एजेंसी के मुख्यालय के अंदर उच्च सुरक्षा वाली एक कोठरी में रखा गया है, जहां चौबीसों घंटे सुरक्षाकर्मी उसकी सुरक्षा में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है और राणा को भोजन जैसी बुनियादी जरूरतें मुहैया कराई गई हैं। सूत्रों ने कहा कि जांच का नेतृत्व एनआईए की उपमहानिरीक्षक जया रॉय कर रही हैं, जो मुख्य जांच अधिकारी भी हैं। अदालत के आदेश के तुरंत बाद जांच एजेंसी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राणा 18 दिन तक एनआईए की हिरासत में रहेगा। इस दौरान एजेंसी उससे 2008 के भीषण हमलों के पीछे की पूरी साजिश का पता लगाने के लिए विस्तार से पूछताछ करेगी। हमलों में कुल 166 लोग मारे गए थे और 238 से अधिक घायल हुए थे। ऐसा माना जाता है कि पूछताछ का उद्देश्य हमलों की साजिश रचने वाले पाकिस्तान आधारित आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा के साथ राणा के संभावित संबंधों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करना है। सूत्रों ने बताया कि मुंबई आतंकवादी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ता डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाउद गिलानी (अमेरिकी नागरिक) के करीबी सहयोगी 64 वर्षीय पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी राणा से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के अधिकारियों के साथ उसके संदिग्ध संबंधों और हमले के पीछे उसकी वास्तविक भूमिका के बारे में भी पूछताछ की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि 26 नवंबर 2008 को देश की वित्तीय राजधानी में हुए भीषण आतंकी हमलों से पहले उत्तर और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में राणा की यात्राओं के बारे में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिलेंगे।

### किश्तवाड़ में

है। अधिकारियों ने बताया कि विशेष बलों ने ऊंचे बर्फीले और खतरनाक इलाकों से गुजरते हुए एक आतंकवादी का पता लगाया जबकि कुछ अब भी घूम रहे हैं। बुधवार को चतरू के नायदगाम इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त गोलीबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि मारा गया आतंकवादी पाकिस्तान के सैफुल्लाह मॉड्यूल का हिस्सा था, लेकिन इस जानकारी की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। यह वही मॉड्यूल है जिसने 15 जुलाई, 2024 को डोडा में सेना की एक टीम पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी और एक राइफलमैन की जान चली गई थी। सुरक्षा बलों ने डोडा जिले के भद्रवाह क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाकों में निगरानी तेज कर दी है, क्योंकि ऊंचे घास के मैदानों में बर्फ पिघल रही है। बर्फ पिघलने की वजह से गर्मी के महीनों में घुसपैठ के प्रयास बढ़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टरों और ड्रोन की मदद से सैनिक किश्तवाड़, उधमपुर और कठुआ जिलों को जोड़ने वाले ऊंचाई वाले इलाकों में उच्च स्तर की निगरानी कर रहे हैं।

### चीन का

होंगे। यह घोषणा चीनी आयात पर जवाबी शुल्क को 125 प्रतिशत तक बढ़ाने के अमेरिकी कदम के बाद की गई है। अमेरिका ने कहा कि चीनी उत्पादों पर कुल शुल्क 145 प्रतिशत हो गया है जिसमें इस साल जनवरी में ट्रंप सरकार आने के बाद घोषित 20 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। ट्रंप सरकार की तरफ से चीन पर भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने और अन्य देशों पर लगाए शुल्क को 90 दिनों के लिए टाल दिए जाने के बाद चीन इस व्यापार युद्ध में अलग-थलग पड़ता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने भी अमेरिकी आयात पर शुल्क को कई गुना बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। इसके अलावा चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान तंत्र के तहत अमेरिका के खिलाफ मुकदमा भी दायर किया है।

### नंदा राजजात

जुड़े हितधारकों के साथ बैठक कर उनके सुझाव को भी कार्ययोजना में शामिल करने की बात कही। जिससे बेहतर तरीके से यात्रा का संचालन हो। उन्होंने कहा कि यात्रा का मार्ग उच्च हिमालयी क्षेत्र और संवेदनशील है। यात्रा में बेहतर भीड़ प्रबंधन, पर्यावरण की दृष्टि से आपदा प्रबंधन, सिंगल यूज्ड प्लास्टिक पर प्रतिबंध के लिए एसओपी बनाई जाए। यात्रा मार्ग के साथ ही वैकल्पिक मार्गों का चिन्हीकरण और सुधार, आबादी वाले गांव में छोटी छोटी पार्किंग, पेयजल, शौचालय, इको टेंट कॉलोनी, गाड़-गदेरो का सौंदर्यीकरण, विद्युत आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यात्रा मार्ग में बेहतर नेटवर्क की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यात्रा मार्ग में अस्थाई और स्थायी कार्यों को चिन्हित करते हुए स्थाई संरचनाओं की एक माह के भीतर शासकीय स्वीकृति प्रदान कराते हुए कार्य शुरू कराने के भी निर्देश दिये। आपदा विभाग को भू स्खलन वाले क्षेत्रों के चिन्हीकरण के साथ ही आवश्यतानुसार मार्ग में पर्याप्त मात्रा में जेसीबी, पोकलैंड के साथ ही ऑपरेटर तैनात रखने के भी निर्देश दिए।

### छत्तीसगढ़ में

मिलेगी। विश्व के जो भी देश विकसित हुए हैं, उन्होंने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मेहनत की है, अनुसंधान किया है और ऐसा वातावरण बनाया है जिससे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में तेजी से प्रगति संभव हो पाई। अब 6जी और 7जी तकनीक भी आ रही है और मुझे खुशी है कि इनके लिए आवश्यक चिप हमारे देश में ही तैयार होंगी, और नवा रायपुर, अटल नगर में हमारे इंजीनियर इन्हें बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष दिसंबर में दिल्ली में आयोजित एक निवेशक संपर्क कार्यक्रम में राज्य के अधिकारियों की मुलाकात पोलीमैटेक के प्रबंधन से हुई थी और उसी समय कंपनी ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताई थी।

### डॉ. अखिलेश

और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने वाले बाबू बनारसी दास शैक्षिक संस्थानों के अध्यक्ष थे। वह मई 1993 से नवंबर 1996 तक लखनऊ के मेयर रहे और शहर के विकास में बड़े पैमाने पर योगदान दिया। उन्होंने नवंबर 1996 से नवंबर 2014 तक लगातार 6-6 साल की तीन बार सेवा करते हुए 18 साल तक 'संसद सदस्य' (राज्य सभा) के रूप में देश के सबसे प्रतिष्ठित पद पर रहे। उन्होंने यूपीए के दौरान डॉ. मनमोहन सिंह सरकार में जनवरी 2006 से मई 2008 तक इस्पात मंत्री का पद संभाला था।




संक्षेप

## मेरा लक्ष्य अधिक शांतचित्त और तनाव मुक्त रहना है

नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बावजूद पिछले साल हुए इन खेलों में भाग नहीं ले पाने वाले राइफल निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल मुश्किल परिस्थितियों में भी शांतचित्त और तनाव मुक्त रहने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। पाटिल पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने वाले देश के शुरुआती निशानेबाजों में शामिल थे लेकिन भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया। वह ओलंपिक क्वालीफिकेशन ट्रायल में सेना के निशानेबाज संदीप सिंह से हार गए जिन्होंने उनकी जगह पर पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। हाल ही में ब्यूनस आयर्स में सत्र के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में व्यक्तिगत स्वर्ण और आर्य बोरसे के साथ मिश्रित टीम में रजत पदक जीतने वाले इस युवा खिलाड़ी को इस झटके ने और अधिक दृढ़ बना दिया है और अब वह निशानेबाजी के उस पहलू पर काम कर रहे हैं, जिसे सभी जानते हैं लेकिन कुछ ही लोग इसे अक्षरशः लागू कर पाते हैं। पाटिल ने अर्जेंटीना की राजधानी से पीटीआई वीडियो से कहा, मेरा लक्ष्य किसी भी टूर्नामेंट से पहले और टूर्नामेंट के दौरान शांतचित्त और तनाव मुक्त रहना है ताकि मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता ला सकूं। मैं अभी इसी पर काम कर रहा हूं। यह पूर्व विश्व चैंपियन तकनीकी और मानसिक प्रशिक्षण में विश्वास रखता है और उनका मानना है कि इन दोनों पहलुओं में कितना भी कुछ करलो सुधार की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। पाटिल ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य प्रत्येक दिन सुधार करना होता है। प्रत्येक वर्ष खुद को साबित करने का बहुत अधिक दबाव होता है। आपको राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए प्रत्येक दो महीने में खुद को साबित करना होता है। इसके लिए हमें मानसिक और तकनीकी पहलुओं पर निरंतर काम करना होगा।

## कपिला-क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में हारी

निंगबो (चीन)। भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त तांग चुन मान और सी यिंग सुएत की जोड़ी से हार गई। कपिला और क्रास्टो टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय चुनौती बचे थे जिन्हें 20 . 22, 13 . 21 से पराजय का सामना करना पड़ा। इससे पहले पी वी सिंधु (महिला एकल), किरण जॉर्ज और प्रियांशु राजावत (पुरूष एकल) और हरिहरन अमसाकारूनन और रूबान कुमार (पुरूष युगल) प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए।

## अवनि संयुक्त 10वें और त्वेसा संयुक्त 32वें स्थान पर

केपटाउन। भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने यहां इनवेस्टेक एसए महिला ओपन के पहले दौर में बिना बोगी के चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि ने पार 72 कोर्स में फ्रंट नाइन और बैक नाइन दोनों में दो दो बर्डी लगाई जिससे वह शीर्ष पर चल रही फ्रांस की पेरिने डेलाकोर और जर्मनी की एलिने क्रायूटर से तीन शॉट से पीछे बनी हुई हैं। त्वेसा मलिक ने पहले तीन होल में तीन बर्डी लगाई लेकिन फिर डबल बोगी कर बैठीं। उन्होंने बैक नाइन में 15वें होल में एक और बर्डी से दो अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 32वें स्थान पर चल रही हैं। दीक्षा, प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक ने इवन पार 72 के कार्ड खेले जिससे तीनों संयुक्त 68वें स्थान पर बनी हुई हैं।

## पाक ने कॉर्बिन बॉश पर एक साल का प्रतिबंध लगाया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) से अनुबंध समाप्त करने के कारण एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बॉश को जनवरी के ड्राफ्ट में पाकिस्तान सुपर लीग की फेंचाइजी पेशावर जाल्मी ने अपनी टीम में चुना था। इसके बाद आईपीएल की फेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी लिज़ाद विलियम्स के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पर बॉश को अपनी टीम में शामिल कर दिया था।

# केकेआर ने सीएसके को आठ विकेट से हराया

### चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाजों ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में बनाये थे 20 ओवर में नौ विकेट पर 103 रन



चेन्नई। आज चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से हो रहा है। केकेआर और सीएसके को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था और दोनों टीमें जीत की पटरी पर लौटने उतरेंगी। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर सीएसके की कमान संभालते नजर आएंगे।

केकेआर ने सुनील नरेन के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर सीएसके को आठ विकेट से हराया। केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और नरेन की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सीएसके को 20 ओवर में नौ विकेट पर 103 रन पर रोक दिया। जवाब में नरेन ने बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया और 18 गेंदों पर दो चौके और पांच छक्कों की मदद से 44 रन बनाए जिसकी मदद से केकेआर ने 10.1 ओवर में दो विकेट पर 107 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। सीएसके के लिए अंशुल कंबोज और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केकेआर को क्विंटन डिकॉक और नरेन ने अच्छी शुरूआत दिलाई और दोनों बल्लेबाजों ने 25 गेंदों पर 46 रन जोड़े। हालांकि, कंबोज ने डिकॉक को बोल्ड कर केकेआर को पहला झटका दिया जो 16 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नरेन ने आक्रामक पारी खेली और देखते ही देखते केकेआर का स्कोर 85 रन पहुंच गया। नरेन अर्धशतक लगाने के करीब थे, लेकिन नूर की गेंद पर वह बोल्ड हो गए। केकेआर ने इसके बाद रिंकू सिंह को पवेलियन भेजा जिन्होंने कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की शानदार गेंदबाजी के सामने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में 20 ओवर में नौ विकेट पर 103 रन ही बना सके। यह सीएसके का अपने घरेलू मैदान चेपॉक पर सबसे कम स्कोर है। आईपीएल में भी यह सीएसके का तीसरा सबसे कम स्कोर है। यह इस चरण में अब तक किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर भी है। केकेआर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद उसके अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने 13 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को दो-दो विकेट मिले। सीएसके के लिए शुरू से ही कुछ भी सही नहीं रहा। पूरी पारी में सिर्फ आठ चौके और एक छक्का ही लग सका। शिवम दूबे ने 29 गेंद में नाबाद 31 रन बनकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि विजय शंकर ने 29 रन बनाए। इनके अलावा सीएसके के केवल दो अन्य बल्लेबाजों ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ चोट के कारण आईपीएल के बचे हुए मैचों से बाहर होने के बाद एमएस धोनी टीम की कमान संभाल रहे हैं।

## सफेद गेंद के प्रारूप के बादशाह साबित हो रहे हैं केएल राहुल



बेंगलुरू। एक समय टीम के लिये अपनी उपयोगिता साबित करने के लिये जूझ रहे केएल राहुल ने चैम्पियंस ट्रॉफी से लेकर आईपीएल तक जिस तरह अपनी तकदीर का पासा पलटा है , वह उनके जैसा तकनीकी कौशल का धनी बल्लेबाज ही कर सकता है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ आईपीएल मैच में चिन्नास्वामी की पेचीदा पिच पर 175 की स्ट्राइक रेट से 53 गेंद में नाबाद 93 रन बनाकर उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से जीत दिलाई। उनका अर्धशतक जोखिमरहित था जिसमें 29 गेंद में 29 रन बनाने के बाद बाकी 64 रन सिर्फ 24 गेंद में बनाये गए। यह कहना आसान है कि कर्नाटक का होने के कारण हालात से वाकफियत से उन्हें तेजी से रन बनाने में मदद मिली। हो सकता है कि ऐसा हुआ हो लेकिन सिर्फ यही कारण नहीं है। वह दिल्ली टीम की बल्लेबाजी की धुरी बने हैं तो अपने तकनीकी कौशल के दम पर। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक बार फिर साबित कर दिया कि टीम का उन पर भरोसा बेमानी नहीं है। जोश हेजलवुड को 15वें ओवर में तीन चौकों और एक छक्के समेत 22 रन लेकर उन्होंने मैच का पासा दिल्ली के पक्ष में पलट दिया। आरसीबी के मेंटोर दिनेश कार्तिक ने राहुल की पारी की तारीफ करते हुए कहा कि टी20 में अलग अलग क्रम पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है लेकिन उसने पिछले कुछ समय में ऐसा बखूबी किया है। मेरा मानना है कि वह उच्च स्तर का मध्यक्रम का बल्लेबाज है। उन्होंने कहा कि उसके पास कौशल हमेशा से था लेकिन अब वह और स्वतंत्रता से खेल रहा है। उसे देखकर अच्छा लग रहा है।

आरसीबी को उसके गढ में हराने के बाद जिस तरह मैदान पर सर्कल बनाकर बीच में उन्होंने अपना बल्ला ठोंककर जश्न मनाया , उससे साबित होता है कि सीमित ओवरों के प्रारूप में वह अपने हुनर का लोहा मनवाने में कामयाब रहे हैं।

## मांग के अनुकूल पिच नहीं मिली: कार्तिक



बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मेंटर (मार्गदर्शक) दिनेश कार्तिक ने स्वीकार किया कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं और उन्होंने कहा कि टीम प्रबंधन इस संदर्भ में जल्द ही क्यूरेटर के साथ बात करेगा।

आरसीबी के बल्लेबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर खेले दो मैच में पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसकी टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए। कार्तिक का मानना है कि उनकी टीम को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलना चाहिए था। यहां की पिच पर अमूमन बड़े स्कोर बनते रहे हैं। कार्तिक ने दिल्ली के खिलाफ मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, पहले दो मैच में हमने अच्छी पिच तैयार करने के लिए कहा था लेकिन हमें इस तरह की पिच मिली जिस पर बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। इसलिए हमने परिस्थितियों के अनुसार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन हमें उनसे (क्यूरेटर) बात करनी होगी। हमें पूरा भरोसा है कि वह अपना काम अच्छी तरह से करेंगे। उन्होंने कहा कि इसलिए निश्चित तौर पर यहां ऐसी पिच नहीं थी जिसे बल्लेबाजों को खास मदद मिल रही हो। यह चुनौतीपूर्ण पिच थी। अभी तक यहां खेले गए दोनों मैच में हमें एक जैसी पिच ही मिली है। कार्तिक ने कहा कि टी20 क्रिकेट में लंबे शॉट तथा चौके छक्के काफी मायने रखते हैं और सभी हितधारक ऐसा चाहते हैं। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट की प्रकृति ऐसी है कि इसमें जितने अधिक रन बनेंगे उतना प्रसारक को फायदा होगा और प्रशंसकों को भी खुशी होगी। वे सभी चौके छक्के देखना चाहते हैं। हम जो कर सकते हैं उसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि वे मैच में किसी विशेष पैटर्न का पालन करने की कोशिश नहीं करते हैं, लेकिन चिन्नास्वामी जैसी पिचों के कारण बल्लेबाजों के लिए स्ट्राइक रोटेट करना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, प्रत्येक पिच पर हम यह समझने की कोशिश करेंगे कि इस पर खेलने का सही तरीका क्या है। मुझे नहीं लगता है कि हमने इसके लिए कोई विशेष खाका तैयार किया है। पिच को समझना और उससे तालमेल बिठाना महत्वपूर्ण होता है।

## पूरन और सिराज में दिख सकता है दिलचस्प मुकाबला




लखनऊ। लखनऊ सुपर जॉइंट्स और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है।

लखनऊ की भीषण गर्मी में इन दोनों टीम के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। गुजरात टाइटंस ने लगातार चार मैच जीते हैं और वह नेट रन रेट बेहतर होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स से ऊपर पहले स्थान पर है। इन दोनों टीम के समान आठ अंक हैं। लखनऊ ने अभी तक तीन मैच में जीत हासिल की है और वह अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लखनऊ की टीम में पूरन ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक 288 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 225 है जो किसी भी विरोधी टीम के लिए चिंता का विषय हो सकता है। वेस्टइंडीज के इस बल्लेबाज ने अभी तक 25 चौके और 24 छक्के लगाए हैं। लेकिन गुजरात के खिलाफ मैच में उन्हें सिराज की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। इस तेज गेंदबाज ने पावर प्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनके नाम पर पांच मैच में 10 विकेट दर्ज हैं। उनका इकोनॉमी रेट भी 7.70 है। सिराज पर पावर प्ले में बड़े शॉट खेलना आसान नहीं होगा तथा सलामी बल्लेबाजों एडेन माक्रम और मिशेल मार्श को भी उन्हें खेलते समय सावधान रहना होगा। टाइटंस को व्यक्तिगत कारण से स्वदेश लौटने वाले तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की अभी तक कोई खास कमी नहीं खली है क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा ने सिराज का अच्छी तरह से साथ दिया है। बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर अपने शानदार प्रदर्शन से टीम के मुख्य स्पिनर राशिद खान पर भी हावी हो गए हैं। राशिद ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में अच्छी गेंदबाजी करके लय हासिल करने के संकेत दिए थे। अगर वह अपना यह प्रदर्शन जारी रखते हैं तो लखनऊ के बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल पैदा हो सकती है। दोनों टीमों के लिए अपने कप्तान की फॉर्म चिंता का विषय होगी। शुभमन गिल और ऋषभ पंत दोनों कुशल बल्लेबाज हैं लेकिन आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपनी छाप छोड़ने में अभी तक नाकाम रहे हैं। गिल ने आईपीएल के 2023 के सत्र में 890 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मौजूदा सत्र में वह अभी तक केवल 148 रन बना पाए हैं। बी साईं सुदर्शन (273) और जोस बटलर (203) ने अभी तक टाइटंस की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है।

## भारत ने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए बोली लगायी



नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने महाद्वीप के शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूर्नामेंट एएफसी एशियाई कप 2031 की मेजबानी के लिए दिलचस्पी का प्रस्ताव (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) पेश किया है।

सात देशों की फुटबॉल संस्थाओं ने एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) पेश किया था जिसमें एआईएफएफ भी शामिल है। ईओआई की समयसीमा 31 मार्च तक थी। एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायण ने पीटीआई से कहा, हां, हमने 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए ईओआई पेश किया है। देखते हैं क्या होता है। टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पाने के लिए भारत को ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे मजबूत फुटबॉल संस्थाओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। इंडोनेशिया और कुवैत ने भी ईओआई पेश किया है जबकि किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने संयुक्त बोली लगाई है। मेजबान देश का चयन 2026 में किया जाएगा जिसे टूर्नामेंट में स्वतः प्रवेश मिल जाएगा। यह प्रतियोगिता 1956 में शुरू हुई थी। भारत 1964 चरण में उपविजेता रहा था और इसके बाद 1984, 2011, 2019 और 2023 में ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। बोली लगाने वाले सात देशों में से ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण कोरिया और कुवैत पहले इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर चुके हैं। मलेशिया के कुआलालंपुर में एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष शेख सलमान ने 35वीं एएफसी कांग्रेस की पूर्व संध्या पर आधुनिक इतिहास में सबसे अधिक संख्या में ईओआई मिलने की सराहना की।

## पंजाब किंग्स के खिलाफ दमदार वापसी करना चाहेगा सनराइजर्स हैदराबाद



हैदराबाद। पहले मैच में धमाकेदार प्रदर्शन करने के बाद जीत हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दमदार वापसी करने के लिए बेताब होगी।

पिछले साल के उप विजेता सनराइजर्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले मैच में 286 रन बनाकर 44 रन से शानदार जीत हासिल की थी लेकिन इसके बाद उसके बल्लेबाज कुंद पड़ गए जिसका असर परिणाम पर भी साथ देखने को मिल रहा है। आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए मशहूर सनराइजर्स की टीम पिछले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उसने इन मैच में 163, 120 और 152 रन ही बनाए। बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उसे इन मैच में हार का सामना करना पड़ा। इससे उसका नेट रन रेट भी खराब हो गया। सनराइजर्स के पास ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन जैसे विस्फोटक बल्लेबाज हैं लेकिन पिछले कुछ मैच में अति आक्रामकता के कारण उन्हें अपने विकेट गंवाने पड़े। पिछले साल सनराइजर्स की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हेड और अभिषेक इस बार अभी तक टीम को अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए हैं। वर्तमान सत्र में इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 15 रन की है। हेड के प्रदर्शन में आश्चर्यजनक रूप से गिरावट आई है। वह अभी तक पांच पारियों में 67, 47, 22, 04 और 08 रन ही बना पाए हैं। अभिषेक की बल्लेबाजी में भी निरंतरता का अभाव है। मौजूदा सत्र में उनका सर्वोच्च स्कोर 24 रन है। किशन ने पहले मैच में नाबाद शतक लगाया था लेकिन इसके बाद वह अपने इस प्रदर्शन को जारी नहीं रख पाए। सनराइजर्स के मध्यक्रम के मुख्य बल्लेबाज क्लासेन भी अभी तक उम्मीद पर खरा नहीं उतरे हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि उनकी टीम अपने आक्रामक अंदाज को नहीं छोड़ेगी। मेरा मानना है कि हम जानते हैं कि हमने अपनी इस शैली के दम पर जीत हासिल की हैं लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा। हमें परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करना होगा जैसा कि हम अभी तक नहीं कर पाए हैं। सनराइजर्स के लिए बल्लेबाजी नहीं गेंदबाजी भी चिंता का विषय है। उसके गेंदबाजों ने अभी तक काफी रन लुटाए हैं। कप्तान पैट कमिंस, मोहम्मद शमी और हर्शल पटेल जैसे गेंदबाज अभी तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। उसके स्पिन गेंदबाजों को बीच के ओवरों में संघर्ष करना पड़ रहा है। इसके विपरीत पंजाब किंग्स ने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह भारतीय बल्लेबाज आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। उसको प्रियांश आर्य के रूप में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज मिला है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़ा था। पंजाब के गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल और मार्को यानसन ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

**टीम इस प्रकार हैं: सनराइजर्स हैदराबाद:** पैट कमिंस (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायदे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, हेनरिक क्लासेन, ट्रैविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंडु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, एडम ज़म्पा, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट और ईशान मलिंगा।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को यानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह। उमरजई

मैच शाम 7.30 बजे से शुरू होगा।

